रांची का तापमान
कांके: अधिक. 30.4° न्यून. 23.1°
रांची: अधिक. 31.0° न्यून. 24.0°
रांची, शुक्रवार
30 मई 2025
वर्ष-26, अंक-117, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 04, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 12

भारतीय सेना को नमन

## भारत की तरफ दूसरा देश अब आंख नहीं उठाएगा




रोहण देव पाठक
सिंगर एवं म्यूजिक कंपोजर, रांची

भारतीय सेना का पराक्रम अद्वितीय है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने जो पराक्रम दिखाया उसका पूरे विश्व में डंका बज रहा है। हमारी सेना सामने से पाकिस्तान के साथ लड़ रही थी, लेकिन पीछे से तीन देश उसके सपोर्ट में खड़े। उन देशों में चीन भी शामिल था। जिसे भारतीय सेना के पराक्रम के आगे झुकना पड़ा। हम ऐसे देश में है, जहां की जनता सेना के भरोसे पूरी तरह सुरक्षित है। अब हमारे देश की तरफ कोई दूसरा दूसरा देश आंख उठाकर देखने की कोशिश भी नहीं करेगा।

# केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए पत्नी संग निकले सीएम हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केदारनाथ दर्शन के लिए रांची एयरपोर्ट से गुरुवार को अपनी विधायक पत्नी कल्पना सोरेन के साथ रवाना हुए। मुख्यमंत्री रांची से दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं ,वहां से वह उत्तराखंड जाएंगे। मुख्यमंत्री को एक जून को रांची लौटने की संभावना है। मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर 30 मई को 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ होने वाली बैठक में हिस्सा लेंगे और झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि 2024 का विधानसभा चुनाव जीतने के बाद हेमंत सोरेन लगातार तीर्थ स्थलों का दौरा कर रहे हैं। पूजा-अर्चना कर रहे हैं। फरवरी में मुख्यमंत्री अपनी धर्म पत्नी कल्पना सोरेन के साथ कोलकाता स्थित शक्तिपीठ कालीघाट में मां काली के दर्शन किए। दोनों ने गर्भगृह में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की थी। शेष पेज 11 पर



एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद में देरी पर चिंता जताई

# कई बार अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय ही पता होता है कि ये समय पर नहीं आएंगे

ब्यूरो

नई दिल्ली। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में हो रही देरी पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कई बार अनुबंध पर हस्ताक्षर करते समय ही पता होता है कि ये समय पर कभी नहीं आएंगे। समय सीमा एक बड़ी समस्या है। उनकी जानकारी में एक भी ऐसी परियोजना नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कुछ हासिल नहीं किया जा सकता तो उसका वादा क्यों करना चाहिए। वायुसेना प्रमुख ने स्वदेशी परियोजनाओं में हो रही देरी के कई मामलों का हवाला दिया। एअर चीफ मार्सल अमनप्रीत सिंह ने रक्षा खरीद खासकर स्वदेशी



● एक भी ऐसी परियोजना नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो

प्रोजेक्ट्स में देर पर चिंता जताई। उन्होंने एलसीए(लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) तेजस एमके1ए का उदाहरण दिया। फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रुपये का समझौता हुआ था। इसके तहत 83 विमान मिलने थे, लेकिन अभी तक एक भी नहीं मिला है। शुरुआत में मार्च 2024 से डिलीवरी शुरू होनी थी। भारतीय वायुसेना प्रमुख के अनुसार, तेजस एमके1ए जैसे कई अहम प्रोजेक्ट्स में देरी हुई है। तीन साल पहले बड़ा समझौता होने के बाद भी विमान नहीं मिले हैं। उन्होंने कान्फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री के एक कार्यक्रम में गुरुवार यह बातें कहीं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वहां मौजूद थे।एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि तेजस एमके1ए की डिलीवरी में देरी हो रही है। तेजस एमके2 का प्रोटोटाइप अभी तक नहीं बना है।एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का प्रोटोटाइप भी अभी तक नहीं बना है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब आईएएफ़ सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता को बढ़ावा दे रहा है। शेष पेज 11 पर

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से वर्चुअल माध्यम से इरफान अंसारी ने की बैठक, कहा

# स्वास्थ्य के लिए राज्य को मिले पैकेज, पंचायतों में बनेगा सीएचसी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि राज्य की सामाजिक-आर्थिक परिस्थिति और आदिवासी बहुलता को देखते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए विशेष पैकेज दिया जाए। उन्होंने यह मांग केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में रखी। नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आरसीएच सभागार से इस बैठक में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अंसारी ने भाग लिया। उनके साथ अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक अबु इमरान, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ. चंद्र किशोर शाही एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में एमआर-1 टीका 8,41,319 बच्चों को और एमआर-2 टीका 7,83,165 बच्चों को दिया गया। इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। डॉ. अंसारी ने रांची में एम्स की स्थापना, पांच नए मेडिकल कॉलेज और एक मेडिकल सिटी की मांग दोहराते हुए कहा कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने राज्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "आप अच्छा कार्य कर रहे हैं, मैं आपकी सोच की सराहना करता हूं और हर संभव मदद करूंगा"। उन्होंने डॉ अंसारी को निर्देशित किया कि वे एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट के साथ दिल्ली आएं, जिससे झारखंड की आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की जा सके। डॉ. अंसारी ने जानकारी दी कि 1170 पंचायतों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है, और स्वास्थ्य विभाग तेजी से कार्य कर रहा है ताकि दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराई जा सकें। कोरोना के वर्तमान जेएन-1 वैरिएंट को लेकर भी राज्य सरकार अलर्ट मोड में है। शेष पेज 11 पर

**1170** पंचायतों में बनेगा सीएचसी, स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक ले जाने की तैयारी

» जेएन-1 कोरोना वैरिएंट पर सरकार अलर्ट, पीएसए प्लांट एक्टिव, जल्द होगी मॉक ड्रिल



### टीबी मुक्त भारत अभियान पर भी की गई विशेष चर्चा

टीबी मुक्त भारत अभियान, खसरा-रूबेला टीकाकरण, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन, 15वां वित्त आयोग अनुदान, और पीएसए प्लांट संचालन पर चर्चा की गई। डॉ. अंसारी ने बताया कि झारखंड में टीबी मरीजों को अब "निक्षय आहार योजना" के तहत 500 रुपये के स्थान पर 1000 रुपये प्रति माह पोषण सहायता दी जा रही है। अब तक 12 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से मरीजों को हस्तांतरित किए जा चुके हैं। राज्य में अब तक 226 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है। साथ ही 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को राज्य में गंभीरता से चलाया जा रहा है। खसरा एवं रुबेला की रोकथाम के लिए वर्ष 2023 में 9 उच्च जोखिम जिलों – साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, धनबाद, देवघर, गिरिडीह, कोडरमा और दुमका में 45 लाख बच्चों का टीकाकरण किया गया।

एक नजर

## आरसीबी आईपीएल के फाइनल में पहुंचा

अहमदाबाद । 2016 के बाद आखिरकार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल फाइनल में जगह बनाने में सफल हो ही गई। आरसीबी 2017 से लेकर 2024 तक चार बार प्लेऑफ में पहुंची थी लेकिन आगे जा नहीं पाई थी लेकिन इस बाद मुल्लांपुर के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालिफायर 1 को जीतते ही उन्होंने यह रिकॉर्ड बना दिया। रोचक मुकाबले में पहले खेलते हुए पंजाब टीम सिर्फ 101 रन ही बना पाई थी।

## झारखंड में आज और कल भारी बारिश

रांची। झारखंड राज्य में 30 और 31 मई को भारी बारिश और वज्रपात होने की आशंका मौसम विभाग ने जताई है। येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा है कि कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश होने के कारण खास कर निचले इलाके में रहनेवाले लोग सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर के कारण झारखंड के कई इलाकों में गुरुवार की दोपहर बारिश हुई।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

# धोखाधड़ी व मारपीट के आरोपी बिल्डर को पुलिस ने भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता



पिठौरिया। कांके थाना कांड संख्या 212/2022 के आरोपी बिल्डर सतीश कुमार उर्फ सचिन को गुरुवार को गिरफ्तार कर होटवार जेल भेज दिया गया। उसपर कांके सेमरटोली में श्री इनक्लेव अपार्टमेंट के निर्माण में धोखाधड़ी और गड़बड़ी करने तथा जमीन मालिक राम मनोहर मिश्र के साथ मारपीट, गाली गलौज तथा पैसा छिन लेने के आरोप में केस दर्ज था।

बिल्डर सतीश कुमार उर्फ सचिन पर बिना प्रोजेक्ट को रियल स्टेट रेगुलेटरी ऑथारिटी (रेरा) में निबंधित कराए हुए ही फ्लैट का एग्रीमेंट तथा बिक्री करने का आरोप भी था। उसने अपार्टमेंट में आज तक जेनरेटर, इलेक्ट्रिकल पैनल, फायर फाइटिंग सिस्टम, तड़ित चालक आदि भी नहीं लगाया है। राम मनोहर मिश्र के फ्लैट के कार्य को भी आधा- अधूरा छोड़ कर भाग गया। बिल्डर सतीश कुमार ने आरआरडीए से न तो नक्शे को रिवैलीडेट कराया न ही वहां से ऑक्युपेंसी सर्टिफिकेट ही लिया है। बिना इसके ही फ्लैटों की बिक्री भी जालसाजी करके कर दी है। आरआरडीए के अभियंता जांच दल ने और कई गड़बड़ियां भी पकड़ी थीं। बिल्डर सतीश कुमार कथित रूप से अपनी पहुंच और पकड़ से रेरा में भी केस को प्रभावित कर रहा था। उसने जमीन मालिक राम मनोहर मिश्र के फ्लैट को हैंडओवर भी नहीं किया है शेष पेज 11 पर

# ट्रंप को झटका, 'लिबरेशन डे' टैरिफ पर अमेरिकी कोर्ट ने लगाई रोक

वासिंगटन एजेंसी



अमेरिका की एक संघीय व्यापार अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आयातित वस्तुओं पर नए टैरिफ लगाने से रोक दिया है और कहा है कि उन्होंने कानून द्वारा उन्हें दी गई शक्तियों का अतिक्रमण किया है। मामला 2 अप्रैल को ट्रम्प द्वारा घोषित टैरिफ के बारे में था। इन टैरिफ में ज्यादातर आयातों पर 10% कर जोड़ा जाता, साथ ही चीन और यूरोपीय संघ से आने वाले सामानों पर और भी ज्यादा कर लगाया जाता। उन्होंने इस योजना को लिबरेशन डे बताया था। हालांकि बाद में उन्होंने अन्य देशों के साथ सौदे करने की कोशिश करते हुए शेष पेज 11 पर

# बारात की खुशियां मातम में बदली सड़क हादसे में 4 की मौत, कई घायल

● डीजे वाहन से टकराकर पलटी बारातियों की गाड़ी, मचा कोहराम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्रहकुरवा गांव में बुधवार रात करीब 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। बारातियों को ले जा रही सवारी गाड़ी और डीजे वाहन के बीच हुई जोरदार टक्कर में सवारी वाहन पलट गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग घायल हो गए। दो लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि दो अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह बारात मनातू प्रखंड के रंगेया पंचायत स्थित चुनका-पसिया गांव से सतबरवा प्रखंड के बोहिता गांव जा रही थी। रास्ते में ब्रहकुरवा गांव के पास सामने से आ रहे डीजे वाहन ने बारातियों की सवारी गाड़ी को टक्कर मार दी। शेष पेज 11 पर

## पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में 31 मई को होगी मॉक ड्रिल

नई दिल्ली। पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अब 31 मई को ऑपरेशन शील्ड के तहत मॉक ड्रिल होगी। पहले इसे मॉक ड्रिल के लिए 29 मई की तारीख तय थी, लेकिन प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित करना पड़ा। अब मॉक ड्रिल 31 मई को आयोजित होगी। मॉक ड्रिल के तहत पाकिस्तान की सीमा से सटे चार राज्यों में भारतीय सेना मॉक ड्रिल करेगी। मॉक ड्रिल का मकसद दुश्मनों के हमले से नागरिकों को बचाव का गुर सिखाना है।

# आईएएस विनय चौबे सहित चार अधिकारी सस्पेंड

● एसीबी ने रिमांड पर लेकर शुरू की पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार ने शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए सीनियर आईएएस विनय चौबे सहित चार अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया है। इन अफसरों में उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, झारखंड राज्य बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची के महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास और पूर्व महाप्रबंधक सुधीर कुमार शामिल हैं। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। शराब घोटाले की जांच कर रही राज्य सरकार की एजेंसी एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 20 मई और अन्य दो अधिकारियों को 21 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था।इन सभी का निलंबन जेल जाने की तिथि से ही प्रभावी होगा। इस बीच एसीबी ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को सुबह 10 बजे से दो दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने दोनों से पिछले तीन वर्षों में उनके एवं उनके परिजनों के नाम पर अर्जित संपत्ति, निवेश और उनके स्रोतों के बारे में सवाल किए हैं। उनसे वर्ष 2022 में राज्य में नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद थोक कारोबार का टेंडर लाने वाले सिंडिकेट में शामिल लोगों से रिश्तों के बारे में भी जानकारी मांगी गई।



शराब घोटाला

एसीबी ने अब तक की जांच में पाया है कि इन अधिकारियों की साजिश की वजह से राज्य सरकार को 38 करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। शेष पेज 11 पर

इंडिया

# ये लड़ाई है देशभक्ति भरे सिंदूर और जातीय आरक्षण से लाभ उठाने की

आलोचना करना हमारे स्वभाव में है पर जब से सोशल मीडिया का प्रचालन बढ़ा है तब से हम अधिक मुखर हुए हैं। कुछ मामलों में आलोचना सार्थक भी होती है पर आजकल चलन राजनीतिक विद्वेष के लिए चरित्र हनन से लेकर झूठे मामलों पर भी आलोचना की जा रही और पैसे देकर इन्हें वायरल भी कराया जाता है जिससे ऐसा लगे जैसे जनता नाराज है । अभी बिहार सहित कुछ राज्यों में चुनाव हैं तो ऐसे मामले उछाले जा रहे हैं । हम सबसे अधिक आलोचना खराब व्यवस्था की करते हैं पर जब कोई सफल लेखक, पत्रकार, अधिकारी या जज राजनीति में आकर उसे सुधारना चाहता है तो उसकी भी नीयत पर सवाल उठाए जाते हैं । भारत में सबसे अधिक आलोचना नेताओं की होती है और दूसरी ओर सत्ता का आकर्षण भी सबसे बड़ा होता है जिसे हर कोई प्राप्त करना चाहता है । हजारों साल की गुलामी के बाद मिली आजादी के बाद सबसे बड़ा संकट नेतृत्व का था क्योंकि गलत आदमी के हाथों सत्ता जाने पर उसके दूरगामी प्रभाव पड़ते हैं । अनेक मामलों में विभिन्न राज्यों के साथ झारखंड भी अपेक्षित विकास नहीं कर पाया जिसका दोष नेतृत्व पर ही थोपा जाता है । राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियां जब तक सत्ता से दूर रहती हैं तब तक जमीनी स्तर के नेताओं को अवसर देने की बात करती है और सत्ता में आने पर समर्पित कार्यकर्ताओं के बजाय उन पर टिकट बेचने के आरोप लगने लगते हैं । आजकल चलन में है कि अपने काले धंधे को कवर करने या नेतागीरी की आड़ में करोड़ों कमाने के लिए अनेक लोग राजनीति में आना चाहते हैं और उनका समाज सेवा से दूर का भी रिश्ता नहीं होता । जबकि विभिन्न पार्टियों की विचारधारा से प्रभावित हजारों समर्पित कार्यकर्ता किनारे कर दिए जाते हैं । जैसे जैसे लोगों में राजनीतिक चेतना और परिपक्वता विकसित हो रही है टिकट खरीदवाले या समाज सेवा का ढोंग करने वाले आपराधिक प्रवृति के कथित नेताओं को पब्लिक ने नकारना शुरू कर दिया है । पिछली लोकसभा में अपेक्षित सफलता से दूर भाजपा भी इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में जिस तरह महीनों पहले से सक्रिय है उससे लग रहा है कि इस बार टिकट वितरण में सावधानी बरतेगी । अन्य पार्टियां भी चुनाव जिताने वाले उम्मीदवारों की तलाश में धन के साथ जन से मजबूत लोगों को प्रश्रय देगी । फैसला तो जनता के हाथों में है पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में परिवारवाद व जातिवाद को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा था कि राजनीति में ऐसे नए लोगों को अवसर मिलना चाहिए जिनके परिवारों का पहले से कोई राजनीतिक बैकग्राउंड न हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दलों को परिवारवाद से बचाने के लिए एक लाख ऐसे युवाओं को आगे लाने की बात की।उन्होंने कहा कि ये एक लाख युवा ऐसे परिवारों से आएं जिनका राजनीति से कोई संबंध न रहा हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे एक लाख लोग, फ्रेश ब्लड चाहे ग्राम पंचायत में आएं, नगर पालिका में आएं, जिला परिषदों में आएं, चाहे विधानसभाओं में आएं या लोकसभा में आएं। इससे पहले उनके परिवार का कोई राजनीतिक इतिहास न हो, ऐसे फ्रेश लोग राजनीति में आएं।प्रधानमंत्री अभी ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा देश में कर रहे हैं तो कुछ विपक्षी पार्टियां जो पहलगाम में नृशंस हत्याकांड को ही फर्जी बताकर शुरू से आलोचना कर रही थी इसका राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगा रही है । सवाल यह उठता है कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री यदि अपने नेतृत्व में कराए किसी कार्य या ऑपरेशन का श्रेय ले रहे हैं तो तो इसमें नया क्या है ? क्या सभी नेता ऐसा नहीं करते रहे हैं ? कोई जातीय जनगणना कराने के निर्णय को अपनी उपलब्धि बता रहा है तो कोई आरक्षण या मुफ्त बिजली या अन्य सुविधाओं का श्रेय लेकर जीत रहा है तो उसमें पाकिस्तान में घुसकर तीन बार उसकी दुर्गति करने का श्रेय लेने का प्रधानमंत्री का दावा उस हिसाब से सही लगता है पर उनका दो दिनों में चार राज्यों का दौरा और विकास योजनाओं की सौगात का क्या असर पड़ेगा यह समय बताएगा । वैसे तो प्रचार के सहारे सभी पार्टियों को मजबूती मिलती है पर दिल्ली में हारी और पंजाब में जीती आम आदमी पार्टी का सभी टीवी चैनलों पर धुंवाधार प्रचार लोगों के बीच सबसे चर्चित रहा है जिस पर कम और पीएम मोदी पर सबसे ज्यादा फोकस विपक्ष का रहता है । आपसी नोंक-झोंक से अलग अगले कुछ महीनों में तय हो जाएगा कि पब्लिक किसके दावे को सही मानती रही और किसे झूठ।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



भाजपा कार्यालय में पार्टी नेताओं के साथ की बैठक

# प्रधानमंत्री ने पटना में किया रोड शो, हुआ जोरदार स्वागत



● पटना हवाईअड्डे पर नवनिर्मित टर्मिनल का किया उद्घाटन

पटना । एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के लिए सशस्त्र बलों के सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार की अपनी पहली यात्रा के दौरान गुरुवार को पटना में मेगा रोड शो किया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद गुरुवार को श्री मोदी ने बिहार की अपनी पहली यात्रा के दौरान पटना हवाईअड्डे पर नवनिर्मित टर्मिनल का उद्घाटन किया और बिहटा हवाईअड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास भी किया। शेष पेज 11 पर

# नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए प्रभावी टास्क फोर्स का गठन करें: राज्यपाल

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की अध्यक्षता में गुरुवार को राज भवन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के अनिल कोठारी सहित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के अन्य अधिकारी एवं राज्य के सभी सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहली बार एक ऐसी शिक्षा नीति बनाई गई है, जो भारत की प्रकृति, संस्कृति, भाषाई विविधता और विकास यात्रा को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। यह नीति केवल शिक्षा सुधार का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि भारत को 'ज्ञान की महाशक्ति' बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। यह नीति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'शिक्षा से विकास और कौशल से आत्मनिर्भरता' के विज़न को मूर्त रूप देती है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य की उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हूं। यदि सभी कुलपति साथ दें, विश्वास है कि झारखंड उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक अनुकरणीय राज्य बन सकता है। वे उच्च शिक्षा में सुधार के लिए हर समय उपलब्ध हैं। अब समय है कि हम समस्याओं पर नहीं, समाधानों पर चर्चा करें और ठोस कदम उठाएं।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों से कहा कि वे नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए प्रभावी टास्क फोर्स का गठन करें, नियमित समीक्षा बैठकें और नीति के विभिन्न पहलुओं पर कार्यशालाओं का आयोजन करें। साथ ही विद्यार्थियों को नीति के लाभों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान, व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति छात्रों को रटंत प्रणाली से बाहर निकालते हुए नवाचार, कौशल और व्यावहारिक ज्ञान की ओर अग्रसर करती है।

राज्यपाल ने कहा कि प्राचीन भारत कभी संपूर्ण विश्व के लिए शिक्षा का प्रमुख केन्द्र हुआ करता था। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला जैसे प्राचीन भारत के विश्वस्तरीय संस्थानों ने शिक्षण एवं शोध के उच्च प्रतिमान स्थापित किए। भारतीय विद्वानों ने गणित, खगोल, धातु, चिकित्सा और योग जैसे क्षेत्रों में संसार को अनुपम योगदान दिया है। भारतीय ज्ञान परंपरा ने सदियों से न केवल भारत, बल्कि सम्पूर्ण विश्व को प्रोत्साहित किया है। झारखंड को एजूकेशन हब के रूप में विकसित करने का आह्वान करते हुये उन्होंने कहा कि राज्य में एक ऐसी शैक्षणिक संस्कृति विकसित की जानी चाहिए, जहां देशभर के विद्यार्थी अध्ययन के लिए आकर्षित हों। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय आपस में संवाद बनाएं, ताकि जहां किसी संस्थान में नीति के बेहतर क्रियान्वयन के उदाहरण हैं, उन्हें अन्य संस्थानों में भी लागू किया जा सके। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए विस्तृत नहीं, प्रभावी टास्क फोर्स के गठन के लिए कहा। उन्होंने सभी विश्वविद्यालयों से दीक्षांत समारोह में पूर्ववर्ती औपनिवेशिक परिधान के स्थान पर भारतीय परिधान को अपनाने की भी अपील की। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अनिल कोठारी ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए क्रियान्वयन समिति (टास्क फोर्स) का पुनर्गठन करें, महाविद्यालयों के कुछ प्राचार्य को भी इसमें रखें तथा विद्यार्थियों का भी टास्क फोर्स हो। क्योंकि यह नीति अंततः विद्यार्थियों के हित में है। उन्होंने यह भी कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के हर प्रावधान से सभी शिक्षकों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भलीभांति अवगत होना चाहिए, तभी उसका वास्तविक लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचेगा।

## न्यूज बॉक्स

### प्रवीण पुष्कर ने ग्रामीण एसपी के रूप में संभाला कार्यभार



**रांची।** आईपीएस अधिकारी प्रवीण पुष्कर ने रांची के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के रूप में गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और पुलिसिंग को अधिक संवेदनशील बनाना होगा।

### वित्त आयोग की बैठक में आजसू से देवशरण भगत व प्रवीण भाग लेंगे

**रांची।** 16 वें वित्त आयोग की कल राजनीतिक दलों के साथ बैठक होने वाली है, जिसमें आजसू पार्टी की ओर से मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत तथा वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर बैठक में भाग लेंगे। पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के निर्देश पर केंद्रीय प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव को सूचित किया है कि बैठक के लिए डॉ भगत एवं श्री प्रभाकर अधिकृत किए गए हैं। बैठक में आजसू पार्टी राज्य सरकार की नाकामी को मुद्दा बनाएगी तथा केंद्र के हस्तक्षेप की मांग करेगी। आजसू पार्टी का मानना है कि राज्य सरकार विकास के मुद्दे पर गंभीर नहीं है और विकास योजनाओं का पैसा लोक लुभावन योजनाओं में डायवर्ट किया जा रहा है। श्री सहिस ने कहा कि आजसू ने संघर्ष कर अलग राज्य बनवाया, लेकिन वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है।

## आतंकी हमले का भारत मुंहतोड़ जवाब देता रहेगा : प्रदीप वर्मा



**रांची।** भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने गुरुवार को कहा है कि भारत में आतंकी हमला हुआ तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत अपनी शर्तों पर जवाब देता रहेगा। प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए हैं। पहला आतंकी हमला हुआ तो सेनाएं समय, तरीका तय करेंगी, दूसरा एटम बम की धमकियों से भारत डरने वाला नहीं व तीसरा आतंक के आकाओं व आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। पाकिस्तान का स्टेट व नन स्टेट एक्टर वाला खेल नहीं चलेगा। सांसद ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया ने भारत के अप्रतिम शौर्य को देखा है। सांसद ने कहा कि पाकिस्तान के पत्र मोईद पीरजादा ने हमले को पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका बताया है। अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञ टॉम कूपर ने लिखा है कि भारत के हमलों ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। न्यूयार्क टाइम्स ने सैटेलाइट इमेज के माध्यम से पाकिस्तान में हुई व्यापक तबाही की तुलना 1991 में इराक में अमेरिका के नेतृत्व में किए गए ऑपरेशन डेजर्ट स्टार्म से किया है।

# राज्य के सभी पंचायतों में बनेगा मत्स्य पालन का मॉडल तालाब : शिल्पी नेहा तिर्की

- नीली क्रांति की दौड़ में आंध्र प्रदेश से आगे निकलना उद्देश्य
- राज्य में अगले 5 साल में एक हेक्टेयर में 10 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता



### किसानों को मत्स्य पालन के लिए सही गाइड करने की जरूरत : सचिव

विभागीय सचिव अबू बक्कर सिद्दीखी ने कहा कि विभाग ने नई शुरुआत की है। किसानों को मत्स्य पालन के लिए सही तरीके से गाइड करने के लिए जरूरी है। राज्य में साढ़े 3 लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। किसानों के फीडबैक के आधार पर भविष्य की कार्य योजना तैयार की जाएगी।

**रांची।** रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में गुरुवार को राज्य का पहला झारखंड मत्स्य महोत्सव का उदघाटन करते हुए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा झारखंड में सरकार की सोच हर प्रखंड, पंचायत में मत्स्य पालन के लिए मॉडल तालाब का निर्माण करना है। इतना ही नहीं राज्य भर के सभी डैम में केज कल्चर पद्धति के जरिए मत्स्य पालन किया जाएगा। विभाग का उद्देश्य नीली क्रांति की दौड़ में आंध्र प्रदेश से आगे निकलना है। इसके लिए अगले 5 साल में एक हेक्टेयर में 10 मीट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में एक हेक्टेयर में तीन मीट्रिक टन ही मछली का उत्पादन हो रहा है। झारखंड मत्स्य महोत्सव में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य के इतिहास में पहली बार इस तरह का आयोजन हो रहा है। आज 75 मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के बीच दो-दो लाख रुपए की अनुदान राशि का वितरण किया गया। समितियों के सुदृढ़ीकरण के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की राशि मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि विभाग मत्स्य पालन से जुड़े किसानों की समस्या और चुनौती का समाधान करते हुए, उन्हें आर्थिक रूप से सबल बनाना चाहती है। इसके लिए राज्य में तालाबों की संख्या बढ़ानी होगी। खास कर राज्य में विलुप्त हो रहे तालाब को पुनर्जीवित करना होगा। इसके लिए राज्य भर के डीसी ऐसे तालाबों की सूची उपलब्ध कराएंगे। मत्स्य पालन को संगठित क्षेत्र का रूप देते हुए इसे आगे बढ़ाने की दिशा में विभाग कार्य योजना तैयार करेगा। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में मछली के सीड और फीड पर बहुत काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में 80 के करीब फिश फॉर्म है जिसे मछली बीज के रूप में विकसित किया जा सकता है। फिश फॉर्म का संचालन पीपीपी मोड पर भी किया जा सकता है। हमारे पास राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए विजन भी है और इच्छा शक्ति भी।

मंत्री ने कहा कि एनएफडीबी के सहयोग से राज्य के करीब 350 मत्स्य पालकों को बेहतर प्रशिक्षण के हैदराबाद भेजा जाएगा। जबकि विभाग के अधिकारी मत्स्य पालन के क्षेत्र में नई तकनीक की जानकारी शिफा संस्थान के माध्यम से लेंगे। उन्होंने कहा कि आज ब्लॉक चेन तकनीक की शुरुआत की गई है। इस तकनीक के माध्यम से बीज के वितरण से लेकर मत्स्य पालन से जुड़ी हर जानकारी मत्स्य पालक बहुत आसानी से ग्रहण कर सकते है। इस तकनीक से विभाग को भी लाभुक को ट्रेस करने में मदद मिलेगा। पारंपरिक विधि के साथ- साथ आज जरूरत आधुनिक तकनीक को अपनाने की है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में 1 लाख 70 हजार किसानों का बीमा कराया गया है पर अब तक मात्र 2 किसानों को मुआवजा का भुगतान हो सका है। मत्स्य पालकों को बीमा के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। ताकि विकट समय में इसका लाभ लिया जा सके। इसके साथ ही मुआवजा के लिए दावे की प्रक्रिया को भी सरल बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग से जुड़ी योजनाओं की समुचित जानकारी के लिए न्यूज लेटर के माध्यम से गांव- घर के लोग आसानी से योजनाओं की विस्तृत जानकारी हासिल कर सकेंगे।

## सेक्टर-2 में हुआ दो दिवसीय समर कैंप, बच्चों ने दिखाया जोश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सेक्टर-2 गार्डन में गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को रचनात्मकता, मनोरंजन और सीख का अद्भुत संगम देने के उद्देश्य से 27 व 28 मई को समर कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में लगभग 40 से 45 बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कैंप में बच्चों को अबेकस और वैदिक मैथ्स की बुनियादी जानकारी दी गई जिससे उनकी गणना क्षमता, ध्यान और मानसिक विकास को गति मिली। साथ ही ब्रेन जिम, ब्रेन गेम्स, ड्राइंग प्रतियोगिता, डांस सेशन, और बेहद रोमांचक ट्रेजर हंट जैसी गतिविधियों ने बच्चों के अनुभव को और भी आनंददायक बना दिया। हर गतिविधि का उद्देश्य था बच्चों को खेल-खेल में सोचने, समझने, रचनात्मक बनने और आत्मविश्वासी बनाने की प्रेरणा देना। बच्चे दिनभर बेहद जोश और ऊर्जा के साथ सभी सेशन्स में भाग लेते नज़र आए। उनकी मुस्कान और भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल ही नहीं बल्कि यादगार बना दिया। कार्यक्रम की संचालिका वीणा देवांगन और आरती कुमारी ने पूरे समर कैंप को उत्कृष्ट रूप से निर्देशित किया। उनका उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं बल्कि बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट और बौद्धिक विकास को सही दिशा देना था, जिसमें वे पूर्णतः सफल रहीं।

## किसानों के हित में एमएसपी वृद्धि में लिए गए फैसले स्वागतयोग्य : पवन साहू

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने केंद्र सरकार द्वारा किसानों के हित में एमएसपी (मिनिमम सपोर्ट प्राइस) में वृद्धि के लिए, लिए गए फैसले को स्वागत किया है। पवन साहू ने इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव को धन्यवाद ज्ञापित किया है। पवन साहू ने कहा कि खरीफ की खेती शुरू होने से पहले केंद्र सरकार ने किसानों के पक्ष में बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 28 मई को वर्ष 2025– 26 के खरीफ सत्र के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी किया है। जिसमें धान, कपास, सोयाबीन, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तिल एवं रामतिल शामिल है। पवन साहू ने कहा कि धान की नई एमएसपी 2369 रुपए तय की गई है, जो पिछली एमएसपी से 69 रूपया ज्यादा है। इसकी ए ग्रेड व सामान्य धान की एमएसपी (MSP) 23,89 कर दी गई है। कपास की नई एमएसपी 77,10 रुपए तय की गई है, इसकी दूसरी किस्म की नई एमएसपी 81,10 रुपए कर दी गई है। जो पहले से 589 रुपए ज्यादा है। दालों में अरहर का एमएसपी 450 रुपए बढ़कर 8,000 प्रति क्विंटल कर दिया गया है। जबकि उड़द का एमएसपी 400 बढाकर 78,00 रुपए और मूंग का एमएसपी 86 रुपए बढाकर 87,68 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। नई एमएसपी से सरकार पर 2 (दो) लाख 7 (सात) हजार करोड रुपए का बोझ पड़ेगा। यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 7 (सात) हजार करोड रुपए ज्यादा है। पवन साहू जी ने कहा कि एमएसपी फसल की लागत से कम से कम 50% प्रतिशत ज्यादा हो, इस बात का ध्यान रखा गया है। कहा कि 10–11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएससी में भारी बढ़ोतरी की गई है। केंद्र सरकार के इस निर्णय से अब किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण ऋण प्रणाली को सशक्त बनाने के साथ ही कृषि विकास को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। कृषि कार्य के लिए केसीसी पर 3 (तीन) लाख तक कर्ज लेने पर 7% (सात) प्रतिशत ब्याज का प्रावधान है। समय पर भुगतान करने पर 3% (तीन) प्रतिशत की छूट किसानों को सीधे दी जाएगी। जिससे प्रभावी ब्याज दर सिर्फ 4% (चार)प्रतिशत देय होगी।

## एनसीएसटी ने अधिकारियों की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई है। सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप विवाद को लेकर आयोग की ओर से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री व रांची नगर निगम के प्रशासक संदीप सिंह को समन जारी कर गुरुवार को नई दिल्ली स्थित आयोग के कार्यालय में संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन निर्धारित तिथि पर संबंधित अधिकारी एनसीएसटी कार्यालय नहीं पहुंचे। पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने निर्धारित तिथि से एक दिन पहले 28 मई को एनसीएसटी के सचिव को ई-मेल के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने में अपनी असमर्थता जताई। एनसीएसटी की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एक संवैधानिक संस्था है।

आयोग की ओर से पूर्व निर्धारित तिथि के तहत आदिवासी समाज के लोग 28 मई को ही दिल्ली पहुंच चुके थे, लेकिन निर्धारित तिथि पर झारखंड के अधिकारियों के नहीं पहुंचने के कारण संबंधित मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। पूर्व में आयोग की ओर से इस मामले को लेकर 13 मई को राज्य सरकार को बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन 12 मई को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग विभाग के सचिव कृपानंद झा ने पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया कि अपरिहार्य कारणों से 13 मई को बैठक आयोजित नहीं की जा सकती।

## राजकुमार मेहता ने जामताड़ा एसपी के रूप में किया पदभार ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकर की ओर से बड़े पैमाने पर आईपीएस पदाधिकारियों का फेरबदल किया गया, जिसके तहत जामताड़ा में राजकुमार मेहता नए एसपी के रूप में पदस्थापित हुए हैं। इस दौरान उन्होंने अपराधियों को खुली चेतावनी दी है कि जिस प्रकार से जामताड़ा का नाम एक अलग तरीके से पूरे देश में चर्चित किया गया है उस छवि को जामताड़ा पुलिस सुधारेगी। वहीं जामताड़ा पुलिस जनता के साथ बेहतर संबंध स्थापित कर जिले में अपराध नियंत्रित करने की दिशा में कम करेगी।

- **राजकुमार मेहता ने साल 2023 में सिटी एसपी के रूप में किया था पदभार ग्रहण**

राजकुमार मेहता ने राजधानी रांची के एसपी के रूप में 10 सितंबर 2023 को अपना पदभार संभाला था और 27 मई 2025 तक अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने कई आपराधिक मामलों को लेकर मुस्तैदी के साथ सभी मामलों का खुलासा करने में सफलता पाई। उन्होंने खास तौर पर हत्या, चेन छीनताई, नशाखोरी, ब्राउन शुगर के खिलाफ बेहतर काम किया। उन्होंने नशाखोरों, चैन स्नैचरों को जेल भेजा, लोकसभा और विधानसभा चुनाव बेहतर तरीके से संपन्न कराने के लिए अपने क्षेत्र के करीब बीस से अधिक बदमाशों पर सीसीए एक्ट लगाए और तड़ीपार किया। साइबर क्राइम जैसे मामलों का उद्भेदन किया। देह व्यापार से जुड़े मामलों का खुलासा किया और चालीस से अधिक युवतियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। राजकुमार मेहता ने हमेशा समाजिक कार्यों में अपना योगदान दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में 105 जरूरतमंद युवतियों की सामूहिक विवाह संपन्न कराया जो आम जनता के बीच काफी सराहनीय साबित हुआ। वहीं उन्होंने उनके क्षेत्र में आम लोगों को परेशान कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। हाल ही में मेकन फ्लाईओवर निर्माण का रैंप को लेकर कुछ आदिवासी समुदायों के द्वारा विरोध किया जा रहा था।

### आजसू ने पेसा व सरना कोड के मुद्दे पर कांग्रेस–झामुमो पर निशाना साधा, कहा

# कांग्रेस-झामुमो पेसा व सरना कोड के मुद्दे पर गुमराह करना बंद करें

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** आजसू पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस और झामुमो पेसा कानून और सरना कोड के मुद्दे पर झारखंडी जनता को गुमराह करना बंद करें और बताएं कि 2014 में केंद्र की मनमोहन सरकार ने सरना कोड की मांग को खारिज क्यों किया था? आजसू ने कांग्रेस और झामुमो से पेसा कानून के संबंध में अपनी स्थिति और रुख स्पष्ट करने को कहा है।

आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से कहा कि मौजूदा सरकार आदिवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ कर रही है और पेसा कानून को पूरी तरह लागू करने से कतरा रही है। आजसू पार्टी हमेशा से आदिवासियों की पहचान, संस्कृति और अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है। आजसू पार्टी के संघर्ष की बदौलत झारखंड राज्य हासिल हुआ है। कांग्रेस–झामुमो ने तो 1993 में झारखंड आंदोलन की सौदेबाजी कर ली थी और अलग राज्य का निर्माण नहीं होने दिया था। 1999 में आजसू ने तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के साथ वार्ता कर झारखंड निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था।

डॉ भगत ने कहा कि 2012 में मनमोहन सरकार ने लोकसभा में सरना कोड की मांग को गृह मंत्रालय के जरिए अव्यावहारिक बताते हुए खारिज कर दिया था। सरना कोड पर घड़ियाली आंसू बहने के पहले कांग्रेस–झामुमो इस बात का जवाब दें कि 11 फरवरी 2014 को यूपीए के केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री वी. किशोर चंद्रदेव ने आधिकारिक वक्तव्य में सरना कोड की मांग को खारिज क्यों किया था? केंद्रीय मंत्री ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट रूप से कहा था कि सरना कोड की मांग व्यवहारिक नहीं है। आजसू पार्टी सरना कोड के समर्थन में है, लेकिन कांग्रेस–झामुमो की दोहरी नीति का पर्दाफाश किया जाना जरूरी है। श्री प्रभाकर ने कहा कि सरना कोड आदिवासी समुदाय की भावना, पहचान और अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और झामुमो ने इस मुद्दे को पहले अव्यावहारिक कहकर खारिज कर दिया था और अब राजनीतिक लाभ के लिए इसे उछाल रहे हैं। पेसा कानून को लेकर संजय मेहता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कानून के पूरी तरह लागू होने से डरते हैं, क्योंकि इससे आदिवासी समाज को जल, जंगल और जमीन पर परंपरागत अधिकार मिलेंगे और सत्ता में बैठे लोगों की भ्रष्टाचार आधारित राजनीति उजागर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन से बालू माफियाओं की चोरी रुकेगी और प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर लगाम लगेगी।

### बाबूलाल मरांडी ने एसीबी अधिकारियों से किया आग्रह, कहा

# शराब घोटाले में एसीबी सच उजागर करना चाहती है तो विनय चौबे से पूछे महत्वपूर्ण सवाल

- बाबूलाल मरांडी ने दी 8 सवालों की सूची

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले की एसीबी जांच पर फिर सवाल उठाए। श्री मरांडी ने कहा कि शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व उत्पाद सचिव विनय चौबे से दो दिनों के रिमांड पर एसीबी पूछताछ कर रही है। अगर इरादा सच में सच्चाई जानने का और घोटाले की तह तक जाने का हो तो उनसे ये सवाल ज़रूर पूछे जाने चाहिए।

छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से पहले जो पत्र मैंने मुख्यमंत्री जी को लिखा था, क्या वो आपको प्राप्त हुआ? अगर मिला, तो क्या उस पत्र को आपने पढ़ा भी? या सिर्फ अलमारी में रख दिया गया? यदि पढ़ा, तो उस पर आपने क्या कार्रवाई की? क्या आपके पास मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई निर्देश आया उस पत्र के संबंध में? जब झारखंड के विधायक रायपुर भ्रमण पर गए थे, तो क्या वहाँ की व्यवस्था और गाड़ियों में भरकर उस होटल में शराब पंहुचवाने के लिये आपकी ओर से किसके आदेश पर किसी को कहा गया था? उस दौरान रायपुर के किन-किन लोगों से आपकी बातचीत हुई थी?

क्या मार्शन सिक्योरिटीज और दृष्टि आतिथ्य जैसी कंपनियों का चुनाव मुख्यमंत्री/मुखयमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप के बिना संभव था? मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भूमिका इस पूरे घोटाले में कितनी रही और छत्तीसगढ़ सिंडिकेट आगमन से जो काली कमाई हुई उसमें मुख्यमंत्री की कितने की हिस्सेदारी थी?

### कोविड संक्रमण को लेकर जिला प्रशासन ने जारी किया परामर्श

# कोरोना के हल्के लक्षण वाले लोगों को घर पर ही आइसोलेट रहने की सलाह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला प्रशासन ने रांचीवासियों के लिए सामान्य परामर्श जारी किया है। अगर आप भीड़-भाड़ वाली जगह पर हैं या बहती नाक, गले में खराश, सिरदर्द या बुखार जैसे लक्षण हैं, तो मास्क पहनना जरूरी है। 2023 एम्स/आईसीएमआर-कोविड-19 नेशनल टास्क फोर्स के दिशा-निर्देशों के अनुसार हल्के लक्षण वाले लोगों को घर पर ही आइसोलेट रहना चाहिए। यदि आपको फ्लू का कोई लक्षण है तो घर पर आपको शारीरिक दूरी बनाए रखनी चाहिए। मास्क पहनना चाहिए और हाथों की साफ-सफाई पर ध्यान देना चाहिए। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कोरोना से बचाव के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया है।

## ऐसे लक्षण दिखें तो डॉक्टर से सलाह लें

हल्के मामलों को आमतौर पर आराम, तरल पदार्थ और लक्षणों से राहत के लिए दवाओं से प्रबंधित किया जा सकता है। हाइड्रेटेड रहें, अपने तापमान और ऑक्सीजन के स्तर की निगरानी करें और अपने डॉक्टर के संपर्क में रहें। जब तक बैक्टीरिया के संक्रमण का स्पष्ट संकेत न हो, तब तक एंटीबायोटिक्स का उपयोग न करें। अगर आपको सांस लेने में तकलीफ हो, आपका ऑक्सीजन स्तर 93% या उससे कम हो जाए या आपको तेज बुखार हो या पांच दिनों से ज्यादा समय तक खांसी हो, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

### ये बरतें सावधानी

60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग या हृदय रोग, मधुमेह, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, तपेदिक (टीबी), फेफड़े (लंग्स), गुर्दे या लिवर की बीमारी या मोटापे से पीड़ित या वे लोग जिन्होंने टीका नहीं लगवाया है, उन्हें ज्यादा सावधान रहना चाहिए।

## मैट्रिक की जिला टॉपर तहरीन को डीसी ने किया सम्मानित

**रांची।** ...आगे मैं इंजीनियरिंग करना चाहती हूं.... इसके बाद यूपीएससी की तैयारी कर आइएएस बनना चाहती हूं। आत्मविश्वास से भरे इस जवाब के बाद सबके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान आ जाती है...वो इसलिए कि ये जवाब एक सीनियर आईएएस के सवाल के बाद आया था कि ...आगे क्या करना चाहती हो बेटी...? सवाल उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री का था और जवाब... रांची की बेटी तहरीन फातिमा का। जिसने मैट्रिक जैक बोर्ड में रांची जिला में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस शानदार उपलब्धि पर जिला प्रशासन द्वारा तहरीन और उसके माता-पिता को सम्मानित किया गया। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने तहरीन को मोमेंटो एवं उसके माता पिता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। एक सामान्य परिवार से आते हुए तहरीन फातिमा की उपलब्धि को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी के लिए गर्व की बात कही। तहरीन की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने माता-पिता को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष के साथ अपनी बेटी को पढ़ाना और आगे बढ़ाना ही वास्तव के "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" है। इस दौरान तहरीन के स्कूल की वाइस प्रिंसिपल सिस्टर विक्टोरिया, शिक्षिका सिस्टर सुनीता लकड़ा एवं शिक्षक एंथोनी तिग्गा भी उपस्थित थे। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी के प्रयासों की सराहना की गयी।



### जब नम हो गई माता-पिता की आंखें

तहरीन फातिमा ने मैट्रिक में 97.4 प्रतिशत के साथ जिला में पहला और राज्य में पांचवां स्थान हासिल किया है। तहरीन की सफलता में पिता अब्दुल रहमान का संघर्ष काफी बड़ा है, जो ठेले पर कपड़ा बेचने का काम करते हैं। बेटी को जब उपायुक्त श्री मंजूनाथ सम्मानित कर रहे थे तक माता-पिता की आंखें नम हो गयीं। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि अपनी बेटी के हौसले को उड़ान दें, उसे आगे पढ़ायें। उपायुक्त द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री विनय कुमार एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को तहरीन के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि बेटियों को शिक्षित कर सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने की माननीय मुख्यमंत्री के दूरदर्शी सोच को साकार करने के लिए राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ बेटियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें।

### केंद्रीय मंत्री संजय सेठ और रांची विधायक सीपी सिंह ने किया एलिवेटेड कॉरिडोर का दौरा

# जून के अंतिम सप्ताह तक एलिवेटेड कोरिडोर का काम होगा पूरा

मनोज मिश्रा



खबर का असर



जाना था जापान पहुंच गए चीन

**रांची।** कुछ लोगों के अनुसार रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण पूरा हो गया है और जल्द ही उद्घाटन भी किया जाएगा। मगर वस्तुस्थिति यह है कि अभी काम बाकी है। राष्ट्रीय नवीन मेल ने गुरुवार को खबर छापी थी, जिसमें कॉरिडोर निर्माण में और एक से डेढ़ महीने लगने की बात कही थी। खबर का असर हुआ और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह ने मामले को जानने के लिए गुरुवार की रात्रि 8.30 में कॉरिडोर का दौरा किया। वास्तु स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिए बाइक से कॉरिडोर का निरीक्षण किया। बाइक से निरीक्षण के क्रम में मंत्री और विधायक दोनों ने हेलमेट पहन रखे थे जो यह संदेश दे रहा था कि बाइक चलाने के समय हेलमेट का प्रयोग करना बहुत आवश्यक है। मौके पर रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण में लगे इंजीनियर ने बताया कि जून के अंतिम सप्ताह तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम पूरा हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने एनएचआई के अधिकारियों से इसे जल्द पूर्ण करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एनएचआई के अधिकारी मौके पर मौजूद थे। श्री सेठ ने अधिकारियों से कहा इसे जल्द से जल्द पूरा करें ताकि जून के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा इसका भव्य उद्घाटन किया जा सके। एनएचआई के अधिकारियों ने बताया नॉइस बैरियर नीचे ग्रिलिंग एवं पौधा रोपण का कार्य बाकी है। मौके पर रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने इसे अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया

### लाल विजय की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई



**रांची।** कोरोना पीड़ित फिल्म निर्माता-निर्देशक लाल विजय शाहदेव स्वस्थ्य हो गए हैं। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मैं अस्पताल से पूरी तरह स्वस्थ होकर बाहर आ गया हूं। कोविड की चपेट में आने के बाद अब मेरी तबीयत बिल्कुल ठीक है। मेरी ताजा जांच रिपोर्ट भी कोविड नेगेटिव आई है। दरअसल, इस समय जो वेरिएंट फैला हुआ है, वह पहले की तरह घातक नहीं है, और ऐसे में घबराकर अस्पताल में भर्ती होना आवश्यक नहीं लगता। हालांकि, मुंबई से रांची आने के दौरान मुझे कुछ स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।, जिसकी वजह से डॉक्टरों ने मुझे निगरानी में रखने का निर्णय लिया था। कोरोना से अब डरने की जरूरत नहीं है, लेकिन सावधानी बरतना आज भी उतना ही जरूरी है।

# लाइट हाउस प्रोजेक्ट: किस्त भुगतान में देरी पर रांची नगर निगम सख्त



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत लाइट हाउस प्रोजेक्ट (LHP) के अंतर्गत रांची नगर निगम द्वारा धुर्वा के आनी क्षेत्र में कुल 1008 फ्लैटों का निर्माण कराया गया है। ये फ्लैट पहले ही लाभुकों को आवंटित किए जा चुके हैं। लेकिन अब यह परियोजना एक नई चुनौती का सामना कर रही है, क्योंकि 308 लाभुकों ने अभी तक पूर्ण किस्त का भुगतान नहीं किया है।

**2 जून 2025 तक करें भुगतान**

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची नगर निगम द्वारा एक आम सूचना प्रकाशित की गई है। साथ ही निगम द्वारा लाभुकों को चेतावनी दी गयी है कि जिन लाभुकों ने अभी तक आवास की पूरी किस्त का भुगतान नहीं किया है, वे 2 जून 2025 तक भुगतान कर दें। ऐसा न करने की स्थिति में निगम उनके आवास आवंटन को रद्द करने की कार्रवाई करेगी।

**रांची नगर निगम में अहम बैठक**

इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को रांची नगर निगम कार्यालय में उप-प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के पदाधिकारी एवं केनरा बैंक, डोरंडा शाखा तथा एचडीएफसी बैंक, कडरू शाखा के ऋण अनुभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**बैठक में बैंकों के अधिकारी भी रहे मौजूद :** इस बैठक में उप-प्रशासक ने दोनों बैंकों को निर्देशित किया कि जो लाभुक पहले से ऋण के लिए आवेदन दे चुके हैं या जो नए आवेदन दे रहे हैं, उनके मामलों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आवास ऋण की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी से लाभुकों का आवंटन रद्द होने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसे हर हाल में टालना जरूरी है।

**निगम के अधिकारियों ने दिए कई दिशा निर्देश :** बैंकों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे लाभुकों को प्रक्रिया की जानकारी दें और त्वरित ऋण स्वीकृति सुनिश्चित करें। निगम ने लाभुकों से अपील की है कि वे शीघ्र संबंधित बैंकों से संपर्क कर ऋण स्वीकृति प्राप्त करें और किस्त की शेष राशि का भुगतान समय सीमा के भीतर करें।

**कई अधिकारी रहे बैठक में उपस्थित :** इस बैठक में सहायक प्रशासक चन्द्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, नगर प्रबंधक तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# आरपीएफ ने दो नाबालिग बच्चों का किया रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेल मंडल में मंडल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ ने बुधवार को दो नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर अभिभावकों को सुचना दी गई। दरअसल मंडल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार को सुचना मिली कि दो नाबालिग बालक, जो अपने घर से भाग गए थे, रांची रेलवे स्टेशन के आसपास देखे गए हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट रांची के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा "नन्हे फरिश्ते" टीम के सहयोग से खोज अभियान चलाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया से सकुशल खोजा गया। पूछताछ के दौरान बालकों ने अपनी पहचान बिट्टू कुमार, उम्र – 14 वर्ष, आदित्य सैनी, उम्र – 15 वर्ष बताया। दोनों बच्चे बिहार के वैशाली के रहने वाले हैं। बच्चों ने बताया कि उन्हें माता-पिता ने डांट लगाईं थी वहीं, बच्चों ने बताया फ़ोन में रील देखने से मना कर अभिभावकों ने डांट-फटकार लगाई थी। जिसके बाद वे घर से भाग आए और रांची आ पहुंच गए। दोनों नाबालिगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर उनके अभिभावकों को सूचना दी गई। सभी आवश्यक औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद बालकों को चाइल्डलाइन रांची भेज दिया गया, ताकि उनकी आगे की देखभाल की जा सके।

# भारतीय ज्ञान परंपरा प्राचीनतम और शाश्वत है : डॉ जंग बहादुर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के हिंदी विभाग के सौजन्य से कुलाधिपति व्याख्यान माला के तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जंग बहादुर पांडेय शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा वैदिक काल से प्रवहमान है और आज तक अजस्त्र रूप में प्रवाहित है। भारतीय परंपरा में ज्ञान सर्वोपरि है। आचार्य देवो भव मातृ ,देवो भव,पितृ देवो भव अतिथि देवो भव की अनुगूंज सुनाई पड़ती है। वसुधैव कुटुम्ब कम् की भावना भारतीय ज्ञान परंपरा का मूल स्त्रोत है। प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा मूल्य परक और नैतिकता परक थी और भारत इसी ज्ञान परंपरा की बदौलत विश्व गुरु की संज्ञा से विभूषित था।आज की शिक्षा व्यावसायिक और रोजगार परक हो गई है। भारतीय ज्ञान परंपरा महर्षि वाल्मीकि,वेद व्यास, भवभूति कालिदास,पाणिनि ,सूर, तुलसी कबीर,जायसी से लेकर राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त और राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर तक की कृतियों में प्रवहमान है और पतित पावनी गंगा की तरह आगे भी प्रवहमान रहेगी।

# होटल रमादा बाय विन्धम का आज उद्घाटन करेंगे संजय सेठ व अर्जुन मुंडा

## माताजी की प्रेरणा से शुद्ध शाकाहारी होटल बनाई : पवन बजाज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारत सहित विदेशों में ग्राहकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाला रमादा बाय विन्धम ग्रुप अब रांची के बरियातू रोड में शुद्ध शाकाहारी होटल खोल रहा है। इसका उद्घाटन 30 मई शुक्रवार को शाम 5:00 बजे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा संयुक्त रूप से करेंगे। यह जानकारी होटल रमादा बाय विन्धम के एमडी पवन बजाज और निदेशक चंद्रेश बजाज ने गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एमडी पवन बजाज ने बताया कि रमादा बाय विन्धम ग्रुप का देश विदेश में 9300 से अधिक होटल है। रमादा बाय विन्धम अब रांची वासियों की सुविधा के लिए होटल रमादा बाय विन्धम खोल रहा है। लगभग 50 हजार वर्गफीट में फैले इस होटल में 67 बड़े डीलक्स सूट प्रीमियम रूम अत्याधुनिक सुविधा के साथ कमरे उपलब्ध है। वहीं, दो बड़े हॉल है, जो शादी-विवाह, पार्टी, सामाजिक समारोह, सेमिनार के लिए उपयोगी होगा। इसके अलावा पांच हजार स्क्वायर फीट का वातानुकूलित हॉल के साथ शुद्ध शाकाहारी वाले होटल में लोगों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को परोसा जाएगा। इस होटल के रेस्टोरेंट में 150 से अधिक लोग एक साथ बैठ सकते है। यहां ग्राहकों की पूर्ण सुविधा का ख्याल रखा जाएगा। साथ ही बेकरी की भी सुविधा उपलब्ध है। होटल की ओर से ग्राहकों का ख्याल रखते हुए बर्थडे पार्टी, किटी पार्टी, सालगिरह आदि के लिए स्पेशल डिश की भी व्यवस्था रहेगी। लोगों को घर जैसा माहौल मिलेगा। यहां एक साथ 150 गाड़ी पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। जिम, योगा सेंटर, ओपन एरिया, वॉकिंग ट्रैक आदि की भी सुविधा उपलब्ध कराया गया है।



### मेरा प्रयास शहर का नाम बढ़े और लोगों को सुविधाएं उपलब्ध हो



बाहर से आए लोगों को होटलों की कमी महसूस होती है। ऐसे में सरकार भी होटलों को लाने का प्रयास कर रही है। मेरा प्रयास है कि शहर का नाम बढ़े और लोगों को सुविधाएं उपलब्ध हो इसलिए मैंने यह होटल बनाई। यह नेशनल ब्रांड की होटल है। होटल की फ्रेंचाइजी रमादा होटल से लिया, यहां से फ्रेंचाइजी इसलिए लिया कि रमादा अमेरिकन कंपनी है और विश्व के बड़े होटलों में से एक है। रमादा की पूरी दुनिया में 2300 होटल है हिन्दुस्तान में यह 70 वीं होटल है। झारखंड में इनकी एक ही होटल जमशेदपुर में थी अब रांची में हुई है। इस होटल में 67 कमरे हैं, 5000 वर्ग फीट और 24 फीट उंचाई का बैंकेट हॉल है। लोगों के हेल्थ को ध्यान में रखकर हेल्थ फलोर है जहां देश- विदेश के अनेक फल और जूस उपलब्ध रहेंगे। एक स्काई वाकिंग ट्रैक बनाया है जो इस बिल्डिंग के चारों तरफ ओपन टू स्काई है। इसका चार चक्कर लगाने से एक किलोमीटर की वाकिंग हो जाती है। एक-एक कमरा चार सौ स्कावायर फीट की है, इतने बड़े कमरे सामान्यत: होटलों में नहीं होते है। यह पारिवारिक और शुद्ध शाकाहारी होटल है। हमलोगों के परिवार की भावना शुद्ध शाकाहारी भोजन की है इसलिए अपनी माताजी की प्रेरणा से शुद्ध शाकाहारी होटल बनाई है।



### महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुधारों के लिए किए अनेक कार्य

# अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों व असहायों की माता थीं : दीपक बंका

**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम**




नामकुम के वाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार में रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कहा कि पुण्य श्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों,असहायों की माता थीं। उन्होंने जीवन पर्यंत एक शासक के रूप में नहीं बल्कि भगवान शिव की प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा की। वे अपने हस्ताक्षर भी भी भगवान शिव के निर्देशानुसार लिखती थीं। कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली रानी अहिल्याबाई होलकर अपनी अद्वितीय प्रतिभा के कारण राज परिवार में ब्याही गईं।अपने जीवन काल में विषम परिस्थितियों का उन्होंने सामना किया और राजकाज भी संभाला। सशक्तिकरण केलिए सख्त दहेज विरोधी कानून बनाए,बिना संतान की विधवाओं की संपत्ति राज्य द्वारा जब्त कर लेने की नीति समाप्त की,विधवाओं को गोद लेने की स्वतंत्रता दी,विधवा पुनर्विवाह का नैतिक समर्थन किया,महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिया,महिलाओं बच्चों केलिए विशेष सुरक्षा कानून बनाए,महिलाओं को युद्ध कौशल सिखाया और महिला सैन्य टुकड़ी का गठन किया। कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने किसानों की सदैव चिंता की।उन्होंने किसानों को अपनी उपज किसी भी बाजार में बेचने की अनुमति दी।शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया। राज्य में कुशल डाक सेवा की शुरुआत की। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि उन्होंने केवल राज्य की सीमा के अंतर्गत कार्य नहीं किए बल्कि सांस्कृतिक भारत के उत्थान केलिए कार्य किए। उन्होंने भारत के सभी प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया जिसने काशी विश्वनाथ,सोमनाथ जैसे मंदिर शामिल हैं। उन्होंने चार धाम बद्रीनाथ,रामेश्वरम,पूरी और द्वारिका का भी जीर्णोद्धार कराया,नदियों में सुंदर घाट बनवाए, तालाब निर्माण ,वृक्षारोपण केलिए विशेष अभियान चलाए।

## कोलियरियों के मजदूरों को न तो वेतन न मिल रही कोई सुविधा : डॉ लंबोदर महतो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से मिलकर बोकारो जिला अंतर्गत सीसीएल क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है और समाधान की दिशा में जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कोलकाता में चेयरमैन से मिलकर उन्हें इस बात से अवगत कराया कि कथारा कोलियरी स्वांग फेज टू कोलियरी व जारंगडीह कोलियरी में संचालित सभी आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा हाई पावर कमेटी के समझौत के तहत मजदूरों को न तो वेतन भुगतान हो रहा है न ही अन्य सुविधाएं दी जा रही है। इसको देखते हुए हाई पावर कमेटी के समझौते का पालन कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कथारा क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियों के द्वारा झारखंड सरकार के निर्देशों की अवहेलना बदस्तूर जारी है। आलम यह है कि नौकरी नहीं दी जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए 75 प्रतिशत प्रभावित विस्थापितों को नौकरी मुहैया कराई जाए। उन्होंने कहा कि कथारा ,स्वांग जारंगड़ीह आदि वाटर फिल्टर प्लांट कई दशकों से तकनीकी रूप से खराब व जर्जर स्थिति में है।

## हरे कृष्णा उत्सव का आयोजन किया गया



सिल्ली। हाट बागान सिल्ली के दुर्गा मंदिर प्रांगण में हरे कृष्णा उत्सव का आयोजन हरे कृष्णा नाम हठ संघ के द्वारा किया गया। इस उत्सव में भजन, आरती, अमृत कथा एवं प्रसाद का वितरण भक्तों के बीच किया गया। कृष्ण भक्त भजन कीर्तन के दौरान खूब नृत्य कर आनंद उठाया। इसके साथ ही हरि नाम का जाप किया। मौके पर काफी संख्या में बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरुष भक्तों ने बढ़-चढ़कर श्रीमद् भागवत कथा का लाभ उठाया।

## मांडर महाविद्यालय में कैरियर काउंसेलिंग का कार्यशाला का आयोजन



**मांडर**। मांडर महाविद्यालय के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और दिल्ली सिविल अकैडमी के तत्वावधान में करियर काउंसलिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता अंकित बाजड़ा ने छात्रों को यूपीएससी परीक्षा की से संबंधित अध्ययन के बारे में बताया। इस व्याख्यान के मुख्य अतिथि दिल्ली सिविल अकादमी के विजय संधू ने कहा कि यूपीएससी परीक्षा सही विषय के चयन से आसान हो जाता है। मांडर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. कुमार ए. एन. शाहदेव ने कहा कि करियर काउंसलिंग छात्रों को नौकरी की तलाश में मार्गदर्शन करती है। उन्हें साक्षात्कार की तैयारी करने और नौकरी के लिए आवेदन करने में मदद करती है। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. पवन कुमार दास ने किया। मौके पर डॉ. गामा तिग्गा, डॉ. के. पी. शाही, बिनोद राम, डॉ. अन्सलेम मिंज, डॉ. स्नेल टेटे, डॉ. प्रिया सोरेंग समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## तीन प्रशिक्षु आईएएस ने बेड़ो प्रखंड का किया दौरा



**बेड़ो**। बेड़ो प्रखंड के ईटा पंचायत का बृहस्पतिवार को चार प्रशिक्षु आईएएस ने दौरा कर कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। उन्होंने ईटा पंचायत के पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा और मुखिया अनिता बाड़ा के कार्यो को देखा और खूब प्रशंसा किया। इसके पूर्व चार सदस्यीय प्रशिक्षु आईएएस की टीम ने जहां एक और प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव और अंचल अधिकारी प्रताप मिंज के नेतृत्व में मनरेगा पार्क का दौरा किया वहीं दूसरी ओर मसाला फैक्ट्री का निरीक्षण भी किया। प्रशिक्षु आईएएस ने सुव्यवस्थित मनरेगा पार्क की व्यवस्था देखकर खुशी का इजहार करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी और उनके टीम की भी सराहना की साथ ही किसानों की मेहनत और लगन को सराहते हुए मनरेगा पार्क को ग्रामीण क्षेत्र की विकास के लिए एक कारगर कदम बताया। इस मौके पर प्रखंड में चलाए जा रहे मसाला फैक्ट्री के निरीक्षण के क्रम में कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का यह एक बेहतर माध्यम है। ऐसी ही पहल से ही महिलाओं का विकास और समाज का उत्थान होगा।

## राज स्पोर्ट्स बुंडू ने रॉयल एफसी को 3-0 से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता। तमाड़**



पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले संचालित तमाड़ का बहूचर्चित एकमात्र फुटबॉल लीग का पहला सेमीफइनल मैच रॉयल एफ सी और राज स्पोर्ट्स बुंडू के बीच बृहस्पतिवार को जी इ एल चर्च आमलेशा मैदान पर खेला गया। दोनों टीम आकर्षक खेल का प्रदर्शन किया। 90 मिनट का मैच मे शानदार प्रदर्शन करते हुए रॉयल एफ सी को सूरवाती बढ़त बनाने का कई बार मौका मिला लेकिन मौक़े का फायदा नहीं उठा पाए।इसी बीच राज स्पोर्ट्स के अजय ने 15वें मिनट पर पहला गोल किया जिससे खेल और संघर्षपूर्ण हो गया। काफ़ी गहामा गहमी के बीच इसी टीम के रामेश्वर मुंडा ने 76वें मिनट पर दुसरा और गोखेन मुंडा ने 81वे मिनट पर तीसरा गोल मारकर अपने टीम को मजबूत स्थिति मे ला दिया। रॉयल एफ सी जीत का अंतर कम करने का भरपूर प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ। राज स्पोर्ट्स 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर फइनल मे जगह पक्की की। मैन ऑफ़ द मैच राज स्पोर्ट्स के स्टार खिलाडी गोखेन मुंडा को पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा के मेडल पहनाकर सम्मानित किया। मैच का संचालन करम मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा और महावीर पुराण ने किया। लीग का दुसरा सेमीफइनल मैच एन सी स्पोटिंग और आराडीह के बीच 02/06/2025 दिन सोमवार को अपराह्न दो बजे खेला जायेगा।मौक़े पर पी पी एस ए के संरक्षक हीरालाल दास, निशांत भेंगरा, प्रेम पूर्ति, रितेश गुप्ता, जॉन कमल, राजेश मुंडा श्रेया कुमारी, मिनी, चाँदमनी, प्रभा, जीविका और सरिता कुमारी के अलावे काफ़ी संख्या मे दर्शक मौजूद थे।

## संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में 80 लोगों का पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार

**खूंटी**। छोटानागपुर डायसिस अंतर्गत उत्तर भारत की कलीसिया(सीएनआई चर्च) संत अंद्रियास उपासना तपकारा पेरिश में बुधवार को पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार बिशप बीबी बास्के की अगुवाई में संपन्न हुआ। दृढ़ीकरण में ताम्बा, रनियां और स्थानीय पेरिश तपकारा के कुल 80 मसीही भाई-बहनों ने पहली बार प्रभु भोज ग्रहण किया। पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार में पेरिश पुरोहित रेव्ह मनु महेश हांसदा, सीएनआई डायसिस रांची केन्द्र के पूर्व डायसिस सचिव निर्मल सांमद, धर्म जिला कामडारा के जिलाध्यक्ष रेव्ह अशोक मानकी तथा तपकारा पेरिश केन्द्र के प्रचारक जोन तोपनो के अलावा विभिन्न मंडलियों के प्रचारक सामूहिक दृढ़ीकरण संस्कार की आराधना में शामिल हुए।

## ज्वेलर्स दुकान में नकली चांदी दिखाकर ठग ने की ठगी



रातू। प्रखंड के काठी टांड़ स्थिति शंकर ज्वेलर्स में सुरेश प्रसाद नामक एक व्यक्ति ने चांदी बता कर सामग्री बदलकर सोने का सामान लिया जिसकी मूल्य करीब बीस हजार है। उसने एक वस्तु दिया और कहा कि यह चांदी है परंतु उसके जाने के पश्चात जब दुकानदार ने उसकी जांच की तो वह निकली निकला। सीसीटीवी फुटेज में उक्त व्यक्ति का चेहरा पहचान में आ रहा है। दुकानदार के प्रोपराइटर विवेक सोनी ने सभी से आग्रह किया है कि इस ठग से बचकर रहे, हो सके उनकी कोई बड़ी गैंग भी हो सकती है और यह व्यक्ति जहां भी दिखे नजदीकी पुलिस थाने या दुकानदार के प्रोपराइटर विवेक सोनी से संपर्क करें या थाना से संपर्क करें।

## विद्यालयों में पोषण और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराएं अधिकारी: डीडीसी

**खूंटी**। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत जिला स्तरीय स्टीयरिंग और मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, संबंधित पदाधिकारियों एवं समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान योजना की प्रगति, विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, छात्रों की पोषण स्थिति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में पोषण युक्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग और उनके सुचारू क्रियान्वयन कें लिए समुचित रणनीति अपनाने पर जोर दिया। बैठक में निर्देया दिया गया।

### तीन दिवसीय रांची डिस्ट्रिक्ट चेस चैंपियनशिप आज से

## टूर्नामेंट में 200 प्रतिभागी होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- **तीन दिवसीय चेस चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक भी संपन्न हुई**

डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन शुक्रवार से तीन दिवसीय रांची डिस्ट्रिक्ट चेस चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन आरम्भ हो रहा है। गुरुनानक हाइयर सेकेंड्री स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में चार विजयी प्रतिभागियों को स्टेट चैंपियनशिप में खेलने का अवसर मिलेगा। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस टूर्नामेंट में लगभग 200 प्रतिभागी शामिल होंगे। चैम्पियनशिप में शामिल होनेवाले सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो, सर्टिफिकेट और तीन दिनों तक लंच पैकेट दिया जायेगा। शुक्रवार को प्रतियोगिता सुबह 10.30 बजे से आरंभ होगी। तीन दिनों तक चलनेवाले इस प्रतियोगिता में कुल आठ राउंड का खेल होगा। पहले दिन 2 राउंड का खेल होगा। रविवार, दिनांक 1 जून 2025 को शाम 5 बजे से प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया जायेगा। कुल 15 विजेताओं के बीच लगभग 25 हजार रुपये कैश प्राइज दिया जायेगा। पहला स्थान पानेवाले विजयी प्रतिभागी को 2500 रूपए नकद और ट्रॉफी दी जाएगी। उक्त जानकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सांसद (राज्यसभा) प्रदीप वर्मा तथा जनरल सेक्रेटरी नवजोत अलंग ने देते हुए प्रतियोगिता में शामिल होनेवाले सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दीं। तीन दिवसीय चेस चैंपियनशिप की तैयारियों की समीक्षा हेतु आज रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक भी संपन्न हुई।

बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं माननीय सांसद (राज्यसभा) श्री प्रदीप वर्मा, जनरल सेक्रेटरी श्री नवजोत अलंग, एआईसीएफ के सह सचिव मनीष कुमार, मुख्य ऑरबिरेटर दीपक कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, मीडिया इंचार्ज संतोष द्विवेदी, सदस्य मृदुल कुमार उपस्थित थे।

### पुलिस की सक्रियता से चालू हुआ बंद कांटाघर

## नक्सली धमकी के मामले में थाने में प्राथमिकी दर्ज



**खलारी**। नक्सली धमकी के चलते 24 घंटे तक बंद रहे कोयले के रोड सेल को खलारी पुलिस की तत्परता और सशस्त्र बलों की मौजूदगी में गुरुवार को दोबारा चालू करा दिया गया। सीसीएल एनके एरिया की सभी परियोजनाओं के कांटाघरों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए पुलिस ने कोयला कारोबार को पुनः सामान्य कराया। पुलिस उपाधीक्षक रामनारायण चौधरी और खलारी थाना प्रभारी पुनि जयदीप टोप्पो सशस्त्र बलों के साथ खुद मौके पर पहुंचे और प्रत्येक कांटाघर का निरीक्षण किया। उन्होंने कोयला लोडिंग और तौल प्रक्रिया को अपनी निगरानी में शुरू कराया और मौके पर मौजूद कोयला कर्मियों, लिफ्टरों तथा व्यवसायियों से बातचीत की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था को बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चाहे वह अपराधी हो या नक्सली तत्वकृअगर कोई शांति भंग करने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कोयला कारोबार से जुड़े सभी लोगों को भयमुक्त होकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

## झारखंड के खेल जगत में एक शानदार आगाज

**रांची**। भारत सरकार की खेल एवं युवा कार्य मंत्रालय की प्रमुख संस्थान, लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर एवं मोंगिया राष्ट्रीय वॉलीबॉल अकादमी, गिरीडीह के संयुक्त अनुमोदन एवं क्रीड़ा विशेषज्ञों के देखरेख में सत्र 2024-25 से पहली बार देश के युवा उच्च शिक्षारत स्नातकोत्तर प्रार्थी वॉलीबॉल प्रशिक्षकों के लिए 10 जून से 10 अगस्त तक आयोजित होने जा रही है। वॉलीबॉल प्रशिक्षण में "इन्टर्नशिप सह एसेसमेंट प्रोग्राम"। संभवतः यह पहला अवसर होगा जब पूरे देश के भावी वॉलीबॉल प्रशिक्षकों एवं भारत सरकार के प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान के उच्च शिक्षारत खेल प्रशिक्षण के स्नातकोत्तर प्रार्थियों को "इन्टर्नशिप कोर्स" करने का अवसर झारखंड में प्राप्त होगी ।

## हरमू यूथ ने 9 विकेट से जीत दर्ज की

**नवीन मेल संवाददाता। मैकलुस्कीगंज**



रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में चार दिवसीय समर कप अंडर 14 टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज गुरुवार को मैकलुस्कीगंज के सखुआ टांड स्थित राजा बंगला में किया। मौके पर उपस्थित झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय नाथ शादहेव, पूर्व अंतराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच शेखर बोस, मिहिर टोप्पो कामेश्वर प्रसाद सएच पी सिंह नितेश सहदेव निशांत सिंह राजीव वर्मा सत्यम कुमार विशाल शर्मा सचिन गिरी ने संयुक्त रूप से विधिवत उद्‌घाटन किया। चार दिनों चलने वाले इस टूर्नामेंट में जमशेदपुर के कदमा क्रिकेट अकादमी, पटना की ईशान किशन अकादमी अकादमी एवं रांची के हरमू यूथ क्लब, अरविंदो यूथ क्लब की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही है। प्रत्येक टीम तीन - तीन मैच एक खेलेगी। 1 जून को इस टूर्नामेंट का फाइनल खेला जाएगा। इस का उद्घाटन मैच ईशान किशन अकादमी और हरमू यूथ के बीच खेला गया जिसमें हरमू यूथ ने 9 विकेट से जीत दर्ज की पहले बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन अकादमी ने 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 96 रन ही बना पाई प्रभु ने 27 रन की पारी खेली आदित्य ने 16 रन देकर 2 खिलाड़ियों को आउट किया जवाबी पारी खेलने उतरी हरमू यूथ की टीम ने 11.2 ओवरों में 1 विकेट खोकर 97 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए आयुष ने नाबाद 49 और दिव्यम ने नाबाद 21 रन बनाए। दिन के दूसरे मुकाबले में अरविंदो क्रिकेट क्लब ने कदमा क्रिकेट क्लब को 87 रनों से हरा दिया पहले बल्लेबाजी करते हुए अरविंदो की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 2 विकेट खोकर 178 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया टीम के लिए हिमांशु ने नाबाद 89 रन और आशीष ने नाबाद 35 रन की पारी खेली। मनीष और अक्षत को 1-1 विकेट प्राप्त हुआ। जवाब में कदमा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 19 ओवरों में 91 रन बनाकर ऑल आउट हो गई टीम के लिया अंशित शौर्य ने 32 और मनीष ने 26 रन का योगदान दिया प्रिंस ने 12 रन देकर 4 तथा उत्सव ने 33 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किए।

## सड़क हादसे में एक की मौत और एक घायल

**मांडर**। राष्ट्रीय राजमार्ग 39 पर ब्राम्बे के निकट स्थित साईं अस्पताल के समीप एक बाइक से असंतुलित होकर गिरने से गुरुवार की दोपहर एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। मिली जानकारी के अनुसार चान्हो थाना क्षेत्र के चोरेया गांव निवासी 38 वर्षीय सुशील उरांव अपने एक दोस्त संदीप उरांव के साथ अपने केटीएम बाइक से मखमंद्रो बाजार से वापस अपने गांव की ओर लौट रहा था। उक्त स्थान के निकट बाइक की गति काफी तेज होने के कारण वह असंतुलित होकर सड़क के बीचो-बीच बने डिवाइडर से टकरा गया। डिवाइडर से टकराने के कारण वह सड़क पर काफी दूर फेंका गया। इस हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोट लगी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मांडर पुलिस ने सुशील और संदीप दोनों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां ईलाज के बाद डॉक्टर ने सुशील को मृत घोषित किया।

## विकास की राह छोड़, विवादों में उलझी झामुमो सरकार: भाजपा

**रांची**। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो की हालिया प्रेस वार्ता पर कहा कि झामुमो का रवैया राज्य सरकार से भिन्न और विरोधाभासी होता जा रहा है। एक ओर झारखंड सरकार के प्रतिनिधि वित्त आयोग से मुलाकात कर राज्य की मांगें रखते हैं, वहीं दूसरी ओर झामुमो के प्रवक्ता उसी वित्त आयोग को सार्वजनिक मंचों से कोस रहे हैं। यह दोहरी राजनीति प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। श्री साह ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत गठित वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जो भारत के संघीय ढांचे की रीढ़ है। परंतु कांग्रेस के शासनकाल में इस संवैधानिक संस्था को किनारे कर, गैर-संवैधानिक योजना आयोग के ज़रिए निर्णय लिए जाते थे। भाजपा की सरकार ने सत्ता में आने के बाद न सिर्फ योजना आयोग को समाप्त कर नीति आयोग की स्थापना की, बल्कि वित्त आयोग को भी वास्तविक शक्ति और सम्मान प्रदान किया है। उन्होंने झारखंड के लिए नीति आयोग की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह संस्था विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए राज्यों को मार्गदर्शन देती है, परंतु झामुमो के प्रवक्ता इसके विपरीत वित्त आयोग पर अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं, जो संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। भाजपा प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा झारखंड को दी गई अधिकांश योजनाओं और फंडों में भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहाः आयुष्मान भारत योजना में भारी वित्तीय अनियमितता की पुष्टि स्वयं कैग रिपोर्ट कर चुकी है।जल जीवन मिशन में झारखंड पूरे देश में सबसे फिसड्डी प्रदर्शन कर रहा है।स्मार्ट सिटी मिशन और अमृत योजना जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में राज्य की नाकामी स्पष्ट है। अजय साह ने कहा कि झारखंड में शहरी विकास का काम चुने हुए जनप्रतिनिधियों की बजाय नौकरशाही के हवाले कर दिया गया है, ताकि मनमानी कर घोटालों को अंजाम दिया जा सके।

### उपकरणों की चोरी से बीएसएनएल ठप

## इंटरनेट बंद होने से आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित



**खलारी**। आज के डिजिटल युग में इंटरनेट आम आदमी की ज़िंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। पढ़ाई, नौकरी, बैंकिंग, आनलाइन खरीदारी से लेकर सरकारी सेवाओं तक, हर चीज़ इंटरनेट पर निर्भर हो गई है। ऐसे में खलारी क्षेत्र में बीएसएनएल की इंटरनेट सेवाएं पिछले चार दिनों से पूरी तरह ठप हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीएसएनएल की सेवाएं बाधित होने से सबसे ज्यादा असर छात्रों और आनलाइन काम करने वाले लोगों पर पड़ा है। कई छात्रों ने बताया कि वे आनलाइन कक्षाओं, परीक्षाओं और फार्म भरने जैसी जरूरी गतिविधियों से वंचित हो रहे हैं। वहीं, वर्क फ्राम होम करने वाले कर्मचारियों को भी इंटरनेट न होने के कारण काम में भारी दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि आनलाइन पेमेंट सिस्टम जैसे यूपीआई, फोन-पे, और गुगल पे पर निर्भरता बढ़ गई है, लेकिन नेटवर्क बंद होने से लेन-देन में रुकावट आ रही है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। खलारी निवासी सुशील अग्रवाल ने बताया, बीएसएनएल की सेवाएं बंद होने से हमें मजबूरी में महंगे निजी नेटवर्क्स का सहारा लेना पड़ रहा है, जो हर किसी की पहुंच में नहीं है।

**25 मई की रात हुई थी खलारी एक्सचेंज में चोरी**

रविवार रात खलारी स्थित बीएसएनएल एक्सचेंज से कीमती उपकरणों की चोरी हो गई थी। इस घटना को लेकर सोमवार को मांडर एक्सचेंज के एसडीईटी प्रत्युष पाठक स्वयं खलारी एक्सचेंज आकर चोरी गए सामनों का आकलन कर खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराएं थे।

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
फेडरेशन ऑफ़ हज़ारीबाग़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधि मंडल हजारीबाग में पदस्थापित नए उपयुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की एवं हजारीबाग में उनका पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान हजारीबाग में फल फूल रहे नशे के कारोबार 140 नंबर थाना के रसीद में हो रही परेशानी एवं अन्य ज्वलंत मुद्दों से उन्हें अवगत कराया गया। जिसे उन्होंने ध्यान से सुना और व्यापारियों की समस्याओं पर हर संभव सहयोग देने का वचन दिया। प्रतिनिधिमंडल में चेंबर के उपाध्यक्ष सुबोध कुमार, नीरज अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर ,सह सचिव तारिक अहमद राजा एवं चेंबर के वरिष्ठ सदस्य धनंजय गुप्ता शामिल थे।

# मुंबई में झारखंडी एकता संघ ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का किया भव्य स्वागत



**बरकट्ठा।** केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का मुंबई पहुंचने पर झारखंडी एकता संघ ने पुष्पगुच्छ और अंग वस्त्र देकर भव्य स्वागत किया। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। संघ के लोगों ने झारखंडियों के लिए साप्ताहिक ट्रेन को दैनिक करने, बरकट्ठा प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड को पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने और सलैया जलाशय योजना जल्द पुरा कराने की मॉग को रखा। वहीं मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आप लोगों की समस्याओं को अतिशीघ्र समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही मुंबई में रह रहे झारखंड के लोगों का विशेष ख्याल रखा जाएगा। मौके पर झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद, ठाणे प्रभारी मुन्नालाल कुमार, बिजनेस सेल्समैन कारू रजक, विश्वकर्मा पूजा समिति कोषाध्यक्ष कार्तिक प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### मां भगवती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**तिसरी।** तिसरी प्रखंड के लोकाय में गुरुवार को माँ भगवती प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकाला गया. लोकाय थाने के समक्ष स्थित मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा की शुरुआत हुई. मुख्य मार्ग होते हुए ग्राम डेलिया के पास नदी तट पर पुजा अर्चना के पश्चात कलशों में जल भरा गया.जिसके बाद वापिस मंदिर प्रांगण आकर मंदिर का परीभ्रमण कर यह यात्रा समाप्त हुई. इस दौरान भक्ति गीतों व नारों से वातावरण गुंजायमान रहा. प्राण प्रतिष्ठा की शुरुआत बुधवार को ध्वजारोहण व कथा प्रवचन के साथ ही हो चुकि है.गुरुवार को कलश यात्रा निकाला गया,शुक्रवार को गांव भ्रमण,शनिवार को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न होना है.प्रतेक दिन संध्या में कथा प्रवचन होना है.वहीं रविवार को पूर्णाहुती,कथा प्रवचन व भंडारे के साथ ही इसका समापन हो जायेगा. इस पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कर्यक्रम को लेकर पुरा इलाका भक्तिमय हो चुका है.आस पास के कई गांव समेत पुरे प्रखंड के लोग इसमें भाग ले रहें हैं.

### मैट्रिक परीक्षा में कम नंबर लाने पर कर ली खुदकुशी,मां- बाप के अरमानों पर फेरा पानी

**बरकट्ठा।** बरवां गांव में एक विद्यार्थी ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर लिया है। ग्राम बरवां निवासी सागर कुमार 15 वर्ष ,पिता छोटू प्रसाद का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला । बताया जा रहा है कि सागर कुमार बुधवार 28 मई की रात खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। गुरुवार की सुबह देर तक नहीं उठने पर घरवालों ने कमरा का दरवाजा खुलवाने का काफी प्रयास किया। अंदर से दरवाजा नही खोलने पर घरवालों ने किसी अनहोनी की आशंका के बाद दरवाजा को तोड़कर अंदर जाकर देखा कि सागर कुमार का शव फांसी के फंदे से मृत अवस्था में लटका हुआ है। घटना के बाद घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। सागर कुमार ने मैट्रिक परीक्षा में कम नंबर आने के बाद यह कदम उठा कर मॉ -बाप के सपने पर पानी फेर दिया।

### जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया के प्रयास से गांव में लगा ट्रांसफार्मर, खुशी की लहर



**बरकट्ठा।** प्रखण्ड के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम लगानवां में 63 केवी ट्रांसफार्मर कुछ दिनों से ख़राब हो गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा जिला परिषद सदस्या प्रेरणा प्रिया को दी गई। तत्पश्चात उन्होने बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर 100 केवी का ट्रांसफार्मर तत्काल उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर मिलने एवं विधुत बहाल होने पर ग्रामीणों में ख़ुशी का माहौल है।इस कार्य के लिए लोगों ने जिप सदस्या को धन्यवाद ज्ञापित किया है।मौके पर सुरेंद्र राणा, बिंतोष मोदी, राजेंद्र मोदी, पंकज मोदी एवं अन्य ग्रामीणों उपस्थित थे।

### +2 उच्च विद्यालय बेलकप्पी के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन, रौशन बने विद्यालय के टॉपर



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय बेलकप्पी के छात्रों ने जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र रोशन कुमार ने सर्वाधिक 467 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही सलोनी शर्मा ने 466 अंक लाकर दूसरे स्थान तथा आलिया राज ने 460 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रही। इसके अलावे दर्जनों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वही मनीषा कुमारी ने 460, निधि कुमारी 450, विनीता कुमारी 446, सूरज कुमार 442, अंजली कुमारी 437, विराट कुमार 434, अश्विधि नायक 427, सूरज कुमार साहू 423, नीरज कुमार यादव 421, चंचल कुमारी 419, लक्ष्मी कुमारी 416, सुजीत कुमार यादव 412, निशा कुमारी 406, कविता कुमारी 405, कुंदन कुमार राणा 404, सुहानी कुमारी 402, शिवकुमार 400 अंक प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास समेत अन्य शिक्षकों ने सभी छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और छात्रों की लगन का परिणाम है। मौक पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास राकेश प्रसाद सुरेंद्र प्रसाद संजय कुमार ब्रह्मदेव साव हरिकांत पांडे गुलाम कौसर आकांक्षा चौबे छत्रु प्रसाद अवधेश यादव मुकेश कुमार पांडे मुकेश कुमार ईश्वर कुमार रेखा कुमारी बरनवाल ममता कुमारी एवं इंद्रजीत प्रसाद ने हर्ष बताया है और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कॉलेज में सर्टिफिकेट वितरण सह प्लेसमेंट ड्राइव का किया गया आयोजन

**बरही।** मुख्यमत्री सारथी योजना अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र योजना के तहत रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में सर्टिफिकेट वितरण सह प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आयोजित किए गए थे. जिसमें बतौर मुख्यातिथि हज़ारीबाग संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के जिला समन्यवक प्रकाश रंजन सहित दिलीप कुमार गुप्ता ऑपरेशन मैनेजर, प्लेसमेंट हेड अज़कार आलम, प्लेसमेंट मैनेजर बबलु कुमार, सेंटर मैनेजर राहुल कुमार सहित सेण्टर सदस्य शामिल हुए. प्लेसमेंट कार्यक्रम में एस पी एपैरल लिमिटेड तमिलनाडु , 2050 हेल्थकेयर राँची, के के इंटरप्राइजेज बैंगलोर, सन ब्राइट मैनपावर सोल्युशन प्राइवेट लिमिटेड बैंगलोर , यजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुजरात और स्पार्क मिण्डा प्राइवेट लिमिटेड बैंगलोर ने भाग लिया. इस कैंपस में 270 प्रशिक्षु शामिल हुए जिसमे 162 प्रशिक्षुओ को चयनित कर नियुक्ति पत्र दिया गया. सभी प्रशिक्षित उम्मीदवार को सर्टिफिकेट दिया गया. मुख्यातिथि ने मुख्यमंत्री सारथी योजना की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम का समापन सेंटर मैनेजर राहुल कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ.

## विकसित कृषि संकल्प अभियान की हुई शुरुआत

# 29 मई से 12 जून तक कृषि वैज्ञानिकों व विशेषज्ञों की टीम का होगा क्षेत्र दौरा



**बरही ।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज 29 मई से उड़ीसा के जगन्नाथपुरी से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत पूरे देश में किया है. इसके तहत देश के कृषि वैज्ञानिक व विशेषज्ञ गांव गांव घूम कर किसानों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को समाधान कर उन्नत कृषि तकनीक के माध्यम से खेती करने की जानकारी देंगे. जिससे किसानों के आय वृद्धि के साथ देश में कृषि की उत्पादकता बढ़ेगी. जो देश को आम निर्भर भारत बनाने में मदद करेगा. इसी के तहत बीटीएम राजेश कुमार, एटीएम नीलम सुजाता डुंगडुंग आईएआरआई के कृषि वैज्ञानिक डॉ निरंजन कुमार डॉ काशीनाथ, राजेंद्र मीना व दर्शन प्रसाद की टीम कोल्हुआकला पहुंची. टीम ने 121 किसानों के समूह से संपर्क किया और उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया. किसानों को उन्नत खेती और उत्तम पैदावार के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए. साथ ही वैज्ञानिक विधि से कृषि करने पर जोर दिया गया. जिससे किसान कम खर्चे में अधिकाधिक लाभ ले सकते हैं. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला किसान भीं शामिल थीं. किसानों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से उन लोगों को कृषि कार्य करने में सहूलियत होंगे. जिससे अधिक पैदावार और लाभ लिया जा सकेगा.

## जिले में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोलने का दिया निर्देश



- आकस्मिक परिस्थितियों के लिए जिले के सभी क्षेत्रों में तैयार करें स्वास्थ्य मित्र, सीपीआर एवं फर्स्ट एड की इस्तेमाल करने का दे प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से संक्षिप्त परिचय प्राप्त किया। जिसके उपरांत जिले में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी के क्रम में अधिकारियों द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, सिविल सर्जन, समाज कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शाखा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपने-अपने कार्यालयों में चल रही योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी विस्तृत रूप से उपायुक्त को दी गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी पंचायतों में पुस्तकालय खोलने का निर्देश दिया। इसके लिए उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्र में स्थल चिन्हित करने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मनरेगा संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करने एवं लाभुकों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने लाभुकों को ससमय मानदेय का भुगतान करने का निर्देश दिया। लंबित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने तीव्र गति से कार्य करते हुए योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने योजनाओं में डुप्लीकेसी न होने देने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों का जायजा लेने एवं नियमित रूप से कार्य प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया। राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने नीलाम पत्र वादों के निष्पादन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को अपने स्तर से बैठक आयोजित कर कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए ।वही, स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में उपयुक्त में सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने गंभीरता पूर्वक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### जैक 10वीं जिला टॉपर अमृता गुप्ता को क्षेत्र में मिल रहा सम्मान

**रामगढ़।** सोनडीहा निवासी अमृता गुप्ता, पिता भीम प्रसाद गुप्ता, माता चंपा देवी ने जैक की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा में 476 अंक लाकर रामगढ़ जिला टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। इस मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केन्द्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो ने अमृता गुप्ता के घर पहुंचकर उनका सम्मान करते हुए शुभकामनाएं दीं। अमृता ने बताया कि मैं बहुत ही गरीब परिवार से हूं। मेरे घर की आर्थिक स्थिति को देखकर नहीं लगता है कि मैं अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकती हूं। मुझे भावी जीवन में अपनी पढ़ाई को सुचारू रखने हेतु संगठन का सहयोग व समर्थन चाहिए। जिसमें रवि महतो ने कहा कि आपका नामांकन आपके इच्छानुसार कॉलेज में मेरे माध्यम से की जाएगी। उन्होंने कहा कि कभी भी आर्थिक स्थिति की वजह से अपनी पढ़ाई की गतिसीमा को अवरूद्ध न करें। पढ़ाई के बीच में पैसा शब्द आना ही नहीं चाहिए,आपको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न होती है तब तक हम संगठन आपके और आपके परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के माध्यम से भी निःशुल्क जेपीएससी की कोचिंग क्लासेस संचालित होती है।

## बिरहोर समुदाय की लड़कियों ने रचा कीर्तिमान

# मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर राज्य के लिए बनी प्रेरणा



- हजारीबाग में पहली बार बिरहोर समुदाय की दो बेटियों ने मैट्रिक परीक्षा पास की है,इससे पूरे गांव में जश्न का माहौल है

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस बार के नतीजों सफलता के कई रिकॉर्ड बनाए हैं, लेकिन इन सब से इतर इस बार के परिणामो ने उम्मीद,संघर्ष और बदलाव की नई कहानी लिखी है। हम बात कर रहे है बिरहोर जनजाति की दो बेटियों की जिसने मैट्रिक की परीक्षा पास कर इतिहास रचा है। चौपारण प्रखंड के वन क्षेत्र में बसा एक छोटा सा गांव जमुनियातरी आज खुशी से झूम रहा है। इस गांव से ताल्लुक रखने वाली आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय की दो बेटियों - किरण कुमारी (पिता- रोहन बिरहोर) और चानवा कुमारी (पिता- विष्णु बिरहोर) ने वो कर दिखाया है जो पहले कभी नहीं हुआ। किरण कुमारी ने 409 अंक (करीब 80%) और चानवा ने 332 अंक (करीब 66%) लाकर न सिर्फ प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की,बल्कि अपने समुदाय के लिए एक उम्मीदों का मार्ग प्रशस्त किया है। किरण कुमारी और चानवा दोनों छात्राएं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चौपारण में पढ़ाई की है,यह विद्यालय उनके लिए महज शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि सपनों की बुनियाद थी,जो उन्हें अंधकार से उजाले की ओर ले गया। किरण और चानवा अब सिर्फ दो नाम नहीं रह गए हैं, बल्कि आदिम बिरहोर समुदाय के जैसे अन्य पिछड़े समाज के लोगों और लड़कियों के लिए प्रेरणा बन गई हैं.

### कौन है बिरहोर जनजाति

बिरहोर समुदाय एक विशेष रुप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) है,जो पारंपरिक रुप से खानाबदोश और शिकार कर जीवन यापन करने के लिए जाना जाता है। हाल के दशकों में सरकार तथा स्थानीय प्रशासन द्वारा इनके हितों की रक्षा करने तथा इन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अनेकों योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। फलस्वरुप उनके जीवन शैली में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं जिनमें से कई अब स्थाई निवास कर रहे हैं और आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

## नौ दिवसीय शतचंडी प्राण प्रतिष्ठा शुरू

# विधायक ने कलश देकर यात्रा का किया शुभारंभ



**बरही।** गुरुवार से गौरियाकरमा पंचायत के गौरिया में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य कलशयात्रा से शुरुआत हुई. कलश यात्रा में एक हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुईं. जिन्हे बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने पवित्र कलश देकर रवाना किया. गाजे बाजे के साथ निकले कलशयात्रा में शामिल सभी कलश यात्री निचितपुर स्थित बराकर नदी से जल लेकर पूरे गांव का भ्रमण कर यज्ञ मंडप पहुंचे. जहां यज्ञाचार्य अरुण इंद्रगुरु की टीम ने सभी कलश को मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ मंडप में स्थापित करवाया. श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि महायज्ञ क्षेत्र के सुख, शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है. इससे सभी नकरात्मक शक्तियों का नाश होता है. इस अवसर पर महायज्ञ समिति की ओर से विधायक सहित उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. कलश यात्रा में विधायक के साथ रमेश ठाकुर, रंजीत चंद्रवंशी, राजन ओम, प्रदुम्न सिंह, नागेश्वर यादव, भूपेंद्र यादव आदि मौजूद थे. कलश यात्रा सफल बनाने में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, सचिव रामचन्द्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश पंडित, उपाध्यक्ष बिनोद यादव, उपसचिव मनोज विश्वकर्मा सहित संरक्षक डॉ. विशेश्वर प्रसाद, मनोज यादव, विजय वर्मा, सुरेंद्र कुमार, सकलदेव पांडेय, राजेश कुमार, राजेश कुमार वर्मा, रवि यादव, कैलाश यादव, संतोष ठाकुर, बिनय राणा, शिवकुमार राणा आदि ने महती भूमिका निभाई.

## बीएड कॉलेज में संगोष्ठी का हुआ समापन

# सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ में गुरूवार को महाविद्यालय के आइक्यूएसी के तत्वावधान में टर्टल फॉउन्डेशन फॉर रिसर्च एंड एडुकेशन ट्रस्ट के सहयोग से दो दिवसीय बहुविषयक संगोष्ठी का समापन किया गया जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार उपाध्याय, अतिथि डॉ. संज्ञा प्रसाद (प्राचार्य, चितरपुर कॉलेज चितरपुर, रामगढ़), सेमिनार समन्वयक आशेष आनन्द (सचिव, टीएफआर०, रामगढ़), सेमिनार संयुक्त समन्वयक अंजली सिंह (ट्रस्टी, टीएफआर, रामगढ), प्रबंध ट्रस्टी तारा शंकर अग्रवाल (टीएफआर, रामगढ़), डॉ. नेमधारी महतो (स० शिक्षक, डीवीसी +2 उच्च विद्यालय, चन्द्रपुरा), सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (प्रधानाचार्य, मनवा उच्च विद्यालय) शिक्षकगण, शोधकर्ता एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। आयोजित संगोष्ठी के दूसरे दिन तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. संजय सिंह (स० प्रा०, अर्थशास्त्र विभाग, रामगढ़ महिला महाविद्यालय, रामगढ़) ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर दीप-प्रज्ज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कुलगीत के साथ किया गया. तत्पश्चात सभी अतिथियों का सम्मान शॉल, मोमेन्टो एवं पौधा देकर किया गया। क्रमशः सभी अतिथियों ने बारी-बारी से राष्ट्रीय संगोष्ठी के विषय में विभिन्न उप-विषयों पर अपने-अपने विचार रखे। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मित्रा के द्वारा किया गया। बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में दस राज्यों के शोधकर्ताओं ने भाग लिया, कुछ प्रतिभागीयों ने ऑनलाइन मॉड के माध्यम से अपना आलेख पढ़ा, बिहार एवं झारखण्ड आदि थे।

# एजेकेएसएस बरका-सयाल शाखा कमेटी का हुआ पुनर्गठन




**रामगढ़ ।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ एटक जीएम यूनिट की बरका-सयाल शाखा कमेटी के पुनर्गठन को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिवनंदन दास और संचालन कमलेश कुमार ने किया। इस बैठक में यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव राम, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गुरु दयाल ठाकुर, क्षेत्रीय सह सचिव एसएस डे, क्षेत्रीय वेलफेयर बोर्ड सदस्य कमलेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि कोल कर्मचारियों की समस्याओं के प्रति कोल प्रबंधन का रवैया उदासीन है, जिसे यूनियन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि जून माह में क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यह सम्मेलन कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। श्री मिश्रा ने यूनियन की ओर से साफ संकेत दिया है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो जून माह के बाद आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में जीएम यूनिट की नई कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष शिवनंदन दास, उपाध्यक्ष सुरेश खरवार, सुरेंद्र कुमार,साहिल कुमार और सह कोषाध्यक्ष कुश प्रसाद चुने गये।

### स्मार्ट क्लास तो है दूर की बात स्कूल में खेल मैदान तक नहीं

**गिद्दी।** रेलीगढ़ा स्थित अनुग्रह नारायण सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय में खेल मैदान की समस्या बड़ी समस्या है। इसकी स्थापना 1963 में हुई है। तब इस विद्यालय में 8वीं से मैट्रिक तक की पढ़ाई होती थी। यहां 1279 छात्र पढ़ते हैं इनके लिए स्मार्ट क्लास दो दूर खेल के लिए मैदान तक नहीं है। विद्यालय दो कैंपस में चलता है। एक कैंपस में मध्य विद्यालय के कक्षा 1 से 8 तक और दूसरे कैंपस में कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई होती है। कुछ वर्ष पहले दोनों को मर्ज कर एक कर दिया गया है। हिन्दुस्तान के बोले रामगढ़ टीम से यहां के लोगों ने समस्याएं साझा की। अनुग्रह नारायण सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय रेलीगढ़ा डाड़ी प्रखंड में सबसे पुराना उच्च विद्यालय है। वर्ष 1963 में स्थापित इस विद्यालय को वर्तमान में गुणवतापूर्ण पढ़ाई के लिए जाना जाता है। इस विद्यालय में गिद्दी ए, रेलीगढ़ा, सुइयाडीह आदि गांव के सैकड़ो छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं।

# सिमडेगा में मादक पदार्थों पर सख्ती की तैयारी : डीसी



● जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के ठोस रणनीति बनाना की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय नारकोटिक्स समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक का उद्देश्य जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर ठोस रणनीति बनाना और इसके प्रभावी कार्यान्वयन की समीक्षा करना था।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में संचालित सभी विद्यालयों की स्थिति की जानकारी ली और विशेष रूप से यह सुनिश्चित करने पर बल दिया कि किसी भी विद्यालय के 100 मीटर की परिधि में मादक पदार्थों की बिक्री न हो। उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों के आसपास सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए और मादक पदार्थों की बिक्री में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।साथ ही, उपायुक्त ने जिले में संचालित सभी निजी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापकों को पत्र भेजकर रिपोर्ट मांगी है कि उनके विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में किसी प्रकार की मादक पदार्थों की बिक्री नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी शैक्षणिक संस्थानों की नैतिक जिम्मेदारी है कि उनके परिसरों के आसपास ऐसा कोई अवांछनीय गतिविधि न हो।स्वास्थ्य एवं औषधि नियंत्रण से जुड़ी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिले में संचालित सभी दवा दुकानों की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से यह निर्देश दिया कि सभी मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगा होना अनिवार्य है। उन्होंने ड्रग्स इंस्पेक्टर को निर्देश दिया कि जिन दुकानों में अब तक सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है, उनकी सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाए तथा संबंधित दुकानदारों को जल्द से जल्द कैमरा लगाने के निर्देश दिए जाएं।उपायुक्त ने ड्रग्स इंस्पेक्टर को यह भी निर्देशित किया कि समय-समय पर दवा दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जाए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दवाओं की बिक्री पारदर्शी ढंग से की जा रही है और कोई भी प्रतिबंधित मादक दवाओं का दुरुपयोग न कर सके। अंत में उपायुक्त ने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाना भी जरूरी है। उन्होंने सभी विभागों से सामूहिक प्रयास की अपेक्षा जताते हुए निर्देश दिया कि जिले को नशामुक्त बनाने हेतु समर्पित भावना से कार्य किया जाए।बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं ड्रग्स कंट्रोल विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## हॉटस्पॉट स्थलों पर सुरक्षा उपायों को लेकर उपायुक्त ने दिए निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की गहन समीक्षा की तथा जिन बिंदुओं पर अब तक कार्य नहीं हुआ है, उन्हें हर हाल में शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च पथ पर चिन्हित हॉटस्पॉट स्थलों पर साईनेज, स्पीड ब्रेकर एवं क्रैशर बैरियर लगाने के पूर्व के निर्देश की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए एवं स्थल की फोटोग्राफ्स एवं वीडियोज प्रस्तुत किए जाएं। तीखे मोड़ों पर मिरर लगाए जाने के निर्देश पर जब राष्ट्रीय उच्च पथ के सहायक अभियंता ने बताया कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो उपायुक्त ने इस आशय का लिखित पत्र प्रस्तुत करने को कहा।शहरी क्षेत्रों में के दोनों



ओर फ्लैंकिंग कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पंडरीपानी स्थित पुलिया की मरम्मत कार्य को एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा करने का आदेश दिया गया। नगर परिषद को पूर्व में दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए, उपायुक्त ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए चिन्हित पार्किंग स्थलों में ही वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही एनएच के दोनों ओर सफेद मार्किंग करने और मार्किंग से बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनका सामान जप्त करने तथा आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहरी क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए 15 दिनों तक लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि महावीर चौक से केलाघाघ मोड़ तक स्थित अनावश्यक विद्युत पोल को 10 दिनों के भीतर हटाया जाए।बैठक में हिट एंड रन से संबंधित वर्ष 2024 के लंबित दो मामलों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि दोनों मामलों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक मामले में रिम्स, रांची द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया गया है। उपायुक्त ने किसी एक पदाधिकारी को नामित कर उक्त प्रमाण पत्र शीघ्र मंगवाने का निर्देश दिया।सड़क किनारे स्थित दुर्घटना संभावित पेड़ों की सूची तैयार कर उसकी कटाई हेतु वन विभाग से अनुमति प्राप्त कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। अंत में उपायुक्त ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए निरंतर वाहन जांच अभियान चलाते रहने की आवश्यकता पर बल दिया और संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने को कहा।

## जनता दरबार में आईं पेयजल, खतियान और खनन से जुड़ी शिकायतें

सिमडेगा :उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह द्वारा जिला समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं उनके समक्ष रखीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने पेयजल की समस्या, खतियान दिलाने, खनन पट्टों की शिकायत, तथा अन्य सामाजिक व प्रशासनिक मुद्दों को उठाया।जनता दरबार के दौरान एक महिला ने बताया कि उनके गांव में वर्षों से पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को निर्देशित किया कि वहां पर एक चापाकल की व्यवस्था की जाए। जिसे लोगों को पानी की आपूर्ति हो सके।वहीं, कुछ ग्रामीणों ने खनन पट्टे के कारण हो रहे पर्यावरणीय नुकसान व विस्थापन की समस्या को सामने रखते हुए पट्टा रद्द करने की मांग की। इसके अतिरिक्त, एक व्यक्ति ने भूमि खतियान से जुड़ी परेशानियों को भी साझा किया, जिनका समाधान लेखागार विभाग से अपेक्षित है। उपायुक्त कंचन सिंह ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रत्येक समस्या का निष्पादन समयबद्ध रूप से किया जाएगा और जनता को बेहतर प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

## दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने किया कमाल 93% लाकर बना जलडेगा प्रखंड टॉपर

**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा।** प्रखंड में इस बार मैट्रिक परीक्षा में दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने प्रखंड स्तर पर टॉप किया है। यह खबर एक प्रेरणादायक कहानी है जो दिखाता है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस बार जलडेगा प्रखंड के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में अपनी प्रतिभा के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। प्रखंड स्तरीय टॉप 5 में इस बार जलडेगा के लड़कों ने लड़कियों को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि इनमें से मनीष कंडुलना ने सिमडेगा जिला टॉप - टेन सूची में तीसरा और अलोक तोपनो आठवां स्थान में अपनी जगह बनाकर प्रखंड का नाम रोशन किया है। लड़कों ने इस बार लड़कियों को टॉप फाइव में पीछे छोड़ दिया है।




● 10वीं की परीक्षा में इस बार लड़कों में मारी बाजी लड़कियों को छोड़ा पीछे

**जलडेगा - टॉप फाइव में शामिल बच्चों की सूची**

**राजकीयकृत उत्क्रमित +2 हाई स्कूल ओड़गा**

1. मनीष कंडुलना 466 (93.2%)

**जयंती उच्च विद्यालय गांगुटोली**

1. अलोक तोपनो 456 (91%)
2. अभिनंदन महतो 441 (88.2%)
3. निशांत कुमार नाग 438 (87.6%)
4. प्रजेश सिंह 437 (87.4%)

### दिहाड़ी मजदूरी करते हैं मनीष के माता-पिता

प्रखंड टॉपर की जानकारी मिलने पर जलडेगा ग्रामीण समाचार ने मनीष के माता - पिता से संपर्क किया। मनीष का जन्म टोनिया के कुआं टोली में हुआ है उनकी मां का नाम कांति कुजूर और पिता का नाम अलेक्सियूस कंडूलना है। मनीष का जब जन्म हुआ तब उनकी मां का दूध नहीं बन रहा था जिसके कारण ओड़गा कदम टोली निवासी मनीष की फुआ बर्जिनिया जोजो पति नमजन जोजो ने मनीष को गोद ले लिया। चूंकि संतान नहीं होने के कारण बर्जिनिया जोजो का कोई संतान नहीं था और मनीष की मां का दूध नहीं बनने के कारण बर्जिनिया जोजो ने मनीष को अपनी मां से भी ज्यादा लाड प्यार से पाला और बड़ा किया। मनीष की एक बहन और एक भाई भी है जो टोनिया के कुआं टोली में अपने माता - पिता के साथ रहते हैं बर्जिनिया जोजो ने जलडेगा ग्रामीण समाचार को बताया कि वे मजदुरी कर के अपना घर चलाते हैं। वो खुद पढ़ी लिखी नहीं है, लेकिन स्कूल में होने वाली प्रबंधन समिति की बैठक में हमेशा जाती थी और शिक्षा के महत्व को समझती थी। घर आकर मनीष को पढ़ाई में ध्यान देकर पढ़ने और मां - पिता के दिखाए रस्ते पर चलने के लिए प्रेरित करती थी। यही नहीं मनीष गाय बकरी भी चराता था लेकिन इस दौरान वो हाथ में मोबाइल के जगह किताब लेकर जाता था। मनीष ने आज पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया है। फिलहाल मनीष इंग्लिश स्पोकन क्लास करने के लिए अपने दोस्तों के साथ पटना गया है।

### 692 बच्चों ने लिखी थी मैट्रिक परीक्षा, 95 विद्यार्थियों का रिजल्ट खराब

बता दें कि इस बार जलडेगा प्रखंड के 10 विद्यालय - पीएम श्री उच्च विद्यालय जलडेगा, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय जलडेगा, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय जलडेगा, महामना मालवीय उच्च विद्यालय कोनमेरला, धनुर्जय सिंह देव उच्च विद्यालय लम्बोई, शहीद हेरमन रासकार्ट उच्च विद्यालय कुटुंगिया, जयंती उच्च विद्यालय गांगुटोली, उच्च विद्यालय टीनगीना, उच्च विद्यालय पैतानो और उच्च विद्यालय ओड़गा के कुल 704 बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा के लिए नामांकन कराया था। जिनमें से 692 बच्चे ही परीक्षा लिख पाए। कुल 263 बच्चों ने प्रथम श्रेणी, 296 बच्चों ने द्वितीय श्रेणी और 38 बच्चों ने तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण किया। वहीं इस बार जलडेगा प्रखंड के 95 बच्चों का रिजल्ट खराब हो गया।

## सिमडेगा सैरात से सालाना करोड़ों का नुकसान, नगर परिषद बेखबर!

### 2025-26 में सिर्फ 4.38 लाख की वसूली दिखी, डीसी से जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

● नगर परिषद के कथित तौर पर "खास लोगों" को अनौपचारिक रूप से वसूली का जिम्मा

● प्रतिदिन बस स्टैंड से ₹8,000–₹10,000 की वसूली, लेकिन रिपोर्ट में कोई उल्लेख नहीं

**सिमडेगा।** एक ओर सरकार राजस्व बढ़ाने को लेकर दिन-रात प्रयत्नशील है और प्रशासन को आंतरिक संसाधनों एवं राजस्व के स्त्रोतों से लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के निर्देश दे रही है, वहीं दूसरी ओर सिमडेगा नगर परिषद की सैरात व्यवस्था पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, लंबे समय से नगर परिषद द्वारा सैरात बंदोबस्ती नहीं की गई है। इसके चलते नगर परिषद के महत्वपूर्ण राजस्व स्त्रोत बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड, दैनिक बाजार और साप्ताहिक बाजार बाहरी लोगों के कब्जे में चले गए हैं, जो कथित रूप से नगर परिषद के कर्मियों व पदाधिकारियों की मिलीभगत से मनमानी वसूली कर रहे हैं।पूर्व के वर्षों में उक्त स्थानों से लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये तक का राजस्व सैरात बंदोबस्ती के माध्यम से नगर परिषद को प्राप्त होता था। लेकिन बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 में केवल 4,38,000 की ही राजस्व वसूली दिखाया गया है, जो चिंताजनक व संदेहास्पद है।नगर परिषद का दावा है कि सैरात नहीं होने की स्थिति में विभागीय कर्मियों द्वारा वसूली की जा रही है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयान करती है। बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड, दैनिक व साप्ताहिक बाजारों में बाहरी विचलियों द्वारा वसूली की जा रही है, जिन्हें नगर परिषद का कोई वैध परिचय पत्र या अधिकारिक पहचान तक प्राप्त नहीं है।इन वसूली कर्मियों द्वारा दी जा रही रसीदों में न नगर परिषद का स्टांप है, न हस्ताक्षर, न कोई क्रमांक। यानि खुले तौर पर यह बिना वैधानिक आधार के वसूली और सरकारी धन की बंदरबांट की स्थिति है। जानकारों की मानें तो बस स्टैंड से प्रतिदिन 8,000 से 10,000 तक की वसूली होती है, फिर भी नगर परिषद के आंकड़ों में इसका कहीं उल्लेख नहीं है।विश्वसनीय सूत्रों का यह भी दावा है कि नगर परिषद अपने खास लोगों को विभागीय वसूली के नाम पर अनौपचारिक रूप से नियुक्त करता है, जो अपने मनमाफिक राशि वसूल कर मनचाहे ढंग से जमा करते हैं – जिससे न केवल सरकारी राजस्व को सीधा नुकसान हो रहा है, बल्कि स्थानीय व्यवस्था में पारदर्शिता की भारी कमी भी उजागर होती है। एक तरह से कहा जाए तो नगर परिषद की ओर से बाहरी लोगों को लूट का खुला छूट दिया ।स्थानीय लोगों की मांग है कि इस पूरे मामले की उपायुक्त सिमडेगा द्वारा उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सरकार का राजस्व सुरक्षित रह सके और पारदर्शी व्यवस्था लागू हो।

## कोनमेरला सरदार टोली में स्थापित शिव मंदिर से शिवलिंग गायब, हिंदुओं में आक्रोश

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के कोनमेरला सरदार टोली स्थित महामना मालवीय उच्च विद्यालय के पास अर्धनिर्मित शिव मंदिर के शिवलिंग को असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2008 में यहां पर शिवलिंग की स्थापना की गई थी और तब से यहां पूजा पाठ भी होने लगा था। घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। घटना की जानकारी तब हुई जब गांव के कुछ बच्चे उधर खेलने गए थे और देखा कि शिवलिंग नहीं है तो बच्चों ने गांव आकर इसकी सूचना दी। हालांकि घटना को लेकर अभी तक कुछ कारवाई नहीं हुआ है। फिलहाल घटना के बाद से हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित हैं।

## न्यूज बॉक्स

### नारोडेगा में ग्राम सभा आयोजित कर चुनावी प्रक्रिया के तहत पहान का चयन किया गया

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ पंचायत अंतर्गत नारोडेगा गांव में गुरुवार को ग्राम सभा आयोजित कर चुनावी प्रक्रिया के तहत पारंपरिक नए पहान का चयन किया गया, ग्राम सभा में आयोजित चुनावी प्रक्रिया में नारोडेगा ग्राम के अन्तर्गत चार सीट के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।पहान चुनाव की प्रक्रिया पारंपरिक विधि से नरेन्द्र लुगुन (पहान) का चुनान किया गया,जिसमें चारो सीटों के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई।साथ ही ग्राम सभा के कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में संजय पॉल केरकेट्टा का सर्व सहमति से चुनाव किया गया।ग्राम सभा का संचालन पंकज लुगुन ने किया वहीं ग्राम सभा एवं चुनावी प्रक्रिया को आयोजित सभा में मुख्य रूप से महाराजा सनिका मुण्डा, पुजार लेवनारड लुगुन,राजा फागु लुगुन,महतो जेवियर होबो,पहान विरसा लुगुन, पहान कैलाश बुढ़ पहान मखुवा के द्वारा सम्पन्न कराया गया।

### कृषि विज्ञान केंद्र में मिश्रित मछली पालन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**बानो।** कृषि विज्ञान केंद्र, बानो में नेशनल एग्रीकल्चर डेवलपमेंट बोर्ड के तत्वावधान में पांच दिवसीय मिश्रित मछली पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को तकनीकी जानकारी देकर मछली पालन के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाना है।कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. स्मिथ स्वेता ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रति बेंच 30 लाभुक भाग लेंगे तथा कुल 8 बैचों में 240 किसान प्रशिक्षित किए जाएंगे। किसानों को मछली पालन की वैज्ञानिक विधियों की जानकारी दी जाएगी जिससे वे दोगुना-तीनगुना लाभ कमा सकें।डॉ. स्वेता ने यह भी बताया कि वर्तमान में केंद्र सरकार किसानों को मछली पालन की ओर प्रेरित कर रही है और इसके तहत दो दिवसीय जागरूकता अभियान भी संचालित किया जाएगा।

### रामजड़ी के पास बिजली विभाग का विद्युत कर्मी का कार दुर्घटनाग्रस्त

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजडी ग्राम के समीप सड़क दुर्घटना में विद्युत कर्मी बाल बाल बच्चा. प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग में कार्यरत जूनियर टेक्नीशियन आमोद टोप्पो विभागीय कार्य के लिए बानो गए हुए थे। अपना काम निपटाकर वे अपने चार पहिया वाहन से लौट रहे थे ।जैसे ही वे कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामजडी ग्राम के समीप पहुंचे उन्होंने अपना वाहन से नियंत्रण खो बैठा फल स्वरुप सड़क के किनारे एक पेड़ को जोरदार ठोकर दे मारी. जिसके चलते उनका वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया हालांकि इस दुर्घटना में उनको चोट नहीं आई।

### सिमडेगा यात्री बस से 4.15 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बांसजोर।** सिमडेगा पुलिस को एक बार फिर नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। बांसजोर थाना क्षेत्र के इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने यात्री बस से 4 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया है और एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रेस वार्ता करते हुए एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताया कि राउरकेला से आ रही 'रहमानिया' नामक यात्री बस से एक संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। वह पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास कर रहा था, जिससे उस पर संदेह हुआ। जांच के दौरान उसके बैग से 4.15 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।पुलिस ने मौके से किरण साहू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया और गांजा को जब्त कर लिया।बताया गया है कि बांसजोर चेकपोस्ट पहले भी कई बार नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने में अहम साबित हुआ है। यहां से पूर्व में भी कई गांजा तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़ चुके हैं।पुलिस ने कहा है कि आगे की पूछताछ के बाद तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा नेता के प्रयास से युवक के शव का कराया गया पोस्टमार्टम

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा में कुरडेग प्रखंड कालोमुंडा बरटोली से पोस्टमार्टम के लिए लाया गया नरेन्द्र साय के शव को काफी मशक्कत के बाद कर दिया गया।ज्ञात हो कि विगत शाम को कुरडेग प्रखंड कालोमुंडा बरटोली गांव के लोग पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाए थे इस बात की सुचना दुसरे दिन जैसे ही भाजपा नेता पुर्व प्रत्याशी श्रध्दानंद बेसरा को मिली फौरन श्री बेसरा अस्पताल पहुंचे एवं कालोमुंडा से आए परिजनों से मुलाकात किया। एवं श्री बेसरा ने इसको गंभीरता से लेते हुए सीएस सिमडेगा से बात कर जल्द से जल्द पोस्टमार्टम कराने के लिए आग्रह किया। साथ ही कुरडेग थाना प्रभारी से भी शव को ले जाने की व्यवस्था संबंधित बात किया। जिसके कारण शव को पोस्टमार्टम करने के पश्चात समय पुर्व कुरडेग कालो मुंडा भेज दिया गया।

### युवा अपने आत्मिक जीवन को हमेशा शुद्ध व नया बनाए रखें : नमन बिक्सल कोनगाड़ी

**कोलेबिरा।** लचरागढ़ जी.ई.एल. चर्च पास्टोरेट अंतर्गत रामजड़ी मंडली युवासंघ सभा में बतौर अतिथि शामिल हुए कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने युवाओं को आत्मिक जीवन शुद्ध और नया बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा ही परिवार, समाज, कलीसिया, राज्य और देश के भविष्य हैं।विधायक ने युवाओं से कहा कि उन्हें स्कूली शिक्षा और शारीरिक शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक और नैतिक शिक्षा को भी जीवन में अपनाना चाहिए। इससे वे जीवन के मूल्यों को समझ पाएंगे और उनका पालन कर सकेंगे। उन्होंने युवाओं को नशापान से दूर रहने, माता-पिता का आदर करने और समाज व देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में विधायक के साथ कोलेबिरा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, पास्टोरेट चेयरमैन लचरागढ़ गुड़िया, बिलसेन प्रहरसन कंडुलना, सुरेश समद, अनिल होबो, ईस्राईल तोपनो, गाब्रिऐल लुगून, नेलन कोनगाड़ी, इस्राईल सुरीन सहित पास्टोरेट की आठ मंडली युवासंघों ने भाग लिया।

## मजदूरों की बैठक, अवैध वाहन संचालन पर जताई चिंता

● ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर जताई नाराजगी डीटीओ पर उठाए सवाल

**सिमडेगा।** जिला कचहरी परिसर में आयोजित बैठक में मजदूर यूनियन के नेता राजेश कुमार सिंह के समक्ष जिले के रेजा एवं कूली मजदूरों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। बैठक में प्रमुखता से ऑटो और ई-रिक्शा (टोटो) चालकों की मनमानी, भाड़े में मनमाना बढ़ोतरी और बिना सेफ्टी के वाहनों के संचालन की शिकायतें सामने आईं।मजदूरों ने बताया कि कई चालक बिना लाइसेंस, बिना वैध कागजात और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए सड़कों पर वाहन चला रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इस पर राजेश कुमार सिंह ने गहरी चिंता जताते हुए कहा शहर में बढ़ती दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यह है कि समय सीमा समाप्त हो चुके वाहन, बिना वैध दस्तावेजों के चलाए जा रहे हैं, और जिला परिवहन विभाग इस पर पूरी तरह से असंवेदनशील बना हुआ है। सिमडेगा थाना और परिवहन कार्यालय की मिलीभगत से पैसों का खेल जारी है।"उन्होंने कहा कि इस विषय में वे जल्द ही नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त से मिलकर मजदूरों की समस्याओं को सामने रखेंगे और सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।बैठक में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए जिनमें एमलेन टोपनो, प्रतिमा टोप्पो, आशा देवी, ललिता कुमारी, पद्मनी देवी, करमी देवी, सीता देवी, शिवा साहू एवं कलेश्वर बड़ाईक शामिल थे।

## सिमडेगा: शिक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक में डीसी ने दिए अहम निर्देश



● डीसीकी अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले में इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या, परीक्षा परिणाम और जिले की रैंकिंग की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।इसके साथ ही बोर्ड परीक्षा में जिले के शीर्ष 10 विद्यार्थियों का चयन कर एक सम्मान समारोह आयोजित करने की बात कही, ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके।उपायुक्त ने जिले में बच्चों के ड्रॉपआउट दर की जानकारी ली और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसके लिए एक ठोस और व्यापक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग बच्चों को पोषण उपलब्ध कराता है और शिक्षा विभाग बच्चों को ज्ञान देता है, ये दोनों विभाग मेरे हृदय से जुड़े हुए हैं। इसलिए इन दोनों विभागों के आपसी समन्वय से जिले में बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य किया जाए।उपायुक्त ने विद्यालयों की कमियों को चिह्नित कर उन्हें दूर करने हेतु एक स्मार्ट मॉडल रिपोर्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यालयों में कहां-कहां पर समस्याएं हैं, जैसे शिक्षकों की कमी, आधारभूत संरचना की आवश्यकता, शिक्षण गुणवत्ता आदि की पहचान कर उसकी पूर्ति हेतु जिला प्रशासन हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किस विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है, इसकी समीक्षा की जाए एवं संबंधित शिक्षकों की सराहना की जाए। बैठक में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना की भी समीक्षा की गई और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सांस्कृतिक विरासत को सहेजने कीजरुरत: विधायक

● सनसेवई चामुटोली एवं सनसेवई में मरिया प्रोसेसन सह जेठ जातरा का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के सनसेवई चामुटोली में एवं सनसेवई में मरिया प्रोसेसन सह जेठ जातरा का आयोजन किया गया। दोनों ही स्थानों में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उनके साथ जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री अध्यक्ष सह उपप्रमुख सिलबेस्टर बघवार, प्रमुख सुशीला देवी सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर फादर इमानुएल बघवार मिस्सा पूजा का भी आयोजन किया गया। मौके पर विधायक ने लोगों को मरिया पर्व की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। मरिया पर्व जैसे आयोजन हमें एक-दूसरे से जोड़ते हैं और हमें अपनी परंपराओं को सहेजने की प्रेरणा देते है। विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचनाओं को मज़बूत करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा को प्राथमिकता दें और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभाएं। मुखिया सावित्री देवी, पूर्व मुखिया शंकर महली, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, पंचायत सदस्य प्रतिमा कुजूर, अजीत बड़ा, मनोज खेस, शोभेन तिग्गा, जुली लुगुन, अंजली रानी, पंचायत अध्यक्ष सालमोन मिंज, डोमिनिका एक्का, दिव्या तिर्की, प्रबोध एक्का, सरोज तिर्की आदि उपस्थित थे।



**आपसी भाईचारे का संदेश देता है मरिया पर्व: जोसिमा खाखा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण पर विशेष बल दिया। साथ ही कहा कि मरिया पर्व हमें सेवा, समर्पण और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना कोई समाज आगे नहीं बढ़ सकता और यह पर्व हमें मिलकर चलने की प्रेरणा देता है।

# धनबाद में अवैध गन फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

झारखंड एटीएस और पश्चिम बंगाल एटीएस ने एक संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. दरअसल बाघमारा के महुदा थाना क्षेत्र के सिंगड़ा बस्ती में अवैध गन फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था. जिसका खुलासा बुधवार की रात को छापेमारी के दौरान हुआ. इस दौरान एटीएस की टीम ने मुर्शीद अंसारी समेत सात लोगों को गन फैक्ट्री के संचालन के आरोप में गिरफ्तार किया है.



**अवैध गन फैक्ट्री के खिलाफ एटीएस की बड़ी कार्रवाई**

एटीएस की टीम ने बड़ी संख्या में निर्मित और अर्ध निर्मित हथियार जब्त किए हैं. साथ ही गन बनाने वाली लेथ मशीन के अलावा कई सामान बरामद हुआ है. छापेमारी के दौरान धनबाद पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा. बाघमारा एसडीपीओ पुरूषोतम कुमार सिंह भी दल बल के साथ मौके पर मौजूद रहे. घंटों चली छापेमारी के बाद एटीएस की टीम ने बरामद किए निर्मित और अर्ध निर्मित पिस्टल, निर्माण के उपयोग किए जाने वाले औजार, उपकरण सभी को जब्त कर अपने साथ ले गई. जानकारी के अनुसार मुंगेर के कारीगरों के द्वारा पिस्टल बनाने का काम किया जा रहा था. वहीं, मुर्शीद अंसारी समेत पकड़े गए अन्य लोगों को एटीएस की टीम अपने साथ ले गई है. एटीएस की टीम उनसे पूछताछ कर रही है. बरामद निर्मित एवं अर्द्ध निर्मित पिस्टल की संख्या करीब 3 हजार से अधिक है. स्थानीय लोगों की मानें तो मुर्शीद अंसारी, ड्राइवर बनकर रहता था.

## मारपीट करने को लेकर 7 लोगों पर मामला दर्ज कराया

**गिद्दी।** मनुआ निवासी मिन्हाज इराकी उर्फ सौदागर ने गिद्दी थाना में सात लोगों पर पैसा मांगने पर मारपीट करने और बाइक क्षतिग्रस्त करने का प्राथमिकी दर्ज किया है। हजारीबाग न्यायालय में दर्ज कोर्ट परिवाद के आधार पर गिद्दी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिसमें मनुआ निवासी मिन्हाज इराकी उर्फ सौदागर ने कहा है कि जनवरी में गांव के अजमत अंसारी, इब्राहिम अंसारी, दिलु उर्फ दिलावर, अमजद उर्फ बबलू अंसारी को उधार के रूप में 1 लाख 10 हजार रूपए दिए थे।

## सदर विधायक ने किया सब्जी बाजार का निरीक्षण,कहा

# बरसात और गर्मी को देखते हुए लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी

**नवीन मेल संवाददाता। हज़ारीबाग़**



सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कालीबाड़ी क्षेत्र स्थित सब्ज़ी बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क किनारे सब्ज़ी बेच रहे दुका नदारों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों से भी उन्होंने बातचीत की और उनसे सुझाव लिए। सब्ज़ी विक्रेताओं ने विधायक को बताया कि वर्तमान में बाजार के भीतर सुविधाओं की कमी और अव्यवस्था के कारण वे मजबूरी में सड़क पर दुकानें लगाने को विवश हैं। तपती धूप, अचानक होनेवाली बारिश और ट्रैफिक के बीच खुले में बैठकर व्यापार करना अत्यंत कठिन और जोखिमभरा है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें घंटों तक धूप में बैठना पड़ता है जिससे उन्हें काफी तकलीफ होती है और सुरक्षा की भी चिंता बनी रहती है। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मौके पर नगर निगम के अधिकारियों को बुलवाया और उनसे विस्तार से चर्चा की।

## एनटीपीसी के डीजीएम हत्याकांड का खुलासा

# एक और आरोपी गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद



**हजारीबाग।** देश की महारत्न कंपनी एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्याकांड मामले में एक और आरोपी को हजारीबाग पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. उसके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल और चोरी की बाइक भी बरामद की गई है. गिरफ्तार अपराधी 36 वर्षीय मुकेश साव उर्फ प्रभात उर्फ माईकल पिता निरंजन साव, ग्राम चेडरा थाना बारियातु जिला लातेहार का रहने वाला है. कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है. दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी हथियार के साथ किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए ग्राम बेस की तरफ जुटे हुए हैं. वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार एक छापेमारी दल का गठन किया गया. छापेमारी दल ने कार्रवाई करते हुए ग्राम बेस के पास से मुकेश साव को गिरफ्तार कर लिया. उसके खिलाफ केरेडारी, कटकमसांडी, बालूमाथ, गिद्दी, गिधौर, डोरंडा व कटकमदाग थाने में कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं. मुकेश साव से पूछताछ करने पर बताया कि बीते 8 मार्च 2025 को ग्राम फतहा चौक पर एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या में वह भी शामिल था. इसी के इशारे पर अन्य अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था. साथ ही हजारीबाग एवं आस-पास क्षेत्रों में रंगदारी, हत्या जैसे कई अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल होने की बात भी स्वीकार की है. 8 मार्च 2025 को एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की गोली मारकर फतह चौक पर हत्या कर दी गई थी. इस घटना की चर्चा पूरे देश भर में हुई थी और हजारीबाग पुलिस के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा हुआ था. कई दिनों तक एनटीपीसी ने कोयला उत्पादन भी ठप रखा था. सुरक्षा का आश्वासन मिलने के बाद कोयला उत्पादन शुरू किया गया था.

## रैयत की जमीन पर बना दिया सरकारी तालाब, कोर्ट पहुंचा मामला

# कोर्ट ने तालाब की भराई और नए तालाब की खुदाई का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। बगोदर,गिरिडीह**

स्थल का चयन के बाद ही किसी योजना को धरातल पर उतारा जाता है. इसमें पूरी सावधानी बरतने का निर्देश भी मिलता है. लेकिन गिरिडीह के बगोदर में स्थल चयन होने के बावजूद दूसरे स्थान पर तालाब का निर्माण करवा दिया गया. सरकारी तालाब का निर्माण रैयत की जमीन पर करवा दिया गया. इसका विरोध रैयत करता रहा लेकिन हुक्मरानों ने एक नहीं सुनी. आखिरकार जब अधिकारी नहीं सुनने लगे तो रैयत न्यायालय पहुंचा जिसके बाद इंसाफ मिला. मामला बगोदर प्रखंड के खेतको से जुड़ा हुआ है. दरअसल, मौजा खेतको, थाना नंबर 257, थाना-बगोदर में पेंडरा बांध तालाब का निर्माण भूमि संरक्षण विभाग गिरिडीह द्वारा कराया गया. योजना संख्या 18 / 2017-18 के तहत यह काम हुआ. योजना के लिए अंचल से चेकस्लिप लिया गया लेकिन कार्य कार्तिक महतो की जमीन पर पूर्ण कर दिया गया. ऐसे में कार्तिक ने विरोध किया और इसकी शिकायत सम्बन्धित विभाग से लेकर कई अधिकारियों से की पर सुनवाई नहीं हुई. गलत तरीके से उनकी 1.23 एकड़ भूमि पर तालाब बना दिए जाने से कार्तिक परेशान हो गया. कार्तिक ने अंचल से मापी भी करवायी जिसमें यह पुष्टि हुआ कि तालाब उनकी खतियानी जमीन पर बना दिया गया है. सारा तथ्य तालाब का निर्माण करवाने वाले विभाग के अधिकारियों के पास रखा फिर भी कुछ सूना नहीं गया. ऐसे में कार्तिक ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की. याचिका पर सुनवाई हुई और 18 सितंबर 2024 को न्यायालय ने आदेश जारी कर दिया. इस मामले में दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और लाभुक समिति के द्वारा अब निजी खर्च से पुराने तालाब की भराई और नए तालाब की खुदाई शुरू कर दी गई है.



**न्यायालय के आदेश के बाद शुरू हुई कार्रवाई**

न्यायालय से आदेश मिलने के बाद जिलाधिकारी के कार्यालय में वादी (कार्तिक महतो) ने अपना पूरा पक्ष रखा. साथ ही साथ 30 हजार सालान मुआवजा की मांग भी की. इस मामले को लेकर जिलाधिकारी ने बगोदर के अंचलाधिकारी से प्रतिवेदन मांगा. सीओ की रिपोर्ट में भी यह साफ हो गया कि तालाब का चेकस्लिप दूसरी जमीन का लेकर निर्माण कार्तिक महतो की खतियानी जमीन पर करवा दिया गया.

## खजाडी बेचकर पिता ने पढ़ाया, बेटी ने मैट्रिक परीक्षा में लहराया परचम



**तिसरी।** मंगलवार को मैट्रिक का परिणाम आते ही परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिलाफ उठे. बेहतरीन परिणाम को लेकर अभ्यार्थियों में काफ़ी उत्साह दिखा. बात करें तिसरी प्रखंड की तो अग्रवाला उच्च विद्यालय तिसरी की रिया कुमारी पिता नरेश कुमार ने 475 अंक यानि 95% अंक लाकर प्रखंड में पहला व जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है.वहीं खुशबू खातून ने 471 अंक लाकर दूसरा व आरती कुमारी ने 467 अंक लाकर प्रखंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. इसके अलावा पायल कुमारी, गुड़िया कुमारी, सिमरन कुमारी, मनीषा कुमारी, सानिया खातून,प्रतिमा कुमारी, सिमन बेशरा, अंकुश कुमार ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है. प्रखंड टॉप करने वाले 10 में से 9 परीक्षार्थी लड़कियां है.प्रखंड टॉप करने वाली रिया कुमारी के पिता ने बताया कि उन्होंने खजाडी बेचकर अपनी पुत्री को पढ़ाया है. रिया ने बगैर कोचिंग के ही प्रखंड टॉप व जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया है.

## जंगली हाथियों का कहर: 5 घर क्षतिग्रस्त, बच्ची घायल, विधायक ने दिलाई एंबुलेंस सुविधा

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र में एक बार फिर जंगली हाथियों का आतंक देखने को मिला है। देर रात को बिंटुका पंचायत के जामुडसोया गांव में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया और पांच घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस हमले में श्याम सुंदर सिंह के घर की दीवार गिरने से पाँच वर्षीय कौशल्या कुमारी घायल हो गई।सूत्रों के अनुसार, घटना रात लगभग 12 बजे की है जब एक जंगली हाथी गांव में घुस आया और कई घरों को निशाना बनाया। दीवार गिरने से बच्ची को गंभीर सदमा पहुँचा। सूचना मिलते ही बिंटुका के मुखिया पति सामवेल बूढ़, जेएमएम बानो प्रखंड उपाध्यक्ष तनवीर हुसैन मौके पर पहुंचे और तत्काल स्थिति से तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया को अवगत कराया। विधायक ने तुरंत एम्बुलेंस की व्यवस्था कर बच्ची को बानो स्वास्थ्य उपकेंद्र भेजवाया।डॉ. जावेद के अनुसार, बच्ची को कोई बाहरी चोट नहीं लगी है, लेकिन वह घबराहट और सदमे की स्थिति में अस्पताल लाई गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति सामान्य बताई गई है।इससे पहले, शाम करीब 6 बजे हाथी ने गेरदा बिची टोंगरी में भी हमला कर नीरू सिंह, विश्वनाथ सिंह और अकलू सिंह के घरों को नुकसान पहुँचाया। हाथी ने घर में रखे अनाज को भी खा लिया, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है।

# तिसरी पुलिस ने अवैध ढ़िबरा लदे दो पिकअप वाहनों को किया जब्त



**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी पुलिस ने अवैध माइका कारोबार के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बुधवार की देर रात को गोलगो - कर्णपुरा रोड पर अवैध ढ़िबरा लोड दो पिकअप वाहन को जब्त किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी रंजय कुमार के नेतृत्व में की गई है। हालांकि रात का फायदा उठाकर दोनों गाड़ियों का ड्राइवर चकमा देकर फरार हो गया। इस बाबत बताया गया कि कर्णपुरा गांव से बंगाल नंबर की दो पिकअप गाड़ी में माइका लोड करके तस्करी के लिए डोमचांच ले जाया जा रहा था। पुलिस को इसकी गुप्त सूचना मिली थी। गुप्त सूचना के आधार पर ही तिसरी के थाना प्रभारी रंजय कुमार पुलिस जवानों के साथ रात में ही गोलगो-कर्णपुरा की ओर निकल गए तभी गोलगो के आगे सामने से पुलिस गाड़ी आने की संदेह पर दोनों गाड़ियों को छोड़कर दोनों ड्राइवर रात का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस माइका लोड दोनों गाड़ियों को तिसरी थाना लेकर आ गई। इधर तिसरी पुलिस माइका लोड दो पिकअप गाड़ी को जब्त कर माइका के तस्करों और गाड़ी मालिक को चिन्हित करने में जुट गई है।

# पूर्व मंत्री और अध्यक्ष बेबी देवी ने भूख हड़ताल समाप्त कराई



**डुमरी।** अपने 11 सूत्री मांगों के समर्थन में 26 मई से जारी भूख हड़ताल तीसरे दिन बुधवार की रात्रि समाप्त हो गया।सूबे के पूर्व मंत्री सह झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का अध्यक्ष बेबी देवी ने भूख हड़ताल पर बैठे इसरी उत्तरी पंचायत मुखिया रीना कुमारी एवं पूर्व मुखिया अजीत कुमार को जूस पिला कर भूख हड़ताल को समाप्त कराया।पूर्व मंत्री ने मुखिया और पूर्व मुखिया को आश्वस्त किया कि 2 जून को मुख्यमंत्री से मिल सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने की मांग करेंगे।मुख्यमंत्री से मिलने के दौरान मुखिया एवं पूर्व मुखिया को भी साथ रखने की बात कही।इसके पूर्व डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को बताया कि इसरी बाजार में पुलिस चौकी निर्माण की अनुशंसा पत्र उच्च अधिकारियों को भेज दिए हैं।वहीं बीडीओ अन्वेषा ओना एवं सीआई रंजीत कुमार ने बताया कि उनके विभाग की जो भी मांग है,उसको पूरा कर दिया जाएगा।इस दौरान मंत्री पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो,पंकज महतो युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो उपस्थित थे।

## हाथी प्रभावित गांवों में वन विभाग ने वितरित की बचाव सामग्री

**बानो।** वन विभाग बानो की ओर से हाथी प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के बीच हाथियों से बचाव के लिए आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया।मिली जानकारी के अनुसार, एक बिछड़ा हुआ जंगली हाथी इन दिनों प्रखंड के रामजोल, बांकी, उकौली, बड़काडुईल, कुसुम सहित कई गांवों में भोजन की तलाश में घूमते हुए दीवारें तोड़ रहा है और घरों व अनाज को नुकसान पहुँचा रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।इसी क्रम में वन विभाग बानो के वनकर्मियों द्वारा ग्रामीणों के बीच टॉर्च, जुट बोरा, मशाल, लोहे की छड़ आदि सामग्री का वितरण किया गया, ताकि वे हाथियों को दूर भगाने के लिए इनका उपयोग कर सकें।कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना को भी ग्रामीणों के बीच सामग्री वितरण के लिए टॉर्च आदि वस्तुएं सौंपी गईं। इस मौके पर वनपाल विवेक कुमार, उदय प्रताप सिंह, लखिन्द्र कुमार सिंह, मनीष डुंगडुंग समेत अन्य वनकर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने वन विभाग द्वारा की गई इस पहल की सराहना की है, लेकिन साथ ही स्थायी समाधान की भी मांग की है।

## अंडरपास नहीं बनने के कारण गांव के लोगों की मुसीबत बढ़ी

**डुमरी।** लोहेडीह बस्ती एवं आसपास के गांव के लोगों का जीवन नरक हो गया है।क्योंकि रेलवे के द्वारा रेल मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है।पर लाइन के उस पार गांव में रह रहे लोगों के अवागमन के लिए मात्र एक सहारा एक रेलवे पुलिया है।लेकिन रेलवे के द्वारा अंडरपास नहीं बनाने के कारण गांव के लोगों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है,क्योंकि पुलिया के अंदर रेलवे के द्वारा काटी गई मिट्टी बरसात के पानी के साथ बह कर आ गई है कई बाइक सवार प्रत्येक दिन गिरकर घायल हो रहे हैं।जिसमें स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों से लेकर बड़े बुजुर्ग एवं मरीज को आने जाने में काफी परेशानी होती है। पूर्व मुखिया जगदीश रजक,मोहन राम,शौकत खान इलियास खान विजय रजक नरेश दास विक्की रजक विभूति कुमार सुनील रजक सोनू रजक मोनू रजक अरूण रजक आदि ने बताया।

## संस्कृत भारती के कार्यक्रम में भाग ले रहे 50 प्रशिक्षु



**रामगढ़।** रांची के हरमू स्थित स्थत डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल में संस्कृत भारती द्वारा 29 मई से आयोजित प्रशिक्षण शिविर में झारखंड और बिहार के 50 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। जिससे वातावरण संस्कृतमय हो गया। प्रशिक्षण पाने वाले प्रशिक्षु सेवा बस्ती में जाकर लोगों को संस्कृत का बोलचाल का प्रशिक्षण वैज्ञानिक ढंग से सहज ढंग से देना प्रारंभ ककिये हैं। विद्वानों द्वारा अवलोकन में शिक्षण प्रमुख सर्वेश कुमार मिश्रा, झारखंड प्रांत के संस्कृत भारती के संगठन मंत्री पृथ्वीराज सिंह; संस्कृत भारती के प्रदेश विद्यालय प्रमुख डॉक्टर सुनील कुमार कश्यप . गोपाल कुमार ,चंदन कुमार ,डॉक्टर दीपचंद राम कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर विनय कुमार पांडेय ,जगदंबा प्रसाद, डॉक्टर तरकांत शुक्ला ,प्रांतीय अध्यक्ष शिक्षण प्रमुख डॉ चंद्र माधव सिंह, डॉ विनय कुमार पांडेय, जगदंबा प्रसाद, डॉक्टर रामअचल द्वारा कार्यक्रम का अवलोकन किया जा रहा है। जबकि समाज में और बस्तियों में प्रशिक्षण देने का काम अंशुमान कुमार, रितु बहन ,भोले शंकर ,चंदन कुमार, रीना कुमारी, शुभम कुमार , चंदन कुमार ,गौरव कुमार कर रहे हैं।

## गोला में मादक पदार्थ के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गोला।** गोला प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड के निर्देश से जेएसएलपीएस की ओर से निषेद्य मादक पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# दुमका में पुलिस टीम पर ग्रामीणों का हमला, चार पुलिसकर्मी जख्मी




**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

जिले में मसलिया थाना क्षेत्र के तेतरिया डंगाल गांव में विगत बुधवार एक साइबर अपराधी की तलाश में गई पुलिस पार्टी को ग्रामीणों ने घेर कर हमला कर दिया. इस घटना में दो एएसआई समेत चार पुलिसकर्मी जख्मी हुए हैं. इन पुलिसकर्मियों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया. देवघर में पालोजोरी थाना क्षेत्र के दुधानी गांव में पुलिस कस्टडी में कथित साइबर अपराधी की मौत का मामला अभी पूरी तरह से ठंडा नहीं हुआ था कि आज बुधवार को साइबर अपराधी की तलाश में गई मसलिया थाना की पुलिस की टीम पर तेतरिया डंगाल गांव में ग्रामीणों ने हमला कर दिया. इस हमले में दो एएसआई, एक सिपाही और वाहन चालक जख्मी हो गए हैं. सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है. पुलिस अब सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस टीम पर हमला करने वालों की पहचान में जुट गई है.

**क्या कहते हैं एसपी :** इस पूरे मामले पर दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि साइबर अपराधी का सत्यापन करने गई पुलिस टीम पर हमला किया गया है. साथ ही ग्रामीणों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली है. आरोपियों की पहचान कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

**साइबर अपराधियों के जुटने की मिली थी सूचना**

आज मसलिया थाना को सूचना मिली कि देवघर जिला के सीमा पर स्थित खूंटोजारी पंचायत के बड़ा तेतरिया डंगाल गांव में कुछ साइबर अपराधी लोगों को शिकार बनाने का प्रयास कर रहे हैं. इसके बाद पुलिस की टीम इसका सत्यापन करने के लिए पहुंची. पुलिस अपना काम कर रही थी, तभी ग्रामीण एकजुट हो गए और उनके इस कार्य का विरोध किया. कहासुनी होने के बाद ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया. इस हमले के बाद पुलिस की टीम को बगैर सत्यापन कार्य के लौटना पड़ा. हमले की सूचना मिलते ही डीएसपी इकुड डुंगडुंग और इंस्पेक्टर शिवलाल टुडू थाना पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली.

## अभियान के पहले ही दिन कृषि वैज्ञानिकों ने किया नौ गांवों का दौरा




**बरही।** केंद्र सरकार के कृषि विकास संकल्प अभियान के पहले ही दिन कृषि वैज्ञानिक व विशेषज्ञों ने जिले के नौ विभिन्न गांवों का दौरा कर किसानों से संवाद किया. इस व्यापक कृषि जागरूकता अभियान की शुरुआत आईसीएआर के कृषि वैज्ञानिकों की अगुवाई में झारखंड के हजारीबाग जिले से प्रारंभ हुआ है. पहले दिन भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और झारखंड की तीन विशेषज्ञ टीमों ने राज्य के लाइन विभाग व स्थानीय किसान उत्पादक संगठन के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मिलकर नौ गांवों का दौरा किया. इस दौरान किसानों से संवाद किया और उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी दी. अभियान के पहले दिन किसानों को आधुनिक खरीफ फसल प्रबंधन, प्रभावी उर्वरक और कीटनाशक उपयोग, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, तथा रसायनों और कीटनाशकों के समुचित उपयोग के बारे में जागरूक किया गया. इसके अलावा किसानों को टिकाऊ खेती विधि की भी जानकारी दी गई. इस दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पारंपरिक कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना और डिजिटल कृषि मिशन आदि के बारे में जानकारी दी गई. प्रत्यक्ष बीजित धान तकनीकऔर कृषि में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग की जानकारी दी गई. कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, डॉ. सनत के. महानता और डॉ. पंकज कुमार सिन्हा आदि ने किसानो को कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया.


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-18 / 2025-26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 12.06.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 13.06.2025 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 13.06.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान:-1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- नगर नियंत्रण कक्ष राँची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान :- अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू.) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू.) | अग्रधन की राशि (रू.) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Room No.-20, 23, 102, 103, 104 and 120 at Old Vidhan Sabha Bhawan Campus, Russian Hostel, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand | 2099800.00 | 5000.00 | 42000.00 | 2 Months |
| 2 | Waterproofing of Roof and Construction of Guard Room at Kelly Bunglow 1 (Director Residence) at RIMS, Ranchi | 731900.00 | 1250.00 | 15000.00 | 1 Month |
| 3 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-486 (2nd Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 389900.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 4 | Renovation of "B" Type Qtr. No.-963 (1st Floor) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 317500.00 | 750.00 | 6500.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of B Type Qtr. No.-373 (G. Fl.) in Sector-3 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 409100.00 | 750.00 | 8500.00 | 1 Month |
| 6 | Renovation of B Type Qtr. No.-149 (S. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 408500.00 | 750.00 | 8500.00 | 1 Month |
| 7 | Renovation of "CDOHC" Type Qtr. No.-605 (S. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 450700.00 | 750.00 | 9500.00 | 1 Month |
| 8 | E/R to Chief Secretary Chamber & Hon'ble CM Cell at 1st Floor of Project Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 2440100.00 | 5000.00 | 49000.00 | 2 Months |
| 9 | Construction of Drain, Cross Drainage, Plinth Protection & Development of Flag Hoisting Area of Jharkhand State Para Medical Council, RIMS Doctor's Colony, Bariyatu, Ranchi | 1084900.00 | 2500.00 | 22000.00 | 2 Months |
| 10 | Renovation of "CD" Type Qtr. No.-175 (G. Fl.) in Sector-2 at HEC, Dhurwa, Ranchi | 602700.00 | 1250.00 | 12500.00 | 1 Month |

नोट :- निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

PR.NO.353839 Building(25-26):D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

कोई आदमी चाहे लाखों चीजें जान ले, चाहे वह पूरे संसार को जान ले, मगर वह खुद को नहीं जानता है तो वह अज्ञानी है। - ओशो

## संपादकीय

# एमएसपी बढ़ाना उचित पर किसानों को समय पर हो भुगतान

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने खरीफ के मौसम की शुरुआत से पहले ही चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी देकर देश के किसानों को अधिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम उठाया है। एमएसपी दरअसल वह निर्धारित मूल्य होता है, जो किसानों को बाजार में उनकी उपज के मूल्य से अप्रभावित रहते हुए दिया जाता है। इसके पीछे सोच यही होती है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़े। इसीलिए, फसलों के हर मौसम से पहले सरकार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। ताजा निर्णय के तहत सामान्य धान की एमएसपी में 69 रुपए की बढ़ोतरी कर इसे 2369 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है, जबकि तुअर दाल की एमएसपी में 450 रुपए की उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। इसके अतिरिक्त ज्वार, बाजरा और रागी इत्यादि फसलों की एमएसपी भी बढ़ा दी गई है।

विशेष बात है कि यह वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की उस घोषणा के अनुरूप है, जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय औसत उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुना के स्तर पर तय करने की बात थी। एमएसपी में वृद्धि की यह घोषणा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह ऐसे समय में की गई है, जब किसान बढ़ती लागत, असामान्य मौसमी प्रवृत्तियों और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहे हैं। धान जो देश के बड़े हिस्से में खरीफ की मुख्य फसल है, की एमएसपी में बढ़ोतरी से लाखों किसान लाभान्वित होंगे। दूसरी तरफ, तुअर दाल और अन्य दलहनी फसलों की एमएसपी में बढ़ोतरी से दालों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए जरूरी प्रोत्साहन मिलेगा, जो देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

*एमएसपी में वृद्धि की यह घोषणा इसलिए भी अहम है, क्योंकि यह ऐसे समय में की गई है, जब किसान बढ़ती लागत, असामान्य मौसमी प्रवृत्तियों और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहे हैं।*

कई बार देखा गया है कि एमएसपी में वृद्धि का फायदा बड़े किसानों या बिचौलियों तक सीमित रह जाता है। ऐसे में यह समझने की भी जरूरत है कि एमएसपी में बढ़ोतरी की घोषणा तभी सार्थक साबित होगी, जब इसे प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इसके लिए सरकार को पारदर्शी खरीद तंत्र, बेहतर भंडारण सुविधाएं और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने की जरूरत है। कैबिनेट का यह निर्णय यकीनन किसानों के लिए एक राहत भरा कदम है, लेकिन इसके साथ ही सरकार को दीर्घकालिक कृषि सुधारों पर भी ध्यान देना होगा। किसानों की आय व उत्पादकता में वृद्धि के लिए सिंचाई, गुणवत्तापूर्ण बीज, तकनीकी सहायता व प्रशिक्षण पर तो गौर करना होगा ही, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिहाज से भी यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि किसान को उसकी मेहनत का उचित मूल्य मिले। झारखंड में अगली खेती का समय आ गया पर अभी तक धान की सरकारी खरीद का पूरा भुगतान नहीं किया गया है।

## मर्द को भी दर्द होता है

# पुरुष डिप्रेशन और हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के पीछे है चुप्पी

स्वास्थ्य बात



**वीणा देवांगन**
अभियंता, शिक्षा विशेषज्ञ

समाज में एक पुरानी कहावत चलती है – "मर्द को दर्द नहीं होता।" पर असलियत यह है कि दर्द तो मर्द को भी होता है, बस वो कह नहीं पाता। लड़कों को बचपन से सिखाया जाता है कि अगर गिर जाओ तो रोना मत, अगर चोट लगे तो सह लो, अगर मन उदास हो तो चुपचाप सो जाओ। उन्हें कभी ये नहीं बताया जाता कि भावनाओं को महसूस करना कमजोरी नहीं होती, बल्कि इंसान होने का प्रमाण होती है। समय बीतता है, और वही बच्चा बड़ा होकर पति बनता है, पिता बनता है, बेटा बनता है – लेकिन इंसान बनने की इजाज़त उसे कभी नहीं मिलती। वो हँसता है, काम करता है, घर चलाता है, लेकिन अंदर ही अंदर थक जाता है। कभी नौकरी का दबाव, कभी रिश्तों की उलझन, कभी खुद को अकेले महसूस करने का बोझ – लेकिन चेहरे पर मुस्कान बनी रहती है, क्योंकि उसे यही सिखाया गया है। आखिर ऐसा क्यों? क्यों पुरुष डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं? क्यों हार्ट अटैक के मामले पुरुषों में ज़्यादा हो रहे हैं? क्योंकि समाज ने पुरुषों के लिए एक ढाँचा तय कर दिया है –

तुम कमाओ, तुम निभाओ, तुम बर्दाश्त करो। अगर तुम्हारा रिश्ता टूट जाए, तो भी चुप रहो। अगर तुम्हारे मन में तूफान चल रहा हो, तो भी मुस्कुराते रहो। अगर कोई तुम्हें नहीं समझता, तो खुद को दोष दो। पति बनते ही जैसे भावनाओं की अनुमति छिन जाती है। अगर वह थक गया है, तो भी उसे घर आकर सब कुछ संभालना है। अगर मन टूटा है, तो भी उसे मजबूत बने रहना है।पर सच यह है कि पति, पिता, या बेटा होना जीवन की केवल भूमिका है। यह पूरा जीवन नहीं है। रिश्ते जीवन का हिस्सा हैं, जीवन नहीं।परिवार, पत्नी, बच्चे – यह हमारे कर्तव्य हैं, और हमें उन्हें पूरे मन से निभाना चाहिए। लेकिन अगर कभी कोई रिश्ता संवाद की जगह छोड़ दे, अगर साथ रहते हुए भी मन दूर हो जाए, तो उस दर्द को अपने ऊपर इतना हावी न होने दें कि जीवन ही बेकार लगने लगे। हर रिश्ता तभी सुंदर होता है जब उसमें सम्मान और संवाद हो। अगर संवाद की जगह हो, तो कोशिश करनी चाहिए।लेकिन अगर नहीं हो, तो कर्तव्य निभाते हुए, अपना ध्यान रखते हुए, अपने जीवन को जीते हुए भी रिश्ते निभाए जा सकते हैं।यह जीवन सिर्फ निभाने के लिए नहीं, जीने के लिए मिला है।

हमें यह समझना होगा कि केवल परिवार, पत्नी, बच्चे ही हमारी पहचान नहीं हैं। हमारा जीवन इससे कहीं बड़ा है। हम धरती पर कुछ उद्देश्य लेकर आए हैं – हम ग्रीन एनर्जी के लिए काम कर सकते हैं, गरीब बच्चों को पढ़ा सकते हैं, मिट्टी बचा सकते हैं, प्रकृति के लिए, समाज के लिए कुछ योगदान दे सकते हैं। हमारे वेदों ने भी चार आश्रम बताए – ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। इसका अर्थ यही था कि जीवन को संतुलन के साथ जिएं। अगर हम एक ही अवस्था में फंसे रहेंगे – जैसे कि केवल गृहस्थ जीवन में – और बाकी जीवन को भूल जाएंगे, तो दुःख अवश्य आएगा। कर्तव्य करते रहिए, लेकिन स्वयं को मत खोइए।

## अब सवाल उठता है-डिप्रेशन से कैसे बचें?

*यहां कुछ सरल लेकिन प्रभावशाली उपाय दिए जा रहे हैं –*

1. **बात करें :** अगर आप तकलीफ में हैं, तो बोलिए। अपने किसी दोस्त, भाई, गुरु, या मनोवैज्ञानिक से बात करें। चुप रहना कभी हल नहीं होता।
2. **स्वयं को समझें :** आप केवल परिवार के लिए नहीं बने हैं, आप स्वयं के लिए भी हैं। अपने अस्तित्व की कद्र करें।
3. **कर्तव्य करें, पर खुद को मत खोइए :** पत्नी, बच्चे, परिवार – इन सबका सम्मान करते हुए भी, अपने सपनों, अपने मन की आवाज़ को मत दबाइए।
4. **रिश्तों को समर्पण दें, पर पूरा जीवन नहीं :** अगर कोई रिश्ता साथ छोड़ दे, तो टूट मत जाइए। जीवन में उद्देश्य की तलाश करें।
5. **किसी मिशन से जुड़िए :** समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कीजिए। जब हम किसी और की मदद करते हैं, तो अपना दर्द हल्का हो जाता है।
6. **शरीर और मन दोनों का ध्यान रखिए :** हर दिन थोड़ा चलें, ध्यान करें, अच्छा खाएं। शरीर का स्वास्थ्य ही मन की शक्ति है।




### अंत में यही कहना चाहूंगी

**मर्द हो या औरत–दर्द सबको होता है।**
और हर किसी को जीने का हक है, मुस्कुराने का हक है, खुलकर बोलने का हक है। अगर कोई रिश्ता आपका जीवन नहीं समझ सका, तो खुद अपने जीवन को समझिए। आपका जन्म किसी एक भूमिका को निभाने के लिए नहीं हुआ – आप एक उद्देश्य हैं। आपका जीवन केवल त्याग का नाम नहीं है, बल्कि एक रौशनी है, जिसे खुद भी देखना है और दूसरों तक पहुंचाना है। मैंने खुद अपने एक बैचमेट को खो दिया। मुझे पता ही नहीं चला कि वो अंदर से कितना टूटा हुआ था। जब तक समझ आता, तब तक देर हो चुकी थी। कुछ लोगो को बचा पाई, कुछ आज भी जूझ रहे हैं। यह व्यक्तिगत अनुभव ही मुझे यह लेख लिखने को प्रेरित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## बदलता सियासी समीकरण : क्या तेज प्रताप बदल पाएंगे पासा?

देश की बात



**संतोष कुमार पाठक**

बिहार के दो पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव और राबड़ी देवी के बेटे तेज प्रताप यादव ने राज्य की चुनावी लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। कागजों में लालू यादव के छोटे और हकीकत में बड़े बेटे तेज प्रताप यादव अपनी माता राबड़ी देवी के लाडले बेटे माने जाते हैं। बिहार की राजनीति को और खासकर लालू यादव के परिवार को करीब से देखने वाले जानकारों की माने तो, वर्ष 2015 में जब नीतीश कुमार की सरकार में तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था,तभी से रिश्तों में यह खटास शुरू हो गई थी। तेज प्रताप यादव, बड़े बेटे होने के नाते अपने आपको लालू यादव का उत्तराधिकारी मान कर चल रहे थे लेकिन लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। कई जानकर लोग तो यहां तक कहते हैं कि राबड़ी देवी ने अड़ कर तेज प्रताप यादव को जेडीयू-आरजेडी गठबंधन सरकार में मंत्री बनवाया था। ऐसे में अपने ही बेटे के खिलाफ लालू यादव द्वारा लिए गए एक्शन को काफी आश्चर्य से देखा जा रहा है। सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या लालू यादव ने अपने छोटे बेटे तेजस्वी यादव के दबाव में यह फैसला किया है ? एक तरफ जहां इस फैसले के लिए यादव परिवार के एकजुट होने का दावा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ किसी को भी इसका भरोसा नहीं हो पा रहा है कि राबड़ी देवी अपने बड़े बेटे को पार्टी और परिवार से निकालने पर तैयार हो गई होंगी? तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट से लालू यादव इतना बड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर हो सकते हैं,यह कोई सोच भी नहीं सकता था। तेज प्रताप यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर ऐलान कर दिया था कि वो एक लड़की के साथ 12 साल से रिलेशन में हैं और वो दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हालांकि इसके बाद उन्होंने एक और पोस्ट कर यह दावा किया कि उनका सोशल मीडिया अकाउंट हैक हो गया था और उन्हें बदनाम करने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उसके बाद तेज प्रताप यादव के उस लड़की के साथ कई तस्वीरें और वीडियो वायरल होने लगे,जिसने यादव परिवार को असहज कर दिया। बिहार में तय समय के अनुसार, अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा के चुनाव होने हैं। एक दौर में बिहार की राजनीति को अपनी उंगलियों पर नचाने वाले लालू यादव तुरंत समझ गए कि बड़े बेटे की हरकतों का खामियाजा विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हिन्दी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, मिशन बनाना होगा

आपकी बात



**ललित गर्ग**

हिंदी पत्रकारिता दिवस 30 मई


भारत में हिन्दी पत्रकारिता की न केवल आजादी के संघर्ष में बल्कि उससे पूर्व के गुलामी की बेड़ियों में जकड़े राष्ट्र की संकटपूर्ण स्थितियों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है, नये बनते भारत में यह भूमिका अधिक महसूस की जा रही है, क्योंकि तब से आज तक समाज की आवाज़ उठाने, सत्ता से सवाल पूछने और जनभावनाओं को मंच देने में इसका योगदान अविस्मरणीय रहा है। हिंदी पत्रकारिता या स्थानीय पत्रकारिता, लोगों को उनकी भाषा में जानकारी उन तक पहुँचाता है और देश भर में ज्ञान के व्यापक प्रसार को सुगम बनाता है। हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है, दरअसल दो शताब्दी पूर्व ब्रिटिशकालीन भारत में जब तत्कालीन हिन्दुस्तान में दूर दूर तक मात्र अंग्रेजी, फ़ारसी, उर्दू एवं बांग्ला भाषा में अखबार छपते थे, तब देश की राजधानी "कलकत्ता" से हिन्दी भाषा में 'उदन्त मार्तण्ड' के नाम से पहला हिन्दी समाचार पत्र वर्ष 1826 को छपा था। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने इसे साप्ताहिक के तौर पर शुरू किया था। इसके प्रकाशक और संपादक भी वे खुद थे। भले ही अब यह समाचार पत्र बंद हो गया है, लेकिन इसने हिंदी पत्रकारिता के सूर्य को उदित कर दिया था जो आज भी देदीप्यमान है।

उन्नीसवीं शताब्दी के अंत और बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में हिंदी के अनेक दैनिक समाचार पत्र निकले जिनमें हिन्दुस्तान, भारतोदय, भारतमित्र, भारत जीवन, अभ्युदय, विश्वमित्र, आज, प्रताप, विजय, वीर अर्जुन आदि प्रमुख हैं। बीसवीं शताब्दी के चौथे-पांचवें दशकों में अमर उजाला, आर्यावर्त, नवभारत टाइम्स, नई दुनिया, जागरण, पंजाब केसरी, नव भारत आदि प्रमुख हिंदी दैनिक समाचार पत्र सामने आए। लोकतंत्र में मीडिया चौथे स्तंभ के रूप में खड़ा है, पत्रकारिता एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से हम देश की वर्तमान स्थिति से अवगत रहते हैं। पत्रकार अथक परिश्रम करते हैं, ताकि समाचार हमारे घर तक तुरंत पहुंचे। चाहे अखबारों के जरिए हो, टीवी चैनलों के जरिए हो या सोशल मीडिया के व्यापक प्रभाव के जरिए, नित-नये बनते एवं बदलते समाज में पत्रकारिता की शक्ति को कम करके नहीं आंका जा सकता। यह हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने और सूचित संवाद को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

हिन्दी पत्रकारिता में क्रांतिकारिता का रंग गणेश शंकर विद्यार्थी ने भरा था। उन्होंने उत्तर प्रदेश के कानपुर शहर से 9 नवंबर 1913 को 16 पृष्ठ का 'प्रताप' समाचार पत्र शुरू किया था। यह काम शिव नारायण मिश्र, गणेश शंकर विद्यार्थी, नारायण प्रसाद अरोड़ा और कोरोनेशन प्रेस के मालिक यशोदा नंदन ने मिलकर किया था। शिव नारायण मिश्र और गणेश शंकर विद्यार्थी ने 'प्रताप' को अपनी कर्मभूमि बना लिया। विद्यार्थीजी के समाचार पत्र प्रताप से क्रांतिकारियों को काफी बल मिला। मुंशी प्रेमचंद महान् लेखक-कहानीकार होने के साथ-साथ हिन्दी के क्रांतिकारी एवं जुझारू पत्रकार थे, उनकी पत्रकारिता भी क्रांतिकारी थी, लेकिन उनके पत्रकारीय योगदान को लगभग भूला ही दिया गया है। जंगे-आजादी के दौर में उनकी पत्रकारिता ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध ललकार की पत्रकारिता थी। वे समाज की कुरीतियों एवं आडम्बरों पर प्रहार करते थे तो नैतिक मूल्यों की वकालत भी करते थे। मेरा सौभाग्य है कि मैं राजस्थान के यशस्वी पत्रकार स्व. श्रीरामस्वरूप गर्ग के पुत्र होने के नाते विरासत में पत्रकारिता के मूल्यों को आत्मसात करने का मौका मिला। उन्होंने 1936 एवं उसके बाद के दौर में 'राष्ट्रवाणी' एवं 'परिवर्तन' जैसी पत्रिकाओं का प्रकाशन एवं सम्पादन किया। वे राजस्थान के प्रतिष्ठित दैनिक नवज्योति के साप्ताहिक रूप में निकले प्रारंभिक अंकों के सम्पादक रहे। इसका प्रारंभ पण्डित जवाहरलाल नेहरू के निजी सचिव रहे श्री रामनारायण चौधरी ने किया था। आज जबकि हिन्दी देश एवं दुनिया में सर्वाधिक बोली एवं प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा बन चुकी है, ऐसे में सहज ही हिन्दी पत्रकारिता का मूल्य बढ़ा है। निस्संदेह, सजग, सतर्क और निर्भीक हिन्दी पत्रकार एवं पत्रकारिता एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाकर सत्ताधीशों को राह ही दिखाता है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि 'न खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

नैन सरोवर झील में, सपनों का स्नान।
भक्त, भक्ति को ज्यों मिली, एक नयी पहचान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जंक फूड से हार्मोनल असंतुलन और प्रजनन क्षमता पर असर

अलग बात



**योगाचार्य महेश पाल**

जंक फूड फास्ट फूड ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिनमें पोषक तत्वों की मात्रा कम होती है, योगाचार्य महेश पाल ने बताया की इन खाद्य पदार्थों में कैलोरी, वसा, नमक और चीनी की मात्रा अधिक होती है. ये अक्सर प्रसंस्कृत होते हैं और इनमें विटामिन, खनिज और फाइबर की कमी होती है, कुछ उदाहरणों में चिप्स, कैंडी, मीठे पेय( कोल्ड ड्रिंक),चॉकलेट, आइसक्रीम, सॉफ्ट ड्रिंक्स, बर्गर, पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज, और अन्य तले हुए और प्रोसेस्ड फूड तले हुए खाद्य पदार्थ और फास्ट फूड वह भोजन होता है जो जल्दी तैयार हो जाता है और तुरंत उपलब्ध हो जाता है, जैसे बर्गर, पिज्जा, सैंडविच शामिल हैं, जंक फूड को अक्सर विवेकाधीन भोजन' या 'वैकल्पिक भोजन' के रूप में भी जाना जाता है,ज़्यादातर फ़ास्ट फूड बहुत ज़्यादा प्रोसेस्ड होते हैं और उनमें सोडियम (नमक के रूप में), शर्करा और संतृप्त वसा की महत्वपूर्ण मात्रा होती है। शर्करा में फ्रुक्टोज़ या सुक्रोज़ शामिल हो सकते हैं। प्रोसेस्ड चीनी खाने को नशीला बना देती है और लीवर और कई अन्य प्रणालियों के लिए ज़हरीली हो जाता है लेकिन चीनी, नमक और संतृप्त वसा से भरे अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन का सेवन करने से आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा होता है जिनमें, मोटापा, पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम(PCOD), उच्च रक्तचाप,उच्च कोलेस्ट्रॉल, किडनी रोग, साइलेंट हार्ट अटैक, डायबिटीज, थायराइड, तनाव, चिड़चिड़ापन, कमजोर याददाश्त, स्पर्म काउंट कम होना, दुबलापन, गर्भाशय कैंसर , स्तन कैंसर और आंत्र कैंसर शामिल हैं,जंक फूड में उच्च वसा, चीनी और नमक की मात्रा होती है, जो शुक्राणुओं के उत्पादन को प्रभावित करती है,जिससे पुरुषों का टेस्टिकल फंक्शन प्रभावित हो जाता है और शुक्राणुओं के उत्पादन की क्षमता कम हो जाती है, कम शुक्राणुओं की संख्या प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती है और पुरुषों मैं नपुंसकता की समस्या हो जाती है,फास्ट फूड और जंक फूड की लत भावनात्मक अस्थिरता और आवेगपूर्ण व्यवहार से जुड़ी होती है जिससे हमें बह लत लग जाती है,फास्ट फूड की लत लगने में कई कारक योगदान करते हैं जिनमें,इसे आकर्षक ढंग से पैक और प्रस्तुत किया गया होता है,मोटे लोग लेप्टिन और इंसुलिन हार्मोन के प्रति प्रतिरोधी हो जाते हैं, जिसके कारण भूख का नियमन गड़बड़ा जाता है,फास्ट फूड में वसा और नमक की उच्च मात्रा भी आदत निर्माण में योगदान देती है, फास्ट फूड आपके मस्तिष्क में रिवॉर्ड सिस्टम को सक्रिय करता है। इसमें डोपामाइन का स्राव शामिल है, जो तंत्रिका तंत्र का एक शक्तिशाली रासायनिक संचारक है।डोपामाइन सुखद भावनाओं से जुड़ा हुआ है। चीनी, नमक और स्वाद से भरपूर खाद्य पदार्थ अधिक डोपामाइन स्राव को सक्रिय करते हैं।भोजन की लत वाले लोगों में मादक द्रव्यों के सेवन के विकारों के मामले में देखी जाने वाली तरह की खराब रिवार्ड प्रणाली होती है।,इस लत से बचने के लिए अपने दैनिक दिनचर्या को व्यवस्थित करें और अपने जीवन में योग प्राणायाम को स्थान दें, योग भावनात्मक अस्थिरता एवं डोपामाइन हार्मोन और टेस्टिकल फंक्शन को कंट्रोल करने का काम करता है और टेस्टिकल फंक्शन की कार्य क्षमता को बढता है जिससे पुरुषों मै नपुंसकता की समस्या से बचा जा सकता है और योग प्राणायाम से हम हमारी इच्छाओं को नियंत्रित कर फास्ट फूड जंक फूड की लत से भी बचा जा सकता है और हम विभिन्न प्रकार के रोगों से बच सकते हैं,इस लत से बचने के लिए, स्वस्थ भोजन उपलब्ध रखें, रेफ्रिजरेटर में लुभावने लेकिन अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों को न रखे, जंक फूड खाने की लालसा को बढ़ाने बाले टेलीविजन शो और विज्ञापनों से बचे,जंक फूड फास्ट फूड खाने से बचे और विभिन्न प्रकार की समस्याओं व रोगों से अपना बचाव कर योग प्राणायाम को अपने दैनिक दिनचर्या में स्थान दें जिससे हम पूर्ण रूप से स्वस्थ व सशक्त बने रहें और अपने जीवन को आनंद और उत्साह से जीते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 14 साल की मेहनत और लिख डाली उर्दू में रामायण

**बाराबंकी (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के छोटे से गांव असगरनगर मजीठा के रहने वाले विनय बाबू ने एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है। जूनियर हाईस्कूल तक पढ़े विनय बाबू ने उर्दू भाषा में रामायण का भावानुवाद कर एक मिसाल कायम की है। उन्हें उर्दू और शेरो-शायरी से इतना गहरा लगाव हो गया कि उन्होंने पूरे 14 साल का वक्त इस कार्य में लगा दिया। विनय का उर्दू से जुड़ाव बचपन में ही शुरू हो गया था। जब वे स्कूल जाते थे, तो रास्ते में कुछ लोगों को उर्दू बोलते सुनते थे। उन अल्फाज़ की मिठास ने उन्हें आकर्षित किया। बुजुर्गों की संगत और शायरों की महफिलों से धीरे-धीरे उन्होंने उर्दू सीखी। इस अद्भुत रचना के लिए विनय को कई जिलों में घूमना पड़ा, जिनमें अयोध्या, प्रयागराज और यहां तक कि हिमालय की यात्रा भी शामिल है। वहीं रुककर उन्होंने अपने इस सपने को साकार किया। अब विनय चाहते हैं कि उनकी इस किताब का विमोचन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के हाथों हो। विनय का सफर यहीं नहीं रुका है। अब उन्होंने महाभारत के भावानुवाद पर भी काम शुरू कर दिया है। कुछ अंश वे लिख भी चुके हैं। उनका कहना है कि जैसे रामायण को उर्दू में ढाला, वैसे ही वे महाभारत को भी उर्दू शायरी के अंदाज में पेश करेंगे।

- चाहते हैं कि उनकी किताब का विमोचन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के हाथों हो

## रामायण को मिला शायरी का रंग

शायरी का शौक बढ़ा तो अजीज बाराबंकवी जैसे शायर के शागिर्द बन गए और बाकायदा शेरो-शायरी करने लगे। इसी दौरान विनय को पता चला कि उर्दू में संपूर्ण रामायण अब तक नहीं लिखी गई है। किसी शायर ने कोई खंड लिखा तो किसी ने कुछ हिस्सा, लेकिन पूरी रामायण किसी ने नहीं लिखी थी। यहीं से विनय के मन में यह सपना पनपा कि वे रामायण को उर्दू शायरी के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

विनय ने बताया कि उन्होंने रामायण का अनुवाद नहीं, बल्कि भावानुवाद किया है, जिसमें भावों को शेरो-शायरी के अंदाज में पेश किया गया है। उनकी लिखी 'विनय रामायण' 500 पन्नों की है, जिसमें 24 खंड और करीब 7,000 शेर हैं।

- बचपन में स्कूल जाते समय रास्ते में उर्दू सुनने से रुचि बढ़ी
- बुजुर्गों की संगत और शायरों की महफिलों से उर्दू सीखी
- शायरी के अंदाज़ में प्रस्तुत करने की योजना

## नवी मुंबई में 2.7 लाख रुपये मूल्य की 'हाइड्रो' गांजा बरामद, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**एजेंसी। मुंबई**



महाराष्ट्र के नवी मुंबई इलाके में पुलिस ने 23 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 2.78 लाख रुपये मूल्य का 'हाइड्रो' गांजा बरामद किया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'हाइड्रोपोनिक्स' जल-आधारित खनिज पोषक घोलों का उपयोग करके कृत्रिम वातावरण में मिट्टी के बिना की जाने वाली खेती का एक प्रकार है। इसी प्रक्रिया से हाइड्रो गांजे की उपज तैयार की जाती है।

पुलिस गश्ती दल ने मंगलवार तड़के वाशी क्षेत्र में जुई पुल के नीचे एक स्कूटर पर दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में घूमते देखा। वाशी पुलिस थाने के अधिकारी के अनुसार, पुलिस ने उन्हें रोका और वाहन की तलाशी ली जिस दौरान स्कूटर की डिक्की से हाइड्रो गांजा मिला। उन्होंने बताया कि इनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दूसरा मौके से फरार हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अब इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बरामद मादक पदार्थ कहां से लाया गया था।

# पीओके कहेगा, मैं भारत हूं, पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना 'कॉस्ट इफेक्टिव' नहीं है, बल्कि इसकी एक भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अंदाजा आज पाकिस्तान को हो चुका है। रक्षा मंत्री ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर में, पूरे देश की जनता ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो चुका है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए जरूरी है। भारत एक तरफ आर्थिक सफलता की सीढ़ियों पर तेजी से बढ़ते हुए आज, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, और जल्द ही यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में नजर आएगा।" रक्षा मंत्री गुरुवार को दिल्ली में सीआईआई की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, "मैं मानता हूँ कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह पूर्ण विश्वास है कि हमारे वो भाई जो आज हमसे भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हैं, वे भी अपने स्वाभिमान, आत्मा की आवाज और स्वेच्छा से भारत की मुख्य धारा में कभी न कभी जरूर लौटेंगे। वहां के अधिकांश लोग भारत के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं, कुछ गिने-चुने ही हैं, जिन्हें भटकाया गया है। पीओके में रहने वाले हमारे इन भाइयों की स्थिति कुछ ऐसे ही है, जैसे वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। छोटे भाई शक्ति सिंह के अलग हो जाने पर भी बड़े भाई महाराणा प्रताप का विश्वास अपने छोटे भाई के प्रति बना रहता है और वो बड़े विश्वास से कहते हैं- 'तब कुपंथ को छोड़ सुपथ पर स्वयं चला आएगा।

## एसीबी ने 25,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**तेलंगाना।** तेलंगाना के हैदराबाद में एक राजस्व निरीक्षक (आरआई) ने कथित तौर पर एक व्यक्ति से पारिवारिक प्रमाण पत्र जारी करने के लिए 1 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित की शिकायत के आधार पर, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने छापा मारा और मुशीराबाद में तहसीलदार के कार्यालय में भूपाल महेश, आरआई को आंशिक भुगतान के रूप में 25,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। मामले की जांच अभी चल रही है और आरोपी को हैदराबाद के नामपल्ली में स्थित हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायालय में विशेष पुलिस स्थापना (एसपीई) और एसीबी मामलों के विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश होना है।

### ओडिशा कैबिनेट ने एआई नीति को दी मंजूरी

## सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन की आयु सीमा बढ़ाकर 42 वर्ष की

**एजेंसी। ओडिशा**



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में ओडिशा कृत्रिम मेधा नीति , 2025 को मंजूरी दी गई और सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन की अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 42 वर्ष कर दी गई। मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट ने वाणिज्य और परिवहन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण और सामान्य प्रशासन विभागों के पांच प्रस्तावों को मंजूरी दी। आहूजा ने कहा कि राज्य ने कृत्रिम मेधा (एआई) की परिवर्तनकारी संभावनाओं को अपनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। नई नीति शासन में सुधार, नवोन्मेष को बढ़ावा देने, डेटा-आधारित नीति निर्धारण को सशक्त करने और समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगी। यह नीति उच्च स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता को सुलभ कराने, बड़े आंकड़ों तक पहुंच सुनिश्चित करने, उद्योग-अकादमिक सहयोग को प्रोत्साहित करने और सतत एवं हरित एआई तैनाती के लिए रणनीतिक ढांचा प्रदान करेगी।

## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे तीन नए जज, केंद्र सरकार जारी कर सकती है अधिसूचना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कॉलेजियम की सिफारिशों पर राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में तीन नए जजों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर सकती है। उम्मीद है कि शुक्रवार सुबह भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण आर गवई इन जजों को शपथ दिलाएंगे। नियुक्तियों से संबंधित फाइलें बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास पहुंचीं और अब उन्हें मंजूरी मिल गई है। उम्मीद है कि केंद्रीय कानून मंत्रालय जल्द ही औपचारिक अधिसूचना जारी करेगा, जिससे सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। यह न्यायपालिका में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, जो कॉलेजियम की सिफारिश के तीन दिन बाद आया है। इस त्वरित कार्रवाई को सीजेआई गवई के कार्यकाल की सकारात्मक शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में पदभार संभाला था। पदोन्नति के लिए निर्धारित तीन न्यायाधीश हैं: न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया, कर्नाटक हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, जिनका मूल हाई कोर्ट गुजरात है; विजय बिश्नोई, गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, जिनका मूल उच्च न्यायालय राजस्थान है, और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर, बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश। उनकी नियुक्तियों के साथ, सुप्रीम कोर्ट अपने स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या तक पहुँच जाएगा।

### पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी की हुंकार, बोले-

# प्रदेश में मची है चीख पुकार नहीं चाहिए निर्मम सरकार

**एजेंसी। अलीपुरद्वार**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने टीएमसी को 'निर्मम सरकार' करार देते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों और आम लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रही है। पीएम मोदी ने यहां मंच से कहा कि बंगाल की जनता कह रही है कि 'मची है चीख पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार।' पीएम मोदी ने मुर्शिदाबाद और मालदा की घटनाओं का जिक्र करते हुए टीएमसी सरकार के समय में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। जनसभा के दौरान मंच से पीएम मोदी ने अलीपुरद्वार और कूचबिहार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। इस परियोजना से 2.5 लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए सस्ती और सुरक्षित गैस आपूर्ति होगी। इससे न केवल सिलेंडर खरीदने की परेशानी खत्म होगी, बल्कि परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा भी मिलेगी। पीएम ने इसे सरकार की डोरस्टेप डिलीवरी का उदाहरण बताया। आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी शामिल हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने इस योजना को लागू नहीं होने दिया, जिसके कारण राज्य के लोग इस लाभ से वंचित हैं।

## 3 बार घर में घुसकर मारा, पीएम मोदी का पाकिस्तान को सीधा संदेश

- अभी खत्म नहीं हुआ है ऑपरेशन सिंदूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने सीमा पार से आतंकी ढांचे को नष्ट कर दिया है, जिसके बारे में पाकिस्तान ने कभी सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने की हिम्मत की थी, लेकिन हमारी सेना ने उन्हें सिंदूर की ताकत का एहसास करा दिया। पश्चिम बंगाल के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि राज्य व्यापक हिंसा, अराजकता, महिलाओं में असुरक्षा, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी की स्वार्थी राजनीति गरीब लोगों को उनके वाजिब अधिकारों से वंचित कर रही है। पाकिस्तान यह समझ ले कि हमने तीन बार उसके घर में घुसकर मारा है। उसे पता होना चाहिए कि अभी ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है। भारत अब चुनचुनकर आतंकवादियों को खत्म करना जानता है। पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार का सबसे बुरा परिणाम युवा और गरीब परिवार भुगतते हैं। हमने देखा कि शिक्षक भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार कैसे सब कुछ बर्बाद कर देता है। टीएमसी सरकार ने अपने कार्यकाल में हजारों शिक्षकों के भविष्य और परिवारों को बर्बाद कर दिया और उनके बच्चों को बेसहारा छोड़ दिया... पश्चिम बंगाल की पूरी शिक्षा व्यवस्था बर्बाद हो रही है। शिक्षकों की अनुपस्थिति ने लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। टीएमसी नेताओं ने इतना बड़ा पाप किया है। हद तो यह है कि आज भी ये लोग अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हैं। इसके बजाय वे अदालतों को दोषी ठहराते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा में जो कुछ भी हुआ, वह यहां की सरकार की निर्ममता का उदाहरण है... तुष्टिकरण के नाम पर गुंडागर्दी को खुली छूट दी गई। कल्पना कीजिए कि जब सरकार चलाने वाली पार्टी के लोग लोगों के घरों की पहचान करके उन्हें जला दें और पुलिस मूकदर्शक बनी रहे, तो स्थिति कितनी भयावह होगी। मैं बंगाल के गरीब लोगों से पूछता हूं, क्या सरकार ऐसे चलती है?... यहां हर मुद्दे पर अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**वृष :** इच्छित कार्य सफल होंगे। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कर्क :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा।

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें।

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा।

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

# जगतगुरु रामभद्राचार्य ने आर्मी चीफ से दक्षिणा में मांग लिया पीओके

**एजेंसी। नई दिल्ली**



थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मध्य प्रदेश के चित्रकूट में आध्यात्मिक गुरु जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के आश्रम का दौरा किया, जहां उन्होंने आध्यात्मिक गुरु का आशीर्वाद लिया। इस यात्रा के दौरान जगद्गुरु ने सेना प्रमुख से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारत में वापस लाने का आग्रह किया। आध्यात्मिक नेता ने गुरुवार को जनरल द्विवेदी के साथ अपनी बातचीत का विवरण दिया, जो बुधवार को श्री तुलसी पीठ चित्रकूट धाम के दौरे पर आए थे। जनरल द्विवेदी के आश्रम दौरे के दौरान आध्यात्मिक नेता जगद्गुरु ने बताया कि उन्हें राम मंत्र की दीक्षा दी गई थी, जिसे भगवान हनुमान ने माता सीता से प्राप्त किया था और उसके बाद उन्होंने लंका पर विजय प्राप्त की थी। सेना प्रमुख ने आश्रम में संतों और छात्रों से भी बातचीत की और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति सेना की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस यात्रा के बारे में बात करते हुए जगद्गुरु ने कहा कि भारतीय सेना प्रमुख मेरे पास आए। उन्होंने मुझसे राम मंत्र की दीक्षा ली - वही मंत्र जो हनुमान जी ने सीता जी से प्राप्त किया था और लंका पर विजय प्राप्त की थी। इसके बाद जब 'दक्षिणा' की बात आई, तो मैंने कहा कि मैं ऐसी 'दक्षिणा' मांगूंगा जो पहले किसी गुरु ने नहीं मांगी। मैंने कहा, 'मुझे पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर) चाहिए।' उन्होंने मेरा अनुरोध स्वीकार कर लिया। हम पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए तैयार हैं। यह बताना उचित होगा कि थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायुसेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## पासपोर्ट सेवा केंद्र में फर्जीवाड़ा, सीबीआई ने दो को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लोअर परेल स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) में भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े के मामले में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट (सत्यापन अधिकारी) और एक निजी एजेंट शामिल हैं। दोनों पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने और रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई के अनुसार, यह मामला 2023-2024 के दौरान सामने आया, जब पासपोर्ट सेवा केंद्र के कार्यालय सहायक और कुछ निजी एजेंटों ने मिलकर आपराधिक साजिश रची। इस साजिश के तहत उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कई लोगों को पासपोर्ट जारी किए। जांच में पता चला कि सात अज्ञात व्यक्तियों ने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता विवरण और जन्म प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज जमा किए थे। इसके अलावा, पासपोर्ट आवेदनों में दिए गए मोबाइल नंबर भी बंद या अमान्य पाए गए।

# 43 आपराधिक मामलों को वापस लेने के खिलाफ हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

**एजेंसी। कर्नाटक**




- सिद्धारमैया सरकार के आदेश पर लगाई रोक

कर्नाटक हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के अक्टूबर 2024 के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें 2022 के पुराने हुबली दंगों से जुड़े 43 आपराधिक मामले वापस लेने का आदेश दिया गया था। इन मामलों में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता, राजनेता और अन्य प्रभावशाली व्यक्ति शामिल थे। हाई कोर्ट ने फैसले को सरकार के लिए कानूनी झटका माना जा रहा है, जिसने 10 अक्टूबर को मामले वापस लेने का आदेश दिया था। इस फैसले को अधिवक्ता गिरीश भारद्वाज द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से चुनौती दी गई थी, जिन्होंने इस कदम की वैधता पर सवाल उठाया था। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जनहित याचिका स्वीकार कर ली और सरकार की कार्रवाई पर गंभीर चिंता व्यक्त की।अपने फैसले में अदालत ने वापसी के आदेश को गैरकानूनी घोषित किया और 15 अक्टूबर, 2024 की अनुवर्ती सरकारी अधिसूचना को भी रद्द कर दिया। यह फैसला कर्नाटक सरकार को इन हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामलों को वापस लेने से रोकता है। विपक्षी भाजपा ने पहले हुबली दंगों के मामले को वापस लेने के कर्नाटक के कदम की आलोचना की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कांग्रेस सरकार मुस्लिम समुदाय को खुश कर रही है।

विपक्ष के उपनेता अरविंद बेलाड ने फैसले की आलोचना करते हुए कहा, "ये वे लोग हैं जिन्होंने पुलिस स्टेशन और पुलिस पर हमला किया। उन्होंने पुलिस को जिंदा जलाने की कोशिश की। लेकिन कांग्रेस सरकार मुस्लिम समुदाय और अल्पसंख्यक वोटों को खुश करने के लिए ऐसा कर रही है। यह कांग्रेस के डीएनए में है।

# मध्यप्रदेश से भेजा सिंदूरी बेटी के कपड़े का पार्सल बिहार पहुंचा

- कपड़े मिलने पर बेटी के पिताजी ने मोबाइल कर धन्यवाद दिया
- विदिशा की बेटियों को जीने दो टीम की महिला प्रमुख ने पोस्ट ऑफिस से भेजा था पार्सल

**कटिहार/पटना/विदिशा/भोपाल**

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बिहार में जन्म लेने वाली सिंदूरी बेटी को विदिशा, मध्यप्रदेश से भेजे गए कपड़े का पार्सल पहुंच चुका है। 29 मई 2025 को बेटी के घर कपड़े का पार्सल पोस्टमैन द्वारा सौंपा गया। मध्यप्रदेश से बिहार तक कपड़े पहुंचने पर परिवार वाले खुश हैं। बेटी के पिताजी संतोष मंडल ने मोबाइल कर विदिशा, मध्यप्रदेश की बेटियों को जीने दो टीम के चित्रा– दीपसिंह कुशवाह को धन्यवाद दिया है। 19 मई को कपड़े भेजकर भारतीय सेना की जांबाज बेटियां कर्नल सोफिया कुरैशी व विंग कमांडर व्योमिका सिंह की वीरता के सम्मान भेजा था। विदिशा, मध्यप्रदेश की बेटियों को जीने दो टीम की महिला प्रमुख चित्रा– दीपसिंह कुशवाह ने कपड़े का पार्सल पोस्ट ऑफिस से भेजा था। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में चलाए गए सिंदूर ऑपरेशन के समय 7 मई 2025, मंगलवार को संतोष मंडल की पत्नी राखी कुमारी ने बेटी को जन्म दिया था। मंडल दंपती ने ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित होकर बेटी का नाम भी सिंदूरी रखा है। टीम की महिला प्रमुख ने विदिशा पोस्ट ऑफिस से बिहार के कटिहार जिले के कुर्सेला थाने के गांव बालथी महेशपुर में बेटी के घर कपड़े का पार्सल स्पीड पोस्ट किया था। टीम की कपड़े फ्री सेवा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडू, झारखंड के बाद अब बिहार तक पहुंच चुकी है। अब तक निजी खर्चे से देशभर की 1802 से ज्यादा बेटियों के लिए कपड़े सेवा की जा चुकी है। 2021 से बेटी बचाओ आंदोलन के लिए बेटियों को जीने दो टीम का बेटी के जन्म पर बेटी को देशभर में कपड़े फ्री देना जारी है।




सिंदूरी बेटी उसके माता–पिता के साथ में।

### 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज, चंद दिनों में 700 प्लस फॉलोअर्स

बेटियों को जीने दो टीम के प्रमुख दीपसिंह कुशवाह ने बताया की बेटी भूमि कुशवाह के चौथे जन्मदिन 2 सितंबर 2021 से पहल को शुरू किया है। फेसबुक पर बेटियों को जीने दो की आईडी 2022 में बनाई थी। चंद महीनों में ही 5 हजार फ्रेंड बन चुके थे। लेकिन जब सिंदूरी बेटी को कपड़े भेजेंगे की पोस्ट की तो चंद दिनों में ही 2 मिलियन से ज्यादा बार पोस्ट को देशभर में देखा गया है। और 700 से ज्यादा फॉलोअर्स बढ़ चुके हैं। यह क्रम अब भी जारी है।

## डबल इंजन की सरकार में विकास नहीं दिखता, वे चश्मा बदलवा लें : गिरिराज सिंह

**एजेंसी। पटना**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार की दो दिवसीय यात्रा पर पटना आने वाले हैं। पीएम मोदी के बिहार आगमन को लेकर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। पीएम पटना में एक रोड शो में भी शामिल होंगे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में जिन्हें बिहार का विकास नहीं दिखता, वे चश्मा बदलवा लें। पटना के रानी सती मंदिर में श्री विद्या त्रिकोटी कुमकुमार्चन महायज्ञ में पहुंचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि जो माताएं यहां उपस्थित हैं, सभी पीएम मोदी को 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए आशीर्वाद दे रही हैं। आतंकवाद के खिलाफ ऐसा ऑपरेशन कभी नहीं हुआ था। आज पीएम मोदी बिहार पधार रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार है। पीएम मोदी बिहार के विकास के लिए आते हैं। उनका मानना है कि बिहार के विकसित हुए बिना भारत विकसित नहीं होगा। जब से बिहार में डबल इंजन की सरकार है, प्रदेश में विकास हो रहा है। पीएम मोदी यहां कई योजनाओं की सौगात देंगे। इसी को तो विकास कहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले बक्सर जाने में चार-पांच घंटे लगते थे, अब दो घंटे में लोग चले जा रहे हैं।



चेल्सी ने यूएफा कॉन्फ्रेंस लीग जीतकर यूरोपीय क्लब ट्रॉफियों का सेट पूरा किया

# पंजाब को हराकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु फाइनल में



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 2016 के बाद आखिरकार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल फाइनल में जगह बनाने में सफल हो ही गई। आरसीबी 2017 से लेकर 2024 तक चार बार प्लेऑफ में पहुंची थी लेकिन आगे जा नहीं पाई थी लेकिन इस बाद मुल्लांपुर के मैदान पर पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालिफायर 1 को जीतते ही उन्होंने यह रिकॉर्ड बना दिया। रोचक मुकाबले में पहले खेलते हुए पंजाब टीम सिर्फ 101 रन ही बना पाई थी। आरसीबी के सुयश शर्मा और जोश हेजलवुड ने तीन-तीन विकेट ली। जवाब में खेलने उतरी आरसीबी के लिए यह मुकाबला आसान रहा। विराट कोहली 12 तो मयंक अग्रवाल 19 रन बनाकर आऊट हुए लेकिन फिल सॉल्ट ने अर्धशतक बनाकर अपनी टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी। अब आरसीबी फाइनल मुकाबले में क्वालिफायर 2 के विजेता के साथ भिड़ेगी।

**अब क्या होगा पंजाब किंग्स का?**

पंजाब किंग्स अभी फाइनल की रेस से बाहर नहीं हुई है। अंक तालिका में टॉप करने के चलते उन्हें अब क्वालिफायर 2 खेलने का मौका मिलेगा? जोकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। इस मैच में पंजाब की विरोधी टीम वो होगी जोकि गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस के एलिमिनेटर मुकाबले में जीतेगी। क्वालिफायर 2 जीतने वाली टीम फाइनल में आरसीबी के खिलाफ अहमदाबाद के मैदान पर ही तीन जून को भिड़ेगी।

**पंजाब किंग्स : 101-10 (14.1 ओवर)**

पंजाब की शुरूआत खराब रही। प्रियांश आर्य के रूप में दूसरे ही ओवर में टीम को पहला झटका लगा जब यश दयाल ने उन्हें क्रुणाल के हाथों कैच आऊट करवा दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह (18) ने 2 चौके लगाए लेकिन तीसरे ही ओवर में वह भुवी का शिकार हो गए। कप्तान श्रेयस अय्यर रन गति बढ़ाने के चक्कर में चौथे ही ओवर में केवल 2 रन बनाकर आऊट हो गए। जोश इंग्लिस को हेजलवुड ने निशाना बनाया इससे पंजाब का स्कोर पावरप्ले के अंदर ही 38 रन पर 4 विकेट हो गया। नेहल वडेहरा (8) ने आते ही एक शॉट लगाया लेकिन जल्दी ही वह यश दयाल का शिकार हो गए। इसके बाद शशांक सिंह महज 3 रन बनाकर सुयश शर्मा का शिकार हो गए। सुयश ने इसके बाद मुशीर खान की भी विकेट निकाल दी जिससे पंजाब के 60 रन पर 7 विकेट हो गए। सेट बल्लेबाज स्टोइनिस 17 गेंदों पर 26 रन बनाकर सुयश का ही शिकार हुए। यह उनकी तीसरी विकेट रही। हरप्रीत बराड़ चार रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड और उमरजजई 18 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार हो गए। सुयश और हेजलवुड ने मिलकर 3-3 विकेट लीं।

## बीबीएल-15 के लिए जेमी ओवरटन का एडिलेड स्ट्राइकर्स से करार

**एडिलेड।** बिग बैश लीग-15 के लिए एडिलेड स्ट्राइकर्स ने प्री-ड्राफ्ट साइनिंग का ऐलान किया है। फ्रेंचाइजी ने लगातार तीसरे सीजन इंग्लैंड के फास्ट-बॉलिंग ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को अपने साथ रखा है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए बीबीएल-14 चुनौतीपूर्ण रहा था, इसके बावजूद ओवरटन ने शानदार प्रदर्शन किया। इस खिलाड़ी ने बीते सीजन 11 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने एडिलेड ओवल में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ कठिन मुकाबले में 27 रन देकर 2 विकेट झटके थे। जेमी ओवरटन का योगदान सिर्फ गेंदबाजी तक ही सीमित नहीं था, उन्होंने बल्ले से भी जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 95.40 की असाधारण औसत से 191 रन बनाए। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 45 रन रहा। ओवरटन ने एक बयान में कहा, "मैं एक और सीजन के लिए एडिलेड में वापस आकर बेहद रोमांचित हूं। मुझे स्ट्राइकर्स के साथ बिताया समय और एडिलेड ओवल में फैंस से मिलने वाला सपोर्ट बहुत पसंद आया। यह एक शानदार क्लब है, जिसमें कई बेहतरीन खिलाड़ी हैं।" जेमी ओवरटन ने बीबीएल में अब तक कुल 18 मैच खेले हैं, जिसमें 8.82 की इकॉनमी के साथ कुल 27 विकेट अपने नाम किए। जेमी बल्ले से एक बेहतरीन फिनिशर रहे हैं। उन्होंने 150.82 की स्ट्राइक रेट के साथ 276 रन जड़े हैं। इस दौरान उनका औसत 69 रहा है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के हेड कोच टिम पेन ने बीबीएल 15 के लिए जेमी को फिर से साइन करने को एक जरूरी कदम बताया है।

## सिंगापुर ओपनः सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, प्रणय और सिंधु बाहर



महिला युगल में ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का मुकाबला खेला जाना है

**एजेंसी। सिंगापुर**

भारत की पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बना ली है। वहीं दूसरी ओर एचएस प्रणय और पीवी सिंधु गुरुवार को राउंड ऑफ 16 में हारकर बाहर हो गए। बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में सात्विक-चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की। इस भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया के सबर कार्यमन गुटामा और मुहम्मद रेजा पहलवी इस्फहानी को 19-21, 21-16, 21-18 से शिकस्त दी। ये मुकाबला एक घंटे और 14 मिनट तक चला। भारतीय जोड़ी अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए वर्ल्ड नंबर 1 और दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी गोह सेज फी और नूर इज्जुद्दीन से भिड़ेगी। पुरुष एकल में एचएस प्रणय को फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय 42 मिनट तक चले मैच को 16-21, 14-21 से गंवा बैठे। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु भी चीन की चेन यू फेई से 9-21, 21-18, 16-21 से हारकर दूसरे दौर में बाहर हो गईं।

## ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट भारत का करेगी दौरा

**एजेंसी। मुंबई**



ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम सितंबर में भारत का दौरा करेगी, जिसकी पुष्टि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को कर दी। इस दौरान भारत-ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेली जाएगी, जिसे महिला वनडे वर्ल्ड कप से पहले महत्वपूर्ण तैयारी माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच सीरीज का पहला वनडे 14 सितंबर को खेला जाएगा, जिसके बाद दूसरा और तीसरा मुकाबला क्रमशः 17 और 20 सितंबर को आयोजित होगा। चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम सीरीज के सभी तीनों मैचों की मेजबानी करेगा। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम 28 जून से इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल टूर से वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले भारत को इंग्लैंड में पांच टी20 और तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलनी है। इसके साथ ही बोर्ड ने घोषणा कर दी है कि भारत ए पुरुष टीम सितंबर के अंत में दो मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगी।

## गुकेश ने तीसरे राउंड में वापसी की

**स्टावेंजर।** मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोमाराजू ने विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को बराबरी के मुकाबले में हराकर अपने खिताब की दावेदारी मजबूत कर ली है। पहले दो राउंड में दो हार के बाद भारतीय खिलाड़ी के लिए यह जीत इससे बेहतर पल नहीं हो सकती थी। नॉर्वे शतरंज के पहले दिन गुकेश को विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वह तनाव भरे ऑल-इंडियन मुकाबले में अर्जुन एरिगैसी से हार गए, लेकिन विश्व चैंपियन ने तीसरे राउंड में नाकामुरा पर जीत के साथ वापसी की। फैबियानो कारूआना ने पहले राउंड में हारने के बाद शानदार वापसी की है और एक और जीत दर्ज की है। इस बार उन्होंने भारतीय स्टार एरिगैसी को हराया। इस जीत के साथ, उन्होंने लाइव रेटिंग सूची में एरिगैसी से विश्व नंबर 3 स्थान हासिल किया। दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और वेई यी के बीच एकमात्र ड्रॉ हुआ।

## स्वीयाटेक ने राडुकानू को दूसरे राउंड में किया बाहर

**एजेंसी। पेरिस**



एम्मा राडुकानू का विश्व की नंबर 1 इगा स्वीयाटेक के खिलाफ संघर्ष रौलां गैरो की लाल बजरी पर जारी रहा, क्योंकि ब्रिटिश नंबर दो को बुधवार को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-1, 6-2 से करारी हार का सामना करना पड़ा।

यह राडुकानू की गत चैंपियन से लगातार पांचवीं हार थी, जिसने एक बार फिर 2021 यूएस ओपन विजेता और महिला खेल के एलीट वर्ग के बीच अंतर को उजागर किया।

मैच की शुरुआत राडुकानू के लिए उम्मीद की किरण के साथ हुई क्योंकि उसने दूसरे गेम में ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया। लेकिन एक बार जब स्वीयाटेक ने सर्विस को बनाए रखा, तो उनका खेल बदल गया। चार बार की रौलां गैरो चैंपियन और व्यापक रूप से 'क्वीन ऑफ क्ले' के रूप में मानी जाने वाली पोल ने पहले सेट के बाकी हिस्सों में राडुकानू की दूसरी सर्विस का फायदा उठाया और दोनों विंग से गलतियां करवाईं।

**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## बेंगलुरु में एक्सेल का एआई समिट भारत की उभरती वैश्विक ताकत को दिखाएगा



**बेंगलुरु।** ग्लोबल वेंचर कैपिटल फर्म एक्सेल ने गुरुवार को कहा कि कंपनी 4 जून को बेंगलुरु में अपने फ्लैगशिप एआई समिट के दूसरे एडिशन की मेजबानी करेगी, जिसमें भारत और अन्य देशों से एआई में दक्ष लोग शामिल होंगे। यह एक इन्वाइट-ओनली एक्सक्लूसिव इवेंट है, जिसकी थीम 'इंजीनियरिंग इंडियाज एआई एडवांटेज' रखी गई है। इस इवेंट में लीडिंग एआई फाउंडर्स, रिसर्चर्स, टेक सीएक्सओ, पॉलिसीमेकर्स और ग्लोबल इंवेस्टर्स एक साथ मंच पर आएंगे। इस इवेंट का उद्देश्य नए विचारों, पार्टनरशिप और फ्रेमवर्क को कैटेलिस्ट करना है, जो ग्लोबल एआई लैंडस्केप को आकार देने में भारत की निर्णायक भूमिका बढ़ाने में मददगार होंगे। नैसकॉम के अनुसार, भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 25 प्रतिशत से अधिक सीएजीआर की दर से बढ़ रहा है। यूनिक डेटा एडवांटेज और वर्टिकल एआई स्टार्टअप्स के बढ़ते बेस के साथ भारतीय इनोवेशन हेल्थकेयर, फिनटेक और रिटेल सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक्सेल के पार्टनर प्रयांक स्वरूप ने कहा, "भारत का एआई इकोसिस्टम तेजी से विकसित हो रहा है, जिसमें एप्लिकेशन-लेयर एआई अब उद्यमों को वास्तविक मूल्य प्रदान कर रहा है।" उन्होंने कहा, "फाउंडर्स, भारत के डेटा एडवांटेज का लाभ उठाकर अलग-अलग डोमेन-स्पेसिफिक मॉडल बना रहे हैं। यह समिट उस गति को उजागर करने और भारत से वैश्विक एआई कंपनियों को आगे बढ़ाने के लिए फ्रेमवर्क बनाने को लेकर है।

## अप्रैल में भारत में कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या बढ़कर 1,203.84 मिलियन हुई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के टेलीकॉम सब्सक्रिप्शन डेटा के अनुसार, भारत में कुल टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या मार्च के अंत में 1,200.80 मिलियन से बढ़कर अप्रैल में 1,203.84 मिलियन हो गई, जो मासिक आधार पर 0.25 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। शहरी टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या मार्च के अंत में 666.11 मिलियन से बढ़कर अप्रैल के अंत में 667.19 मिलियन हो गई। इसी अवधि के दौरान ग्रामीण सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 534.69 मिलियन से बढ़कर 536.65 मिलियन हो गई। संचार मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल के दौरान शहरी और ग्रामीण टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की मासिक वृद्धि दर क्रमशः 0.16 प्रतिशत और 0.37 प्रतिशत थी।

## विकसित भारत के लिए देश में बढ़ानी होगी श्रम उत्पादकता : सुमन बेरी

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी ने गुरुवार को कहा कि श्रम उत्पादकता में निरंतर वृद्धि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए जरूरी है।

राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में अपने संबोधन में बेरी ने कहा कि श्रम उत्पादकता बढ़ने से अप्रयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर और श्रम गतिविधि को बढ़ाकर उच्च मूल्य संवर्धन होगा। इससे आय बढ़ाने, देश के जीवन स्तर को ऊपर उठाने और बेजोड़ जनसांख्यिकी की क्षमता का फायदा उठाने में मदद मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि भारत में श्रम उत्पादकता में अपेक्षित गति से सुधार नहीं हो रहा है। क्रय शक्ति समता में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अमेरिका के आकार का आधा है, जबकि श्रम शक्ति का आकार अमेरिका के आकार का तीन गुना है।

हमारा उद्देश्य अर्थव्यवस्था के विकास को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए श्रम शक्ति का लाभ उठाना और बेहतर रोजगार पैदा करना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पादकता में ठहराव की समस्या का सामना यूके और कनाडा जैसे देशों को करना पड़ रहा है, जबकि भारत में उत्पादकता बढ़ रही है, हालांकि, यह चीन और आसियान की तुलना में कम है। बेरी ने कहा, "भारत को प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए आत्मनिर्भरता और वैश्विक जुड़ाव का मिश्रण अपनाना चाहिए। हमें जर्मनी जैसे देशों की तरह भारत के लघु और मध्यम उद्योगों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। भारतीय उद्योगों ने 1991 के सुधारों को सफलतापूर्वक पार कर लिया है और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ उद्योगों के साथ प्रभावी रूप से प्रतिस्पर्धा करने का आत्मविश्वास हासिल कर लिया है।"

## गेहूं की तरह बोएं धान, कम होगी लागत, उपज भी होगी बराबर

**लखनऊ।** किसानों की आय बढ़ाना डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे बढ़ाने का सबसे प्रभावी जरिया है, कम लागत में अधिक उपज। केंद्र सरकार इसी मकसद से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' शुरू कर रही है। उम्मीद है कि इस देशव्यापी अभियान का लाभ खरीफ के मौजूदा सीजन में ही मिलेगा। योगी सरकार भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए जी-जान से जुट गई है। उल्लेखनीय है कि खरीफ की मुख्य फसल धान है। नर्सरी में तैयार पौधों को कुशलता से निकालना, इनकी रोपाई के लिए खेत की तैयारी, फसल संरक्षण के उपायों से लेकर फसल की कटाई और मड़ाई तक का काम काफी श्रमसाध्य है। स्वाभाविक है कि इस सबमें अच्छी खासी लागत आती है।

## सकारात्मक वैश्विक संकेतों से हरे निशान में बंद शेयर बाजार

**एजेंसी**

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 320.70 अंक या 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,633.02 और निफ्टी 81.15 अंक या 0.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,833.60 पर था। बाजार में तेजी की वजह सकारात्मक वैश्विक संकेतों को माना जा रहा है। अमेरिकी कोर्ट ने रेसिप्रोकल टैरिफ को रद्द कर दिया है और इसे असंवैधानिक माना है। इससे सेंटीमेंट में सुधार हुआ है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 315.85 अंक या 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,457.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 105.40 अंक या 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,889 पर था। सेक्टोरल आधार पर मेटल, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स हरे निशान में थे, जबकि, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी और पीएसई लाल निशान में थे। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, सनफार्मा, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टाइटन कंपनी, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल टॉप गेनर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "अमेरिकी अदालत द्वारा डोनाल्ड ट्रंप की रेसिप्रोकल टैरिफ पॉलिसी को खारिज किए जाने के बाद ग्लोबल सेंटीमेंट में सुधार हुआ।


## यूनिफाइड डाटा टेक की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और फाइनेंस सेक्टर को आईटी सर्विस देने वाली कंपनी यूनीफाइड डाटा टेक सॉल्यूशंस के शेयरों ने आज प्रीमियम लिस्टिंग और बाद में अपर सर्किट लेवल तक पहुंच कर आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 273 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 4.40 प्रतिशत लिस्टिंग गेन के साथ 285 रुपये के स्तर पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने से ये शेयर कुछ देर तक गिरावट का शिकार होकर इश्यू प्राइस से नीचे 272.50 रुपये के स्तर पर भी कारोबार करता रहा, लेकिन ये दबाव अधिक देर तक कायम नहीं रहा। दोपहर 12 बजे के पहले ही खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण दोपहर दो बजे तक ये शेयर 299.25 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक आ गया। इस तरह पहले दिन ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 9.62 प्रतिशत का मुनाफा हो गया। यूनीफाइड डाटा टेक सॉल्यूशंस का 144.47 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 26 मई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 91.12 गुना सब्सक्राइब हो गया था।

## इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और नेशनल सेमीकंडक्टर मिशन सही दिशा में उठाए गए कदम : सुनील मित्तल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने गुरुवार को उद्योग जगत से बड़े लक्ष्यों की आकांक्षा रखने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने देश के विकास में सभी हितधारकों के साथ विश्वास स्थापित करने की बात कही। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट' में उन्होंने देश की क्षमता का निर्माण करने के लिए चार प्रमुख स्तंभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने 5जी डिप्लॉयमेंट में भारत की सफलता का उदाहरण भी दिया। मित्तल ने कहा कि राष्ट्र को जनसांख्यिकीय लाभांश को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा, "भारत का युवा और ऊर्जावान वर्कफोर्स विकसित दुनिया के लिए एक परिसंपत्ति हो सकता है, लेकिन उद्योग और सरकार को इस टैलेंट पूल को भविष्य में नौकरी के लिए तैयार करने की दिशा में काम करना चाहिए।" सुनील मित्तल ने कहा, "भारत में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) का तेजी से विकास इसका एक स्पष्ट संकेत है।" रिसर्च और डेवलपमेंट फ्रंट पर देश को इनोवेशन के साथ-साथ डीप साइंटिफिक रिसर्च में अपने निवेश को बढ़ाने की आवश्यकता है तथा उद्योग को इसमें अग्रणी भूमिका निभाने की जरूरत है। मित्तल ने कहा कि आरएंडडी में सार्वजनिक-निजी भागीदारी भारत में मल्टीप्लायर इफेक्ट पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, "हमें उद्देश्य-संचालित उत्पाद और सेवाएं बनाने तथा अधिक वैल्यू एडिशन के साथ निर्यात पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। अगले 10 वर्षों में, सही निवेश के साथ, हम एक बड़ा परिवर्तन देख सकते हैं, विशेष रूप से सेमीकंडक्टर में, जो रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।" उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों का उदाहरण भी दिया, जो तेल और गैस भंडारों से समृद्ध हैं, जिनका अभी तक पूरी तरह से दोहन नहीं हुआ है। मित्तल ने आगे कहा कि सरकारी नीतियों को उद्योग की भागीदारी के साथ मिलकर बनाया जाना चाहिए तथा सीआईआई जैसे निकायों को सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए। उद्योगपति ने यह भी बताया कि मजबूत इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और नेशनल सेमीकंडक्टर मिशन सही दिशा में उठाए गए कदम हैं।

# निर्माण कार्य शुरू नहीं, अनुसूचित जाति छात्रावास की बदहाली से छात्र बेहाल

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बाईपास रोड स्थित अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है। करीब 70 साल पुराना यह भवन जर्जर हो चुका है, लेकिन इसके स्थान पर प्रस्तावित नए छात्रावास का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इससे छात्र नारकीय स्थिति में रहने को मजबूर हैं।

सरकार ने जनवरी 2025 में इस छात्रावास के स्थान पर बहुमंजिला इमारत निर्माण की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिसंबर 2022 में निरीक्षण के दौरान छात्रों की शिकायतों और भवन की जर्जर स्थिति को देखकर नए भवन की स्वीकृति दी थी। निर्माण के लिए लगभग 28 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, जिसमें 520 बेड, लिफ्ट, मैस और अन्य आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की जानी थी। लेकिन आज तक निर्माण स्थल पर कुछ पेड़ों की कटाई के अलावा कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। छात्रों के अनुसार, वर्तमान भवन में जगह कम है, जबकि 300 से अधिक छात्र यहां रह रहे हैं। शौचालयों की संख्या बेहद कम है और जल निकासी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। वर्षों से बंद मेस की वजह से छात्र घर से अनाज लाकर स्वयं खाना बनाने को मजबूर हैं। गर्मी में कमरों की छतें तपती हैं और बारिश में टपकती हैं, जिससे पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों पर असर पड़ रहा है। छात्रावास अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि उन्होंने निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी से संपर्क किया है। पदाधिकारी ने जल्द निर्माण शुरू होने का आश्वासन दिया है, लेकिन बार-बार मिल रहे आश्वासन के बावजूद छात्रों का भरोसा टूटता जा रहा है।

## प्रधानमंत्री फसल राहत योजना के नाम पर की जा रही ठगी

**मयूरहंड(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री फसल राहत योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार हो रहे हैं लोग। जानकारी के अनुसार प्रखंड कार्यालय कर्मी के नाम से साइबर क्राइम के लिए ठग क्षेत्र में पैर पसारना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के भोले भाले जनता को इस मोबाइल नंबर 6238195347 से फोन आ रहा है। ग्रामीणों को मयूरहंड प्रखंड के स्टाफ के नाम से प्रधानमंत्री फसल राहत योजना के लिए डाटा अपडेट के नाम पर कॉल जा रहा है। एक एक कर आधार,मोबाइल नंबर समेत कई प्रकार के डाटा का मांग किया जाता है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब पीड़ित तिलरा गांव के सुमन कुमार,करीम ठाकुर ब्लॉक पहुंच कर गुहार लगाई। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि प्रखंड कार्यालय द्वारा किसी प्रकार का कॉल कर डाटा दूरभाष से नही मांगा जा रहा है। ठगी का शिकार ना हो अनजान नंबर से कॉल आने पर बैंक एवं आधर से संबंधित किसी तरह की जानकारी साझा ना करें।

## चाल धंसने से चार महिला घायल, दो रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के मकईयाटांड़ खरटीया ग्राम के मॉडल विद्यालय के नजदीक मिट्टी खोदने के दौरान चाल धंसने से चार महिलाएं दबकर घायल हो गई हैं। घायलों में रीना देवी पति संतोष गंझू, कर्मी देवी पति मनोज गंझू, आरती देवी पति करम गंझू,सुनीता देवी पति दाशो गंझू ये सभी ग्राम चोरबोरा थाना सिमरिया जिला चतरा के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि सभी लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत धातु पंचायत के खरठिया ग्राम स्थित मिट्टी (घर पुताई करने वाला मिट्टी) लाने के लिए गुरुवार को एक ट्रैक्टर से आए थे। ये सुरंग नुमा गड्ढे में घुस मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। इस दौरान ऊपर से मिट्टी का चाल धंस गया और यह सभी उसके नीचे दब गए। आसपास के लोग व झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप गंझू को घटना की जानकारी मिलते ही घटना स्तर पर पहुंच सभी को बाहर निकाला।

## उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कीर्ति श्री ने विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ गुरुवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त ने विभागों द्वारा संचालित कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। विशेष रुप से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास कार्य विभाग, भवन प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत प्रमंडल समेत अन्य विभागों द्वारा संचालित कार्यों संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा एक-एक कर अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त ने निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पुल, पुलिया, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मती कार्य की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। पेय जल व स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में शत-प्रतिशत पेयजल आपूर्ति, शौचालय से संबंधित कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल जल योजना की भी समीक्षा की गई। साथ ही निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से राज्य स्तर से पारित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा वैसी विकास योजनाएं जिसके निर्माण कार्य में वन विभाग या अन्य के कारण कार्य पूर्ण नहीं हो पा रहा है, उन योजनाओं की सूची उपलब्ध कराएं। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला अभियंता, संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर रात्रि में किया जा रहा रक्त नमूना संग्रह

**प्रतापपुर (चतरा)।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतापपुर प्रखंड के कसमार, रामपुर, रामपुर भारतीय टोला, मस्जिद टोला, बभने सहित अन्य गांव, टोलों में रात्रि के समय रक्त पट्टिका (ब्लड स्लाइड) संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। चिन्हित व्यक्तियों से देर रात रक्त नमूना लेकर फाइलेरिया परजीवी की उपस्थिति की जांच की जा रही है, क्योंकि यह परजीवी सामान्यतः रात में सक्रिय होता है। प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति के अंतर्गत फाइलेरिया के समूल उन्मूलन के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जांच से संक्रमित लोगों की पहचान कर समय रहते इलाज सुनिश्चित किया जा सकेगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सहयोग करने और जागरूक रहने की अपील की है। बताते चले कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का अनुश्रवण करने के लिए जिला और राज्य से भी टीम लगातार अनुश्रवण कर रही है। मुख्य रूप से राज्य और जिला टीम से अमित कुमार भारती, श्रवण झा एवं रणजीत मिश्रा है। जबकि इस अभियान को सफल बनाने में नागेश्वर प्रसाद, एमपीडब्ल्यू संजय पटेल, सचिन कुमार, रजनीश राज, चंद्रशेखर शर्मा के द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में लगातार सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 25 मई को 40, 27 को 85 और 28 मई के रात्रि को 70 व्यक्तियों का कुल 180 व्यक्तियों का सैंपल लिया जा चुका है।

## युवक ने खुद को लगाई आग नाली से मिला अधजला शव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा स्थित सुरेश सिंह चौक के पास बुधवार देर रात एक युवक ने आत्मदाह कर लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 23 वर्षीय राजकुमार चंद्रवंशी, पिता संजय चंद्रवंशी, निवासी देवी मंडप, रेड़मा के रूप में हुई है। गुरुवार सुबह उसका अधजला शव नाली में पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टीओपी-2 प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। आत्मदाह की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें साफ दिख रहा है कि युवक ने खुद पर तेल डालकर आग लगाई। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन इसके पीछे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। मृतक के भाई के अनुसार, राजकुमार रतन किरण नामक दुकान में काम करता था और आमतौर पर रात 10 बजे के बाद घर लौटता था। बुधवार रात जब वह घर नहीं लौटा, तो परिवार ने उसे फोन किया।

### लक्ष्य पूरा नहीं करने वाले लातेहार, बरवाडीह एमओ का वेतन स्थगित

## उपायुक्त ने नियमित राशन वितरण करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत अप्रैल और मई में जिले में किए गए खाद्यान्न वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुकूल काम न कर पाने वाले प्रखंडों में लातेहार, बरवाडीह के प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पर नाराजगी जाहिर करते हुए वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। साथ ही सुधारात्मक प्रगति लाने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न उठाव व वितरण में लापरवाही बर्दाशत नही की जायेगी। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण ससमय कराना सुनिश्चित करें। जिले में पीवीटीजी परिवारों को डाकिया योजना से दी जाने वाली राशन संबंधित समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पीवीटीजी परिवारों को ससमय शतप्रतिशत डाकिया योजना का लाभ मिले इसे सुनिश्चित करें।

बीएसओ व डीएसओ लॉगिन में लंबित मामलों को अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड में लाभुकों की ई-केवाइसी से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने जिले के शत-प्रतिशत लाभुकों का समय पर ई-केवाइसी कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त द्वारा खाद्यान्न वितरण, जन वितरण प्रणाली दुकानों से संबंधित मामले, पीवीटीजी डाकिया योजना, गमुख्यमंत्री दाल-भात योजना, धान अधिप्राप्ति एवं भुगतान, चना दाल वितरण योजना, लाभुकों का ई केवाईसी, पीजीएमएस शिकायत, सुसुप्त राशन कार्ड, समेत अन्य संचालित योजनाओं की समीक्षा कर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को सभी सुयोग्य लाभूको को योजना का लाभ मिले इसको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जनसेवक संबंधित उपस्थित थे।

## पुलिसकर्मियों के परिजनों के लिए मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन, 20 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर करेंगे सेवा

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस प्रशासन एवं लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर लायंस फेमिना के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय पुलिस स्टेडियम में मेगा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा, जिसमें मुख्य रूप से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि यह आयोजन समाज के प्रति पुलिस परिवारों के योगदान को सम्मान देने का एक प्रयास है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक पलामू का विशेष आभार जताया, जिन्होंने पुलिस लाइन परिसर निःशुल्क उपलब्ध कराते हुए आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था संभाली है। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि जो लोग समाज की सुरक्षा में तैनात हैं, उनके स्वास्थ्य की देखभाल भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि लायंस क्लब समाज सेवा के साथ पर्यावरण एवं पशु-पक्षियों की रक्षा में भी सक्रिय है। इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें डॉ. अनुपम कुमार (हृदय रोग), डॉ. उदय कुमार (चर्म रोग), डॉ. प्रसून कुमार (नेत्र रोग), डॉ. श्याम चरण बस्ती (जनरल सर्जन), डॉ. अलका शुक्ला (स्त्री रोग), डॉ. डॉ. आनंद कुमार, डॉ. राजरतन व डॉ. आरके रंजन (जनरल फिजिशियन) शामिल हैं।

## महिला कार्डधारियों ने डीसी को सौंपा आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड के जुरुहार के बड़ी संख्या में महिला ग्रामीण कार्डधारी गुरुवार को समाहरणालय पहुंचे। ग्राम जुरुहार में राशन नहीं लेने के संबंध में उपायुक्त लातेहार को आवेदन सौंपा है। साथ ही महिला कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग ग्राम जुरुहार में राशन नहीं लेना चाहते है। क्योंकि ग्राम जुरुहार में पहले मोगल उरांव राशन बांटता था। मोगल उरांव का बेटा रविंद्र उरांव व डिंपल उरांव अभद्र व्यवहार करता था। मोगल उरांव का बेटा बोलता है कि जुरुहार में राशन बांटेंगे, लेकिन हम सभी राशन कार्डधारियों जुरुहार में राशन नहीं लेना चाहते है। जुरुहार के कार्डधारी अभी जो वर्तमान पता छिपादोहर का है। मौके पर विशाखा देवी, किस्मतिया देवी, सुबंती देवी, लीलावती देवी समेत काफी संख्या में कार्डधारी शामिल थे।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी गई आधुनिक खेती की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र, पलामू की ओर से "विकसित कृषि संकल्प अभियान" के तहत गांवों में जाकर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में टीम वन द्वारा टेमराई, चैनपुर, नावाडीह और रामगढ़ गांवों में कृषि संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधे संवाद किया और खरीफ मौसम में की जाने वाली खेती को बेहतर ढंग से करने के उपाय बताए।

वैज्ञानिकों ने सिंचाई के आधुनिक तरीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकल इरीगेशन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए किसानों से इसे अपनाने की अपील की। साथ ही जलवायु परिवर्तन से निपटने, कीट और बीमारियों के प्रबंधन, फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को रोकने और खेती से आय दोगुनी करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर आत्मा परियोजना के डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनसे योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। जिला कृषि कार्यालय के प्रतिनिधि ने ड्रिप सिंचाई प्रणाली की विशेषताओं को साझा किया।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख सुधीर झा ने अभियान के उद्देश्यों पर बात करते हुए कहा कि यह पहल किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है। वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की बात कही, जबकि डॉ. अशोक कुमार सिन्हा ने कृषि यंत्रीकरण के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने पर बल दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान व जनप्रतिनिधि शामिल हुए और उन्होंने विशेषज्ञों से खेती को लेकर अपने सवाल भी पूछे।

## डीएमओ ने अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर किया जब्त

**बालूमाथ।** जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने गुरुवार को चार अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला खनन पदाधिकारी नदीम सैफी ने बताया कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड,बाजार टांड,झारखंड ढाबा के समीप अवैध बालू लदे अलग अलग चार ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर द्वारा जो चालान प्रस्तुत किया गया था। उसमें एक ही चालान पर कई बार बालू का परिवहन किया जा रहा था। पकड़े गए ट्रैक्टर में दो ट्रैक्टर में नंबर अंकित नहीं था। जिसे खनन पदाधिकारी ने पकड़े गए ट्रैक्टर को जब्त कर बालूमाथ थाना को सुपुर्द कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी की इस कार्रवाई से अवैध बालू का परिवहन व भंडारण करने वाले बालू के माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है।

## पेज एक के शेष

**केदारनाथ धाम के...**
इससे पूर्व दिसंबर 2024 में हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी के साथ मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगाई थी। पत्नी संग पूरे विधि-विधान के साथ बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया था। 2024 को दिसंबर माह में ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने तिरुपति की पावन धरती में विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी और श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इसके अलावा बाबा बैद्यनाथ धाम, मरांग बुरु, मणिटोला स्थित मां काली मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों में जाकर दोनों पूजा-अर्चना कर चुके हैं।

**कई बार अनुबंध...**
उन्होंने कहा, हमें सिर्फ भारत में उत्पादन के बारे में बात नहीं करनी चाहिए, हमें डिजाइनिंग के बारे में भी बात करनी चाहिए। सेना और उद्योग के बीच विश्वास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुले रहने की जरूरत है। एक बार जब हम किसी चीज के लिए प्रतिबद्ध हो जाते हैं, तो हमें उसे पूरा करना चाहिए। वायुसेना 'मेक इन इंडिया' को सफल बनाने की पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने आगे कहा, हमें आज तैयार रहना होगा ताकि भविष्य के लिए भी तैयार रहें एयर चीफ मार्शल सिंह की यह टिप्पणी भारत के रक्षा उत्पादन माहौल की पहली सार्वजनिक आलोचना नहीं है बीते वर्ष अक्टूबर में, एयर चीफ के रूप में पदभार संभालने के तुरंत बाद कहा था कि भारत कभी सैन्य प्रौद्योगिकी में चीन से आगे था, लेकिन अब पीछे रह गया है। उन्होंने कहा था कि हम बहुत पीछे हैं। इस साल फरवरी में भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकारी विमान निर्माता कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की थी। वायुसेना प्रमुख ने साफ शब्दों में कहा था कि उन्हें एचएएल पर भरोसा नहीं है।

**स्वास्थ्य के लिए...**
सभी सिविल सर्जनों को तैयारी के निर्देश दिए गए हैं। राज्य के सभी पीएसए प्लांट क्रियाशील हैं और शीघ्र ही मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारियों का आकलन किया जाएगा। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य अनुदान राशि को इस वित्तीय वर्ष में प्राथमिकता के साथ खर्च करने के निर्देश भी दिए गए।

**धोखाधड़ी व मारपीट...**
जबकि रेरा कोर्ट ने उसको फ्लैट का हैंडओवर देने का आदेश दिया था। बताते चलें उसने रिनपास की सेवानिवृत नर्सिंग अधिकारी अनिता भौमिक का भी 24 लाख एडिमेंट के रूप में ले रखा है लेकिन आज तक उनकी राशि नहीं लौटाया और न ही फ्लैट ही वापस दिया है। हाल ही में अनिता भौमिक का स्वर्गवास हो गया है। वह परिवार अभी भी पैसे वापस होने का इंतजार कर रहा है।

**ट्रंप को झटका...**
कुछ हाई टैरिफ को होल्ड कर दिया। हालांकि, न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के एक पैनल ने फैसला सुनाया कि ट्रंप को अकेले इस तरह के व्यापक टैरिफ परिवर्तन करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। न्यूयॉर्क में स्थित अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने यह फैसला सुनाया है। इससे पहले इस संबंध में दायर कई मुकदमों में दलील दी गई थी कि ट्रंप अपने अधिकार का दुरुपयोग करके मनमर्जी से देश की व्यापार नीति तय कर रहे हैं। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि शुल्क लगाने से निर्माता फैक्ट्रियां अमेरिका वापस लाने के लिए मजबूर होंगे, जिससे अमेरिकी लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ट्रंप का कहना है कि इससे संघीय बजट घाटे को कम करने के लिए पर्याप्त राजस्व हासिल होगा। अदालत ने अपने फैसले में लिखा कि राष्ट्रपति ने आईईईपीए द्वारा मिले अपने अधिकार से आगे जाकर विश्वव्यापी और जवाबी शुल्क लगाने का आदेश दिया है। उन्होंने 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की। यह मामला अमेरिकी अंतराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय में दायर किया गया था, जो एक संघीय न्यायालय है। यह अदालत विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून से संबंधित सिविल मुकदमों की सुनवाई करती है।

**बारात की खुशियां...**
बताया जा रहा है कि गाड़ी में लोग ऊपर और नीचे दोनों ओर बैठे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि सवारी गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। सभी घायलों को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छह घायलों को गंभीर स्थिति में रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया। मृतकों की पहचान विकास सिंह (17 वर्ष), पिता राजेश्वर सिंह, गांव सिक्की खुर्द, पाटन; चंदन यादव (14 वर्ष), पिता राजदेव यादव, मनातू; विकेश कुमार (22 वर्ष), पिता जयराम सिंह, नावा जयपुर; और विशेष कुमार सिंह (15 वर्ष), पिता शिवनाथ सिंह, नावा चुनका के रूप में हुई है। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार या पड़ोसी बताए जा रहे हैं। घायलों में चंदन, दीपक कुमार सिंह, कंचन कुमार सिंह, राहुल, अखिलेश सिंह, सूर्यनारायण सिंह, विवेक कुमार सिंह, मनोज सिंह, संजय सिंह, रंजीत सिंह समेत कई अन्य शामिल हैं। इनमें से मनोज और चंदन समेत छह लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही तरहसी थाना प्रभारी नीरज कुमार और मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सवारी वाहन को जब्त कर लिया है। हालांकि टक्कर मारने वाला डीजे वाहन मौका पाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। इस हादसे ने पूरे गांव को गहरे शोक में डाल दिया है। जिस घर में शादी की खुशियां होनी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। मृतकों के परिजन बदहवासी में हैं और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

**आईएएस विनय चौबे...**
यह रकम और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। झारखंड में शराब घोटाले की शुरुआत वर्ष 2022 में छत्तीसगढ़ की तर्ज पर नई एक्साइज पॉलिसी लागू होने के साथ ही हो गई थी। इस पॉलिसी को जमीन पर उतारने के लिए बतौर कंसल्टेंट छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार किया गया था। झारखंड में इस पॉलिसी को लागू करने की प्रक्रिया के दौरान बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गईं। आरोप है कि एक खास सिंडिकेट को शराब का टेंडर दिलाने के लिए मनमाने तरीके से शर्तें बदल दी गईं। छत्तीसगढ़ की कंसल्टेंट कंपनी के अधिकारियों के सहयोग से सिंडिकेट ने मिलकर झारखंड में शराब की सप्लाई और होलोग्राम सिस्टम के ठेके हासिल किए। टेंडर लेने वाली कंपनियों की ओर से जमा बैंक गारंटियां भी फर्जी निकलीं। इससे राज्य सरकार को करोड़ों की चपत लगी।

**प्रधानमंत्री ने पटना..**
पटना हवाईअड्डे के नए टर्मिनल भवन का निर्माण 1200 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जिससे सालाना एक करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी जबकि बिहटा हवाईअड्डे के सिविल एन्क्लेव का निर्माण 1413 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा, जिससे सालाना 50 लाख यात्रियों को सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री ने नए टर्मिनल भवन के उद्घाटन और नए सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास करने के बाद पटना में रोड शो किया। उन्होंने पटना हवाईअड्डे से अपना रोड शो शुरू किया, जो वीरचंद पटेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मुख्यालय पर समाप्त हुआ। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री का काफिला बेली रोड, शेखपुरा मोड़, जेडी महिला महाविद्यालय, चिड़ियाघर, राजवंशी नगर, पटना महिला कॉलेज, पटना उच्च न्यायालय और आयकर गोलंबर होते हुए भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचा। सड़क किनारे प्रधानमंत्री का इंतजार कर रहे बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया, जिनमें से अधिकांश लोगों के हाथ में तिरंगा था। रोड शो के दौरान श्री मोदी का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे जुटे थे, जिनमें ज्यादातर युवा थे। ऑपरेशन सिंदूर लिखी तख्तियां लेकर लोग प्रधानमंत्री के निर्णायक नेतृत्व के लिए उनका उत्साहवर्धन कर रहे थे। श्री मोदी ने इसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में उनके साथ बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। प्रधानमंत्री गुरुवार रात पटना के राजभवन में रुकेंगे और शुक्रवार को बिहार के रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री करीब 50 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली कई सड़क और बिजली परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी ने इससे पहले 24 अप्रैल 2025 को बिहार दौरे के दौरान मधुबनी की सभा से आतंकवादियों और साजिशकर्ताओं को चेतावनी दी थी कि पहलगाम आतंकी हमले के लिए उन्हें उनकी कल्पना से परे सजा दी जाएगी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने 06-07 मई की रात को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के एयरबेस क्षतिग्रस्त हो गए थे और सौ से अधिक आतंकवादी भी मारे गए थे।

## दक्षिण कोरियाई नौसेना का गश्ती विमान देश के दक्षिणी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त



**सियोल ।** दक्षिण कोरियाई नौसेना का एक विमान बृहस्पतिवार को एक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में चार लोग सवार थे,लेकिन यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि दुर्घटना में कोई हताहत हुआ है या नहीं। नौसना ने यह जानकारी दी। नौसेना ने एक बयान में कहा कि यह गश्ती विमान दक्षिण-पूर्वी शहर पोहांग स्थित अपने बेस से दोपहर एक बजकर 43 मिनट पर रवाना हुआ था, लेकिन अज्ञात कारण से यह जमीन पर गिर गया। बयान में कहा गया है कि नौसेना विमान में सवार चारों लोगों की स्थिति और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पोहांग स्थित एक आपातकालीन कार्यालय ने बताया कि स्थानीय निवासियों से एक उड़ती हुई वस्तु के गिरने और धमाके की आवाज की सूचना मिलने के बाद मौके पर बचावकर्मियों और दमकल गाड़ियों को भेजा गया था। पोहांग के नामबू पुलिस थाने ने पुष्टि की कि नौसेना का एक गश्ती विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, लेकिन यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि इसमें कोई मौत या घायल हुई है या नहीं।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल को मिला कूटनीतिक सहयोग : संजय झा



**जकार्ता (आईएएनएस)।** जनता दल यूनाइटेड (जेदयू) नेता संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया दौरे पर है। संजय कुमार झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को इंडोनेशिया के विचारकों, विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण चर्चा की।सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे जदयू सांसद संजय कुमार झा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "हमने आसियान के महासचिव से मुलाकात की। हम यहां के उप विदेश मंत्री और स्थानीय थिंक टैंक के प्रतिनिधियों से भी मिले। हमें बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। इंडोनेशिया एक बहुसांस्कृतिक समाज है, जहां मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, लेकिन भारत के रुख को लेकर यहां बहुत सम्मान है। हाल में भारत पर हुए हमले की यहां के राष्ट्रपति ने निंदा की थी।

## अमरनाथ यात्रा चुनौतीपूर्ण रहेगी लेकिन सभी इंतजाम किए जाएंगे : उमर अब्दुल्ला




**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद इस साल वार्षिक अमरनाथ यात्रा का आयोजन एक चुनौती होगी, लेकिन यात्रा के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के कामकाज का आकलन करने के लिए गुलमर्ग में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें आपातकालीन तैयारियों, पर्यटकों की सुरक्षा, खेल और साहसिक पर्यटन, मोबाइल कनेक्टिविटी तथा स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में कार्यों की समीक्षा की गई। आगामी धार्मिक पर्वों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मेला खीर भवानी, ईद, मुहर्रम और अमरनाथ यात्रा जैसे आगामी धार्मिक आयोजनों पर चर्चा करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि इस वर्ष की यात्रा विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होगी।

### शोपियां में बड़ी कामयाबी

# शोपियां में दो हाइब्रिड आतंकी हथियारों के साथ गिरफ्तार

**श्रीनगर (आईएएनएस)**



पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने कहा कि शोपियां जिले के बसकुचन इमाम साहिब इलाके में सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स, पुलिस और सीआरपीएफ की 178 बटालियन ने मिलकर ये आतंकवादी पकड़े। पुलिस ने बताया, "गिरफ्तार आतंकवादियों के पास से दो 56 राइफलें, 4 एके मैगजीन, 102 एके राउंड और 2 हैंड ग्रेनेड बरामद हुए हैं। इनके खिलाफ कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने पहलगाम आतंकी हिंसा के बाद अपने अभियान को और तेज कर दिया है। 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थन वाले आतंकवादी समूह ने बैसरन घाटी में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय टट्टू मालिक सहित कुल 26 निर्दोष लोगों को मार दिया था। स्थानीय टट्टू मालिक सैयद आदिल हुसैन की भी हत्या कर दी गई। उसने आतंकवादियों से बहस करने के बाद एक आतंकवादी से राइफल छीनने की कोशिश की थी। निर्दोष लोगों की हत्या का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके जरिए लाहौर के पास मुरीदके, बहावलपुर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कोटली और मुजफ्फराबाद में आतंकवादियों के ठिकानों पर सटीक हमले कर उन्हें बर्बाद कर दिया। इसके जवाब में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नागरिक इलाकों पर भारी मोर्टार से गोलाबारी की। इस गोलाबारी में 28 नागरिक मारे गए, जिनमें से 13 पुंछ जिले में थे। पुंछ, राजौरी, बारामुल्ला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिले भी इस गोलाबारी से प्रभावित हुए।

पुंछ जिले में सबसे ज्यादा नागरिकों की जान गई और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ। 23 अप्रैल को अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सेना, सीएपीएफ और पुलिस को आदेश दिया कि वे पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार लोगों को सजा दिलाने में कोई कसर न छोड़ें।

#### शोपियां गिरफ्तारी और बरामदगी

- दो हाइब्रिड आतंकवादी शोपियां में हथियारों सहित गिरफ्तार।
- 2 इंसास राइफलें, 4 एके मैगजीन, 102 एके राउंड और 2 हैंड ग्रेनेड बरामद।
- आतंकियों पर कानूनी कार्रवाई शुरू, मामला दर्ज।

#### पहलगाम आतंकी हमला व प्रतिक्रिया

- 22 अप्रैल को बैसरन घाटी में लश्कर समर्थित आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या की।
- मृतकों में 25 पर्यटक और एक स्थानीय टट्टू मालिक सैयद आदिल हुसैन शामिल।

#### भारतीय सेना का जवाब: ऑपरेशन सिंदूर

- सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने मिलकर ऑपरेशन सिंदूर चलाया।
- पाकिस्तान के मुरीदके, बहावलपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद में आतंकियों के ठिकाने नष्ट।

## ग्लेशियर टूटने से भीषण भूस्खलन, 300 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

**बर्न ।** स्विट्जरलैंड में बुधवार को स्विस आल्प्स पर्वत का एक ग्लेशियर के टूटने से भयानक लैंडस्लाइड हुआ। ग्लेशियर से बर्फ, कीचड़ और चट्टानों का सैलाब उठ, जिससे लोत्सचेंटल घाटी के पास मौजूद ब्लैटन का अल्पाइन गांव बह गया। गांव का लगभग 90% हिस्सा बर्फ में दबकर तबाह हो गया है। रॉयटर्स के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में जियोलॉजिस्ट ने ग्लेशियर के टूटने की चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि ग्लेशियर का 15 लाख क्यूबिक मीटर हिस्सा टूट सकता है। इसके बाद इलाके से 300 लोगों और मवेशियों को सुरक्षित निकाल लिया गया था। एक लोकल अधिकारी ने मीडिया को बताया कि लैंडस्लाइड के बाद 64 साल का व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश के लिए थर्मल कैमरों वाले ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहे हैं। अधिकारियों ने घाटी में जाने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया है।

### बिल से बाहर निकला पहलगाम का मास्टरमाइंड कसूरी, ने कहा-

## अब मेरा नाम पूरी दुनिया में मशहूर हो गया

**श्रीनगर। एजेंसी**

पहलगाम आतंकी हमले के पीछे कथित मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) कमांडर सैफुल्लाह




कसूरी फिर से सार्वजनिक रूप से सामने आया। उसने एक राजनीतिक रैली में पाकिस्तानी राजनीतिक नेताओं और अन्य वांछित आतंकवादियों के साथ स्टेज शेयर साझा किया। पाकिस्तान के परमाणु परीक्षणों के वार्षिक स्मरणोत्सव यौम-ए-तकबीर के अवसर पर पाकिस्तान मरकज़ी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) द्वारा आयोजित इस रैली में भड़काऊ भाषण और भारत विरोधी नारे लगाए गए। उपस्थित लोगों में लश्कर के संस्थापक हाफ़िज़ सईद का बेटा और भारत द्वारा घोषित आतंकवादी तल्हा सईद भी शामिल था। कसूरी ने पंजाब प्रांत के कसूर में आयोजित रैली में कहा कि मुझे पहलगाम आतंकी हमले का मास्टरमाइंड बताया गया, अब मेरा नाम पूरी दुनिया में मशहूर है।

**भड़काऊ बयान**

### हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद ने हांकी बड़ी-बड़ी डींग

**इस्लामाबाद ।** संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी और 26/11 मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड



हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह लाहौर में एक सार्वजनिक रैली के दौरान मंच पर मौजूद पाकिस्तानी राजनेताओं की मौजूदगी में भारत के खिलाफ जहर उगलता नजर आ रहा है। 28 मई को आयोजित रैली के वीडियो क्लिप में तल्हा सईद को अन्य राजनेताओं के साथ मंच पर पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष मलिक अहमद खान का स्वागत करते हुए दिखाया गया है। हाफिज सईद के साथ-साथ फील्ड मार्शल असीम मुनीर के पोस्टर भी देखे जा सकते हैं। शीर्ष खुफिया सूत्रों के अनुसार, यह पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को संस्थागत समर्थन को दर्शाता है।

# मोदी और शी जिनपिंग की ब्राजील में हो सकती है बैठक

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले चीनी सैन्य मदद के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच ब्राजील में मुलाकात हो सकती है। डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई महीने में ब्राजील के रियो डी जनेरियो में दोनों नेताओं की मुलाकात संभव है। रिपोर्ट के मुताबिक 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच मुलाकात की संभावनों पर चर्चा है। रिपोर्ट है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हो सकती है। हालिया समय में चीन, पाकिस्तान की सैन्य ताकत को लगातार मजबूत कर रहा है और रिपोर्ट्स के मुताबिक उसने पाकिस्तान एयरफोर्स को तेजी से जे-35ए स्टील्थ लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करने के लिए प्रोडक्शन को तेज कर दिया है। उसके अलावा चीन ने पाकिस्तान को सैटेलाइट सुविधाओं के साथ साथ पीएल-15 एयर टू एयर मिसाइलें भी सौंपी थी, जिसका पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ इस्तेमाल किया था। माना जा रहा है कि नई दिल्ली का फोकस भारत व चीन के सामान्य होते रिश्तों में पाकिस्तान के मुद्दे को दूर रखने की है। यदि ब्राजील में दोनों नेताओं की बैठक होती है तो पिछले साल 23 अक्टूबर को रूस के कजान शहर में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद दोनों नेताओं की ये दूसरी मुलाकात होगी। पिछले साल कजान शहर से ही भारत व चीन के रिश्तों को सामान्य करने की कोशिशें शुरू हुई थीं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू करने का फैसला लिया था, उस दौरान भारत ने बार बार चीन को अपनी स्थिति से अवगत कराया था। भारत की कोशिश संघर्ष से चीन को दूर रखने की थी।लेकिन चीन डिप्लोमेटिक तरीके पाकिस्तान के सैन्य समर्थन में उतरा, पूरा साथ दिया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद करीब 3 हफ्ते के तनावपूर्ण घटनाक्रम के दौरान चीन ने पाकिस्तान को " हर मौसम का साथी" बताते हुए उसके "संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा" में समर्थन देने की बात की। सिर्फ इतना ही नहीं, चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट को यूनाइटेड नेशंस में बचाने की कोशिश की, जिसने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा बीजिंग ने जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को हुए 'नरसंहार' की निष्पक्ष जांच के लिए इस्लामाबाद के आह्वान का भी समर्थन किया था, जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। पाकिस्तान ने 7-10 मई को दोनों देशों के बीच झड़प के दौरान भारतीय लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए पीएल-15 मिसाइलें भी दागीं थी। इसके अलावा चीन ने पाकिस्तान एयर फोर्स को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए पाकिस्तान को सैटेलाइट मदद भी दी थी।हालांकि अगर इन घटनाओं के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी, शी जिनपिंग से मिलने का फैसला करते हैं तो उसका मतलब ये होगा कि भारत ब्रिक्स जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों को एक बहुपक्षीय सहयोग के अवसर के रूप में देखता है, और ऐसे मंचों पर चीन से बातचीत को रणनीतिक स्थिरता की दिशा में एक कदम मानता है। यही वजह है कि भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने हाल ही में कहा था कि भारत-चीन संबंध "पारस्परिक विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता" पर आधारित होने चाहिए। वहीं, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से भी मुलाकात की थी और चीन-पाकिस्तान सुरक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान सीपीईसी 2.0 को लेकर भी दोनों देशों के बीच बातचीत की गई है।

## फ्रांस, जर्मनी, यूके और अमेरिका समेत वैश्विक सैन्य नेतृत्व से संवाद करेंगे सीडीएस

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान 30 मई से 1 जून तक सिंगापुर की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह अमेरिका और कई यूरोपीय देशों के सैन्य प्रमुखों और संबंधित रक्षा अधिकारियों से महत्वपूर्ण वार्ता करेंगे। सीडीएस जनरल अनिलचौहान एशिया के एक प्रमुख रक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला डायलॉग 2025' के 22वें संस्करण में शामिल होने के लिए सिंगापुर जा रहे हैं। इस रक्षा संवाद का आयोजन हर वर्ष इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज यानी आईआईएसएस द्वारा किया जाता है। अपनी इस यात्रा के दौरान जनरल अनिल चौहान विभिन्न देशों के रक्षा प्रमुखों और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

## एलन मस्क ने छोड़ा ट्रंप प्रशासन का साथ, सलाहकार पद से दिया इस्तीफा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वरिष्ठ सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका



से हटने की घोषणा की है, जिससे सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के साथ विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त हो जाएगा। टेस्ला और स्पेसएक्स के प्रमुख और अरबपति उद्यमी एलन मस्क को संघीय नौकरशाही को सुव्यवस्थित करने और बेकार सरकारी खर्च को कम करने के प्रयासों का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया था। बुधवार को एक्स पर हुए मस्क ने अपनी बात रखी। उन्होंने सेवा का अवसर देने के लिए आभार जताया। मस्क ने लिखा, "विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरा निर्धारित कार्यकाल समाप्त हो रहा है, ऐसे में मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सरकारी खर्च को कम करने के दिए गए अवसर के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।" उन्होंने कहा, "डीओजीई मिशन समय के साथ और मजबूत होता जाएगा। मस्क की यह घोषणा ट्रंप के विधायी एजेंडे की आधारशिला की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के ठीक एक दिन बाद आई है।

सीबीएस के साथ एक साक्षात्कार में टेस्ला के सीईओ मस्क ने ट्रंप की ओर से कहे गए "बड़े सुंदर विधेयक" पर निराशा व्यक्त की, जिसमें व्यापक कर कटौती के साथ-साथ कठोर आव्रजन प्रवर्तन का प्रावधान है। इस विधेयक को "बहुत बड़ा व्यय विधेयक" बताते हुए मस्क ने कहा कि यह उनके विभाग के लक्ष्यों के विपरीत है। उन्होंने कहा, "इससे संघीय घाटा बढ़ता है और डीओजीई का काम कमजोर होता है।

# काजोल अपनी बेटी को बचाने के लिए राक्षस से करेंगी लड़ाई

अभिनेत्री काजोल की अगली फिल्म 'माँ' का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है, जिसमें वह अपनी बेटी को राक्षसों से बचाती नज़र आ रही हैं। काजोल फिल्म 'मां' से हॉरर फिल्मों में डेब्यू कर रही हैं। ट्रेलर काफी दमदार है। इसकी शुरुआत काजोल से होती है, जबकि उनकी बेटी कार चला रही होती है। बाद में, मां और बेटी एक अनजान जगह पर पहुंचती हैं, जहां उन्हें एक असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। जहां 'शैतान' में हमने अजय को अपनी ऑन-स्क्रीन बेटी को आर माधवन से बचाते हुए देखा था, वहीं यहाँ काजोल अपनी बेटी को एक पेड़ पर रहने वाले एक अनजान राक्षस से बचाती नज़र आ रही हैं।



**कहानी फिल्म जगत की**

**मां का ट्रेलर :** फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत काजोल से होती है, जो अपनी बेटी को पीछे की सीट पर चुपचाप बैठाकर कार चला रही होती हैं। जैसे ही दोनों एक अनजान जगह पर पहुँचती हैं, वे जल्द ही खुद को एक अजीबोगरीब स्थिति में पाती हैं। वे एक ऐसे गाँव में पहुँचती हैं जहाँ पिछले चार महीनों से लड़कियाँ गायब हो रही हैं। इस दौरान काजोल अपनी बेटी को एक पेड़ पर रहने वाले राक्षस से बचाती नजर आती हैं, जिसका नाम है दोइतो। फिल्म में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता, जितिन गुलाटी, गोपाल सिंह और सूर्य शिखा दास भी हैं। काजोल की यह फिल्म एक हॉरर, सुपरनैचुरल ड्रामा है। फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है। फिल्म का निर्माण देवगन फिल्म्स ने किया है। फिल्म मां 27 जून 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हिंदी के अलावा यह फिल्म तमिल, तेलुगु और बंगाली भाषाओं में भी रिलीज होगी। फिल्म मां को 'शैतान' से जोड़ा जा रहा है। फिल्म 'शैतान' में आर माधवन ने निगेटिव रोल निभाया था। इस फिल्म में आर माधवन भी निगेटिव रोल में हैं। हालांकि, अभी इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म के निर्माता अजय देवगन ने भी कहा है कि इस फिल्म को 'शैतान' से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

